रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹73300 10 ग्राम
₹97000 01 किलो
सेंसेक्स 81,526.14 +16.09
डॉलर 84.806 -0.080

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 307, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की...

एक नजर

झारखंड में बढ़ रही ठंड तापमान और गिरेगा

रांची। झारखंड में बारिश के बाद लगातार ठंड बढ़ रही है। साथ ही, ठंडी हवाओं के साथ तापमान लगातार गिर रहा है। इसमें अभी और गिरावट की संभावना है। अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। राज्य में कम से कम 4 डिग्री तक तापमान में गिरावट आएगी। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी। उन्होंने बताया कि सुबह में कोहरा रहेगा, लेकिन बाद में मौसम साफ हो जायेगा। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान बुधवार को 9.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

क्रशर व्यवसायी से मांगी गई 20 लाख की रंगदारी

रांची। रांची के बरियातू के हरिहर सिंह रोड स्थित अंजली अपार्टमेंट में रहने वाले शैलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ अनूप सिंह से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी के जरिये 20 लाख की रंगदारी की मांग की गई है। रुपये नहीं देने पर जान मारने की धमकी दी गई है। प्राथमिकी में शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि सिकिदरी के कुचू स्थित क्रशर का भी संचालन करता हूं। मेरे मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया और 20 लाख की रंगदारी मांगी गई। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

प्रधानमंत्री से कपूर फैमिली ने की मुलाकात

नई दिल्ली। अभिनेता और फिल्म निर्माता राज कपूर की 100वीं जयंती (14 दिसंबर) से पहले कपूर परिवार ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की और उन्हें राज कपूर फिल्म फेस्टिवल में आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान अभिनेता रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, करिश्मा कपूर, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, भरत साहनी, रीमा जैन, मनोज जैन, आदर जैन, अरमान जैन और उनकी पत्नी अनीसा मल्होत्रा मौजूद थे। राज कपूर की बेटी रीमा जैन ने कहा कि पापा के 100वें जन्मदिन के लिए प्रधानमंत्री ने आमंत्रित करने पर उन्हें जो सम्मान दिया, वह खास है।

जरूरी सूचना

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

षष्ठम विधानसभा के पहले सत्र में राज्यपाल ने सदस्यों को किया संबोधित, कहा

सरकार हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध

नवीन मेल डेस्क

रांची। झारखंड विधानसभा के सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए सबसे पहले सत्र में मौजूद सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विधानसभा चुनाव जीतकर आए नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा, आप में से कई सदस्य पूर्व में भी विधानसभा के सदस्य रहे हैं, जबकि कई सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे हैं। इस विधानसभा में अनुभवी और नए सदस्यों का समागम हुआ है। सबको मिलकर जनादेश का सम्मान करते हुए जनभावनाएं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है। उन्होंने कहा कि जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से कार्य करना है। विधानसभा की आदर्श परंपराओं और कीर्ति को आप सबको मिलकर आगे बढ़ाना है।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य के परस्पर सहयोग से ही राज्य की जनता का चहुंमुखी विकास संभव है, इस अवधारणा के हम पक्षधर हैं। हमारी सरकार संघीय ढांचे की स्वस्थ परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करेगी तथा भारत की गरिमामयी विरासत का सम्मान करते हुए कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना के अनुरूप जनहित के व्यापक कार्य करेगी। आप सभी के माध्यम से राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गरिमामय और गौरवपूर्ण चर्चा का साक्षी बनेगा। यह सदन अपने विधायी कार्यों से झारखंड को प्रगति के शिखर तक ले जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि, जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति के प्रतीक होते हैं। षष्ठम विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में एक मजबूत और स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है। यह सरकार झारखंड की मूल चेतना के साथ समावेशी विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ेगी। हमारी सरकार बिना किसी द्वेष के वंचितों को विशेष महत्व देने के मानवीय सोच के साथ सबको उचित अधिकार, सबको सुरक्षा और हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ समाज के वंचितों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों एवं गरीबों की खुशहाली के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के त्याग और बलिदान को हृदय में आत्मसात करते हुए द्वेष, घृणा, अहंकार, प्रतिशोध से दूर रहने का प्रण लेकर कार्य करेगी। झारखंडी अस्मिता को केंद्र में रखकर सजग, सुलम, स्वच्छ, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से राज्य को प्रगति के उच्च शिखर पर ले जाने के लिए संकल्पित है।

बोले राज्यपाल

- नई विधानसभा में अनुभवी और नए सदस्यों का है समागम
- हमें आदर्श परंपराओं और कीर्ति को मिलकर बढ़ाना है आगे

11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

रांची। झारखंड विधानसभा के सत्र के तीसरे दिन बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11,697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए 6,390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ऊर्जा विभाग के लिए 2,577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है। अनुपूरक बजट पेश होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

- केंद्र सरकार एवं उनकी कंपनियों के पास पड़ा राज्य का बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये वापस लाने के लिए राज्य सरकार कानूनी रास्ता भी अपनाएगी।
- हो, मुंडारी, कुडुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करेंगे।
- सरकार आदिवासी-मूलवासी को स्थानीय नीति बनाकर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है।
- पांचवीं विधानसभा ने सर्वसम्मति से पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, आदिवासी को 28 प्रतिशत और दलित को 12 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक एवं सरना-आदिवासी धर्म कोड को पारित कर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है, जो अभी गृह मंत्रालय में लंबित है। इस कार्यकाल में केंद्र सरकार से इन विषयों को स्वीकृत कराने का हर संभव प्रयास करेंगे।
- वर्षों से खासमहल एवं जमाबंदी की जमीनों पर रह रहे परिवारों को मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ-साथ गैरमजरुवा जमीन पर बसे रैयतों की भूमि जिसकी रजिस्ट्री और रसीद काटने पर 2017 में रोक लगा दी गई थी, उसे प्रारंभ किया जाएगा।
- राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा।
- सहारा इंडिया से पीड़ित राज्य के निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और संसद से लेकर सड़क तक हर मोर्चे पर पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी, जब तक राज्य के सभी निवेशकों का भुगतान न हो जाए।
- राज्य के जिन सहारा पीड़ितों ने अपने प्राण गंवाए, याद दु:ख-अवसाद में आत्महत्या करने को मजबूर हुए, उनके परिजनों को सरकारी स्तर पर आर्थिक सहयोग दिया जाएगा।

अभिभाषण की महत्वपूर्ण बातें

- किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- मनरेगा के तहत झारखंड के मजदूरों को भारत सरकार बहुत कम मजदूरी देती है। इस भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने के साथ-साथ राज्य सरकार अपनी निधि से राज्य के मनरेगा मजदूरों को सहयोग करेगी, जिससे उन्हें न्यूनतम 350 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल सके।
- राज्य में अवस्थित विभिन्न नदियों एवं डैम के पानी का सदुपयोग करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई लिफ्ट इरिगेशन योजना को आगे बढ़ाते हुए 10,000 करोड़ रुपये की योजनाएं प्रारंभ की जाएंगी।
- राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना करेंगे। सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में खेल शिक्षक एवं संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही, 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारंभ किए जाएंगे।
- राज्य में प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं प्रत्येक अनुमंडल में पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- राज्य में 10वीं कक्षा में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुए 15 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।
- सभी प्रखंडों और जिलों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी सह शिक्षा सहयोग केंद्रों की स्थापना की जाएगी।
- केजी क्लास से पीएचडी तक नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- राज्य में 60,000 पदों पर शिक्षकों, 15,000 पदों पर प्रधानाध्यापकों, विभिन्न कार्यालयों में 2,500 पदों पर लिपिकों और विभिन्न थानों में 10,000 पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी।
- क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 10,000 पदों पर भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।
- राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया जाएगा।
- राज्य में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का गठन किया जाएगा।
- राज्य सरकार की सभी नियुक्तियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे।
- राज्य की सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि के रूप में 2,500 रुपये हर महीने दिए जाएंगे।
- आंगनबाड़ी सेविका, आंगनबाड़ी सहायिका, रसोइया, पोषण सखी, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया आदि के मानदेय में हमारी सरकार ने सम्मानजनक वृद्धि की है। इस कार्यकाल में इनके मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वार्षिक वृद्धि की जाएगी।
- स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी राखी मंडल की महिलाओं को 15,000 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।
- सक्रिय महिला, समन्वयक कार्यक्रम पदाधिकारी, जेएसएलपीएस से जुड़े सभी कर्मियों के मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वृद्धि की जाएगी।
- प्रत्येक ग्राम संगठन की 0 प्रतिशत ब्याज दर पर 15-15 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराया जाएगा।
- राज्य के सभी जरूरतमंद परिवारों को 15 लाख रुपये के अनुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ा जाएगा।
- राज्य के सभी गरीब व्यक्ति को प्रति महीने 7 किलोग्राम चावल और 2 किलोग्राम दाल उपलब्ध कराया जाएगा।
- अबुआ आवास योजना के तहत 25 लाख से अधिक गरीब परिवारों को सुविधायुक्त तीन कमरों का सुंदर आवास चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा।
- आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों के मध्याह्न भोजन में सभी बच्चों को प्रति दिन अंडा या फल दिया जाएगा।
- रांची सहित राज्य के अन्य शहरों में वर्षों पूर्व बनाए गए घरों के नक्शों का नियमितीकरण किया जाएगा।
- वन विभाग के अंतर्गत इको टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का निर्माण करते हुए राज्य के वन क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए आवश्यक अवसंरचनाओं का निर्माण एवं संचालन किया जाएगा।
- राज्य कर्मियों की पुरानी पेंशन को सुरक्षित रखते हुए उनके एनपीएस खाते में जमा राशि को केंद्र सरकार से वापस लाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।
- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों की सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति की जाएगी।
- राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में बहुद्देशीय स्टेडियम सह खेल प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के साथ-साथ प्रत्येक प्रमंडल में 1-1 स्पोर्ट्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जाएगा।
- राज्य में फुटबॉल, हॉकी एवं तीरंदाजी जैसे खेलों में उपलब्ध प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के क्षमता विकास के लिए तीन बहुद्देशीय प्रशिक्षण संस्थानों का निर्माण किया जाएगा।
- राज्य में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी।

हो जाए एक सेल्फी

रांची में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में शामिल होने आए पार्टी के नेताओं के साथ विधायक कल्पना सोरेन।

जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र करे सरकार : हाईकोर्ट

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार अति शीघ्र झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति करे। कोर्ट ने यह बात बुधवार को जेपीएससी 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार एवं रिजल्ट जल्द प्रकाशन करने को लेकर दाखिल पवन कुमार वर्मा की रिट याचिका की सुनवाई के दौरान कही। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने झारखंड सरकार को जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को भरने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी में अध्यक्ष का पद पिछले तीन माह से रिक्त रहने से कई नियुक्ति प्रक्रिया बाधित हो रही है। झारखंड वेलफेयर स्टेट है। यहां विधानसभा चुनाव होने के बाद एक पॉपुलर सरकार भी बन चुकी है।

शेष पेज 11 पर

झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में कहा, झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। हमने लड़कर जीत हासिल की है और कभी हार नहीं मानी है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, गत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के साथ करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद से झारखंड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार।

उन्होंने कहा, आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पंहुचाकर मजबूत करने का काम करना है। वंचित और शोषित सहित समाज के सभी वर्गों को हक-अधिकार देने का काम करना है।

बोले सीएम

- हमने हमेशा जनता के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है
- हमने लड़कर जीत हासिल की और कभी हार नहीं मानी

इंडिया

नारी सुरक्षा कानूनों को हथियार बनाकर दुरुपयोग पर सवाल

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सुप्रीम कोर्ट ने विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पतियों और ससुराल वालों को स्वार्थ के लिए परेशान करने के लिए क्रूरता कानून के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तेलंगाना हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज करते हुए की, जिसमें एक महिला द्वारा अपने पति, उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को उनके ससुराल वालों की क्रूरता से बचाने वाले कानूनों के 'दुरुपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति' को चिह्नित किया और कहा कि अदालतों को निर्दोष लोगों के अनावश्यक उत्पीड़न को रोकने के लिए दहेज उत्पीड़न के मामलों का फैसला करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।बेंगलुरु में आत्महत्या से पहले अतुल सुभाष ने 80 मिनट का एक वीडियो रिकॉर्ड किया था जिसमें उन्होंने अपनी अलग रह रही पत्नी निकिता सिंघानिया और उनके परिवार पर पैसे ऐंठने के लिए उन पर और उनके परिवार पर कई मामले दर्ज करने का आरोप लगाया था। इसके अलावा अतुल ने अपने 24 पेज के सुसाइड नोट में न्याय व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और न्याय न मिलने पर अस्थियां गटर में प्रवाहित करने को कहा । दारा लक्ष्मी नारायण और अन्य बनाम तेलंगाना राज्य और अन्य की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए, जो विवाहित महिलाओं के खिलाफ पतियों और उनके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता को दंडित करती है का दुरुपयोग किया जा रहा है। मामले की सुनवाई करते हुए, जस्टिस बीवी नागरत्ना और एन कोटिस्वर सिंह की शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि कभी-कभी प्रावधान, जिसका उद्देश्य मूल रूप से महिलाओं को घरेलू हिंसा और उत्पीड़न से बचाना था, का कुछ महिलाओं द्वारा अपने पति और उसके परिवार को अनुपालन करने के लिए मजबूर करने के लिए शोषण किया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने पत्नी द्वारा अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दायर क्रूरता और दहेज के मामलों को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। पति द्वारा तलाक मांगे जाने के बाद पत्नी ने मामला दर्ज कराया था। सुप्रीम कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पत्नी ने व्यक्तिगत शिकायतों को निपटाने के लिए मामले दायर किए थे और वह कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग कर रही थी, जिसका उद्देश्य उसकी रक्षा करना था। भारत में मध्यकाल में महिलाओं की स्थिति बहुत खराब हो गई थी इसलिए समाज में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और संरक्षण के लिए 2005 के घरेलू हिंसा अधिनियम जैसे कई नए कानून बने ताकि उन्हें उनके पति और ससुराल वालों द्वारा उत्पीड़न और यातना से बचाया जा सके। भरण-पोषण अधिनियम ने महिलाओं को तलाक लेने के बाद एक सभ्य जीवन जीने में मदद की। बलात्कार पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय दंड संहिता में धारा 375 को जोड़ा गया। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए और भी कई कानून हैं।ये कानून महिलाओं को विभिन्न प्रकार के भेदभाव, यौन उत्पीड़न और अन्याय से बचाने के उद्देश्य से बनाए गए थे। पर समय बीतने के साथ-साथ ऐसे कई मामले सामने आए जहां इन कानूनों का दुरुपयोग किया गया था। कुछ महिलाएं अपने फ़ायदे के लिए इन कानूनों का दुरुपयोग करती हैं।भारत में बनाए गए कानून लिंग-विशिष्ट हैं, जिसका अर्थ है कि कुछ कानून महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करते हैं लेकिन कोई भी कानून पुरुषों के अधिकारों की रक्षा नहीं करता है। महिलाएं पुरुषों के खिलाफ अपनी सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग करती हैं, जिसके कारण कभी-कभी एक निर्दोष पुरुष भी दोषी माना जाता है।लेकिन अब ऐसा नहीं है, हिंसा अब सिर्फ़ महिलाओं तक ही सीमित नहीं है। पुरुषों पर भी शारीरिक, भावनात्मक और यौन हमला होता है। वे इस अपमानजनक व्यवहार की रिपोर्ट नहीं करते क्योंकि भारत में कानून महिलाओं के पक्ष में है।महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए सख्त कानून का अब दुरुपयोग होने लगा है। स्थिति यह है कि तीन साल में डेढ़ गुना मामले पंजीबद्ध हुए हैं। इनमें कुछ प्रारंभिक जांच में ही खारिज हो गए तो कई ट्रायल में खत्म। फर्जी मामलों में आरोपी को पहले तो पुलिस की प्रताड़ना उसके बाद जमानत होने तक कम कम तीन माह जेल में ही रहना पड़ता है। इनके बाद कानूनी रूप से बरी होने पर सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। कानून में प्रावधान है कि यदि कोई कानून का दुरुपयोग करते हुए झूठा केस करता है और न्यायालय में झूठा सिद्ध हो जाता है तो प्रभावित व्यक्ति इसके लिए दावा पेश कर सकता है। अब तक किसी भी मामले में बरी हुए किसी भी आरोपी ने दावा पेश नहीं किया। महिला को भगा ले जाने पर या फिर राजी-मर्जी होते हुए भी ब्लैकमेलिंग के लिए मामला दर्ज करा दिया जाता है।महानगरों में धनाढ्य परिवारों में प्रेम विवाह के बाद क्रूरता का मामला दर्ज कराने के कई मामले हैं जिनके प्रचार के बाद सचमुच की पीड़िता और पीड़ित होगी ।

विपक्ष पर बरसे निशिकांत दुबे, कहा

ये लोग बच्चे हैं, मुझसे डरते हैं

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने बुधवार को विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने विपक्ष पर सदन में हंगामा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोग बच्चे हैं। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा, विपक्ष के लोग मुझसे डरे हुए हैं। इन लोगों के अंदर बिल्कुल भी हिम्मत नहीं है कि मेरी आवाज सुनें, इसलिए मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है, जिससे साफ जाहिर होता है कि यह लोग मेरी आवाज दबाने की कोशिश कर रहे हैं। इन लोगों का डर अब साफ जाहिर हो रहा है।

उन्होंने आगे कहा, मेरे अधिकार हैं कि मैं सदन में अपनी बात रखूं। लेकिन, गौर करने वाली बात है कि जैसे ही मेरा नाम आता है, तो यह लोग हंगामा करना शुरू कर देते हैं, ताकि मैं बोल ना सकूं। उन्होंने कहा, यह चौथा दिन है, जब मुझे शून्यकाल में बोलने से रोक दिया गया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की राजनीतिक समझ पर सवाल उठाते हुए कहा, ये लोग बच्चे हैं। इन लोगों के पास बोलने के लिए कुछ नहीं हैं। क्या आपने कभी नेता प्रतिपक्ष को वीडियो बनाते हुए देखा है। इससे पहले निशिकांत दुबे ने विपक्षी दलों को निशाने पर लेते हुए कहा था, उनका एकमात्र उद्देश्य सरकार को अस्थिर करना है और इसके लिए वे विदेशी रिपोर्ट्स का सहारा ले रहे हैं। ओसीसीआरपी और जॉर्ज सोरोस की फाउंडेशन का नाम लेते हुए उन्होंने कहा था,

शेष पेज 11 पर

जेएसएससी सीजीएल के मुद्दे पर सदन गरम

मांडू विधायक निर्मल महतो सदन के बाहर धरने पर बैठे

हजारीबाग में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की हो जांच : निर्मल महतो

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन सदन के बाहर जेएसएससी सीजीएल का मुद्दा गरमाया। सदन के बाहर आजसू के मांडू विधायक निर्मल महतो धरने पर बैठे थे। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच करने की मांग की। साथ ही हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की भी जांच कराने की मांग उठायी। उन्होंने कहा कि सरकार नौकरी दे, ना की लाठी दे। मांडू विधायक ने पिछली बार का 25 लाख और इस बार के घोषणा के अनुसार, 12 लाख को मिलाकर कुल 37 लाख नौकरी सरकार से देने की मांग की। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल के जारी रिजल्ट को रद्द करने और छात्रों पर लाठी चार्ज करने वाले अफसरों पर कर्रवाई की मांग की।

छात्रों पर हुए लाठीचार्ज सरकार की विफलता : प्रदीप प्रसाद

भाजपा के हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को सरकार की विफलता बताया।

छात्रों के साथ गलत हुआ है : विधायक नीरा यादव

कोडरमा विधायक नीरा यादव ने कहा कि छात्र शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना हर लोगों का अधिकार है, छात्रों के साथ गलत हुआ है।

सीजीएल मामले को सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया : जयराम

विधायक जयराम महतो ने कहा कि छात्र आक्रोशित है, वह धरने पर बैठेंगे ही। उन्होंने कहा कि सदन में सीजीएल का मुद्दा उठाते हुए सरकार को पहले ही एक प्रतिनिधिमंडल को छात्रों के पास भेजने का अनुरोध किया था। लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

सरकार मामले की जांच करेगी : जयमंगल सिंह

कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह ने कहा कि विपक्ष क्या कहती है, इससे फर्क नहीं पड़ता। जनता क्या कहती है, उससे फर्क पड़ता है। अगर जनता कह रही है तो आने वाले समय में मुख्यमंत्री ठोस कदम उठायेंगे। आने वाले समय में हमें यह भी देखना है कि बिना किसी आधार के कार्रवाई ना करें। पिछली बार भी देखा गया कि जेपीएससी के अध्यक्ष पर कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ और उन्होंने खुद से पद से इस्तीफा दे दिया। अधिकारियों की मॉरल को डाउन नहीं करें। क्योंकि अधिकारियों से ही हमें काम लेना है। आने वाले समय में सरकार जांच करेगी। रह गयी सीबीआई जांच की तो हमारी राजकीय एजेंसी इतनी सक्षम है कि दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

चीजों को बाधित करना विपक्ष की पुरानी आदत : प्रदीप यादव

सत्ता पक्ष की ओर से प्रदीप यादव ने कहा कि तथ्य सामने आयेंगे तो सरकार जांच से पीछे नहीं हटती है। खामखा चीजों को बाधित करना और कोर्ट में घसीटना विपक्ष की पुरानी आदत हो गयी है। बहाली में किस तरह से बाधा पहुंचाये या सरकार को कहें कि यह बहाली नाकाम रही, यही विपक्ष का काम रह गया है।

नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुटा राजद

रांची। विस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद राजद पूरे जोश में है। राजद झारखंड में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए विस्तृत सदस्यता अभियान शुरू करने जा रहा है, वहीं आने वाले दिनों में होने वाले संभावित नगर निकाय चुनाव में राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं की जीत सुनिश्चित करने के लिए भी पार्टी ने काम करना शुरू कर दिया है। झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय रांची में प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर सभी जिला अध्यक्षों और प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक हुई। इस बैठक में हेमंत सरकार में राजद कोटे से विधायक बने संजय प्रसाद यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, उपाध्यक्ष अनीता यादव भी शामिल हुए।

गोलक बिहारी महतो के निधन पर शोक व्यक्त किया

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के कांके के आवास जाकर उनके पिता गोलक बिहारी महतो के निधन पर दुख व शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने दिवगंत आत्मा की चिरशांति के लिए प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

जिप अध्यक्षों का प्रतिनिधिमंडल मंत्री से मिला

पंचायती राज व्यवस्था को सख्त बनाने की मांग

रांची। झारखंड जिला परिषद के अध्यक्ष का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मिली। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री से जिला परिषद एवं झारखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार एवं पंचायती राज व्यवस्था को सख्त बनाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में शांति देवी, सरला सिंह, निर्मला भगत, शांति देवी, पूनम देवी सहित अन्य उपस्थित थी।

धान खरीद मामले में किसानों को ठगा जा रहा है : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किसानों से राज्य सरकार द्वारा वादा के अनुरूप धान की खरीदी नहीं किए जाने पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन फिर से अपने पुराने चाल चरित्र का ही अनुसरण कर रही है। श्री मरांडी ने कहा कि वोट लेने के लिए इंडी गठबंधन ने बहुत गारंटियों की बात की थी, लेकिन लगता है ये सिर्फ चुनावी बातें ही रह जाएगी। मरांडी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। श्री मरांडी ने सीएम हेमंत से अनुरोध किया कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करें।

विभागीय अधिकारियों के साथ मंत्री ने की समीक्षा बैठक, कहा

चावल का वितरण 5 से बढ़ाकर 7 किलो किया जाए : डॉ इरफान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद इन दिनों राज्य सरकार के मंत्रीगण अपने-अपने विभाग की समीक्षा करने में जुटे हैं। इसी क्रम में बुधवार को झारखंड सचिवालय में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मैराथन बैठक की। जिसमें विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी और राज्य के विभिन्न विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह विभाग गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों से सीधा जुड़ा है। इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य के लगभग 5।5 लाख उपभोक्ताओं को राशन कार्ड से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि कोई भी परिवार अनाज के अभाव में भूखा न रहे। इसके अलावे सोहराय पर्व के अवसर पर बेहतर गुणवत्ता की

धोती, लूंगी और साड़ी का वितरण करें। मंत्री इरफान अंसारी ने इस योजना में पूर्व में हुई गड़बड़ियों की शिकायतों पर सख्ती से जांच कराने और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया।

बैठक में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत चावल का वितरण 5 किलो से बढ़ाकर 7 किलो करने का निर्देश दिया गया। साथ ही राज्य में उत्पादित धान को झारखंड के बाहर नहीं भेजने का भी निर्देश दिया गया। विभागीय मंत्री ने कहा कि झारखंड के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में भी चावल को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि कोई भी परिवार वंचित न रह सके।

डीजीपी ने किया एमओयू पर साइन

पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को व्यक्तिगत दुर्घटना पर मिलेगा एक करोड़ का बीमा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पुलिस मुख्यालय में बुधवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता की उपस्थिति में झारखंड पुलिस और बैंक ऑफ इंडिया के बीच रक्षक सैलरी पैकेज के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। झारखंड पुलिस की तरफ से अनुराग गुप्ता और बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से रांची फील्ड महाप्रबंधक मनोज कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस विशेष सैलरी पैकेज के तहत पुलिसकर्मियों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

गौरतलब है कि झारखंड राज्य का अग्रणी, बैंक ऑफ इंडिया सम्पूर्ण झारखंड में स्थित 550 से भी अधिक शाखाओं के माध्यम से पुलिस सेवा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना और मृत्यु बीमा एक करोड़, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख, स्थायी आंशिक विकलांगता पर 25 लाख, वायुयान दुर्घटना पर 2 करोड़, सामान्य मृत्यु पर 10 लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो आश्रित बच्चों की उच्चतर शिक्षा के लिए बीमा राशि 10 लाख की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त न्यूनतम ब्याज दर पर पर्सनल ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

वित्तीय सुरक्षा व सुविधाएं प्रदान करेगा

ये सभी विशेष बीमा सुविधाएं, बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा रक्षक सैलरी पैकेज के तहत खाता धारक को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। यह एमओयू झारखंड पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें वित्तीय सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगा।

नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी युवक को 10 साल की सजा

रांची। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग को बहला-फुसलाकर जबरन यौन बनाने वाले बालिग दोस्त ने द्वारा पांच साल बाद फोटो वायरल करने की धमकी देकर दोबारा दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार युवक आशुतोष कुमार सिंह उर्फ आशुतोष सिंह को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 6 महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में 7 दिसंबर को दोषी पाया था। अभियुक्त सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के रवि स्टील, आनंद नगर रोड नंबर-3 निवासी है। पहली बार उसने नवंबर 2017 में कांके थाना क्षेत्र में रहनेवाली नाबालिग के साथ उसके घर में घुसकर जबरन यौन संबंध बनाया था। साथ ही फोटो बना ली थी। अभियुक्त फोटो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता के साथ चार साल बाद दोबारा शारीरिक संबंध स्थापित करने में सफल रहा। धमकी दी कि इसका खुलासा नहीं होना चाहिए, नहीं तो फोटो वायरल कर देंगे। इतना ही नहीं अभियुक्त ने फोटो वायरल करने को लेकर पीड़िता के पिता को धमकाया और पैसे की भी मांग की।

चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता की सजा बरकरार

रांची। न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता सुखदेव नगर के न्यू किशोरगंज, आनंद नगर निवासी प्रदीप कुमार प्रजापति की पत्नी सोनी देवी की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने अपीलकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए उसकी सजा की पुष्टि कर दी है। सोनी देवी को न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की अदालत ने शिकायतवाद संख्या 1702/23 मामले में दोषी पाकर बीते 21 जुलाई को एक साल की सजा और 12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया था। जेएम कोर्ट से सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। इस पर सुनवाई के पश्चात अदालत ने सजा को बरकरार रखा और अपील को खारिज कर दी।

अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मथारु व सॉलोमन मिले सीएस से

अल्पसंख्यक कॉलेजों में वीसी पोर्टल से नामांकन में हो रही परेशानी

क्रिसमस में सुरक्षा की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेश सॉलोमन और उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने आयोग की ओर से झारखण्ड के मुख्य सचिव अलका तिवारी से मिलकर अल्पसंख्यक कॉलेजों में होने वाले एडमिशन/दाखिला के संबंध में वीसी-पोर्टल के माध्यम से किए जा रहे दाखिला में अल्पसंख्यक संस्थानों को आ रही परेशानियों पर चर्चा की। मुख्य सचिव द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस संबंध में जाँच कर उचित कारवाई की जाएगी। वार्ता के क्रम में उपाध्यक्ष,

प्राणेश सॉलोमन द्वारा क्रिसमस पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध किया गया। उन्होने जानकारी दी कि क्रिसमस पर्व के अवसर पर असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक आयोजन पर अव्यवस्था उत्पन्न की जाने की कोशिश की जा सकती है। विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी जिलों के उपायुक्त, वरीय आरक्षी अधीक्षक, नगर आरक्षी अधीक्षक, ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश देने का सुझाव दिया गया। मुख्य सचिव द्वारा इस संबंध में आवश्यक कारवाई का भी आश्वासन दिया गया।

डीसी ने नामकुम प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, कहा

बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं तो अनुपस्थित माने जाएंगे कर्मी

सीडीपीओ सबिता कुमारी वर्मा पाई गई अनुपस्थित

लंबित दाखिल-खारिज के मामलों का समय-सीमा के अंदर निष्पादन करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री लगातार प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में वे लगभग शाम चार बजे नामकुम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। अनाधिकृत रुप से अनुपस्थिति पर उपायुक्त ने बीडीओ विजय कुमार एवं सीओ कमल किशोर सिंह को कार्रवाई करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता कुमारी वर्मा अनुपस्थित पायी गयीं, जिस पर उपायुक्त ने उनकी अनुपस्थिति अधिकृत है या नहीं इसे सत्यापित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की। उन्होंने लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। उपायुक्त द्वारा लंबित दाखिल-खारिज के मामलों का कागजों की जांच कर समय-सीमा के अंदर सही तरीके से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। आमलोंगों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने बीडीओ/सीओ एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा।

अबुआ आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना के आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन करें : उपायुक्त ने मनरेगा, 15वें वित्त आयोग सहित अबुआ आवास योजना एवं मंईयां सम्मान योजना की जानकारी ली गयी। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना और मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों को यथाशीघ्र लाभ सुनिश्चित करायें। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए पंचायत फर्स्ट प्वाइंट ऑफ कॉन्टैक्ट होता है, मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग के तहत योजनाओं से पंचायत के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य करें।

बकाया होल्डिंग टैक्स अविलंब जमा करें : सहायक प्रशासक

राजस्व संग्रहण के लिए रांची नगर निगम ने चलाया अभियान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

▸ व्हाट्सएप और चैट बोट नम्बर 814-123-1235 या टॉल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

राजस्व संग्रहण के कार्यों में गति देने के उद्देश्य से रांची नगर निगम व्यापक अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में सहायक प्रशासक चन्द्रदीप कुमार के नेतृत्व में निगम के राजस्व शाखा के पदाधिकारियों, कर संग्रहण के कार्य कर रही एजेंसी के प्रतिनिधि तथा पीएमयू की एक संयुक्त टीम के साथ निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न भवनों / प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स व ट्रेड लाइसेंस की जांच की । इस दौरान कांके स्थित कैंब्रियन स्कूल, न्यूक्लियस मॉल, अन्तु चौक स्थित जानकी भवन, यशोदा टावर स्थित कोटक महिंद्र बैंक, परिवार कलेक्शन इत्यादि प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया गया।

इसके अलावा टीम के द्वारा विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस की जांच की गई। मौके पर सहायक प्रशासक ने कहा कि जिन भवनों में होल्डिंग टैक्स काफी समय से बकाया है या व्यवसाय करने के उपरांत भी कमर्शियल होल्डिंग नहीं कराया गया है। उन्हें जल्द से जल्द कमर्शियल होल्डिंग कराते हुए कर का भुगतान करना अनिवार्य है। साथ ही जिन प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस की वैधता समाप्त हो गई है, उन्हें भी जल्द रिन्यूअल करा ले। उन्होंने निगम क्षेत्रांतर्गत सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि स्मार्ट रांची एप, गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लें। या व्हाटसएप और चैट बोट नम्बर 814-123-1235 या औल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मौके पर नगर प्रबंधक, कर संग्रहकर्ता, मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

निगम की टीम के द्वारा कांके रोड स्थित न्यूक्लियस मॉल 2 में नोटिस निर्गत किया गया एवं जल्द से जल्द बकाया कर का भुगतान करने हेतु निर्देश दिया गया। अन्तु चौक स्थित जानकी भवन, जिनके द्वारा कई वर्षों से होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया जा रहा था, उन्हें निगम की टीम के द्वारा पूरे भवन का मापी किया गया एवं डिमांड भी निर्गत कराया गया। इसके साथ ही भवन मालिक को जल्द से जल्द कर का भुगतान करने हेतु निर्देश दिया गया। निगम की टीम द्वारा यशोदा टावर अवस्थित कोटक महिंद्र बैंक में जांच अभियान के दौरान ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया, जिसके पश्चात् उन्हें 15 दिनों के अंदर लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

न्यूज बॉक्स

सृजन कुमार और दिव्यांग पैरा खिलाड़ी शिबू कुमार ने किया रक्त दान

रांची। सेवा सदन रांची में डुमरी विधायक जयराम महतो के निजी सहायक के करीबी रिश्तेदार को खून की आवश्यकता थी। खून न मिलने के कारण मरीज का ऑपरेशन रुका हुआ था। सोशल मीडिया के माध्यम से दिव्यांग पैरा खिलाड़ी शिबू कुमार व समाजसेवी सृजन कुमार को इसकी सूचना मिला। इन दोनों ने तत्परता दिखाते हुए रक्त दान किया।

एक्शन मोड में रांची जिला प्रशासन, पांच थाना क्षेत्रों से अवैध बालू लदे 15 वाहन जब्त

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक दिसंबर को सभी जिलों के डीसी को अवैध बालू उठाव पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था। सीएम के आदेश के बाद रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री एक्शन मोड में है। अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये हैं। डीसी के दिशा-निर्देश पर अवैध बालू उठाव रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार की रात रांची जिला खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर ने कई थाना क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मेसरा थाना, दलादली टीओपी, तुपुदाना, बेड़ो और लापुंग थाना क्षेत्रों से कुल 15 गाड़ियां पकड़ी गयी। इसमें 12 गाड़ियों में अवैध बालू और तीन गाड़ियों में स्टोन चिप्स लोड था। वहीं 45 अभियुक्तों पर एफआईआर की कार्रवाई की जा रही है। वाहन मालिकों, ड्राइवरों और इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

विशेष मध्यस्थता अभियान में सुलझे 12 मामले

रांची। सिविल कोर्ट के मध्यस्थता केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के तीसरे दिन बुधवार को 12 मामलों को सुलझाया गया। अभियान में अब तक 42 मामलों को मध्यस्थों ने सुलझाया है। विशेष अभियान का समापन 13 दिसंबर को होगा। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने बताया कि मध्यस्थों की सुझबूझ से मामलों को सुलझाया जा रहा है। विशेष अभियान में वादकारी अपने वादों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझा सकते हैं। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी।

सतह इंजीनियरिंग पर दो दिवसीय संगोष्ठी शुरू

रांची। बीआईटी मेसरा के भौतिकी विभाग में बुधवार को द्वितीय इंडो यूरोपीय सतह इंजीनियरिंग संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन भाषण सेंट्रल मैकेनिकल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएमईआरआई), दुगार्पुर के निदेशक डॉ नरेश चंद्र मुर्मू ने दिया। डॉ मुर्मू ने सतह इंजीनियरिंग की संरचनात्मक अनुप्रयोगों, सामग्री संरक्षण, ऊर्जा भंडारण और स्वास्थ्य देखभाल जैसे क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इससे पूर्व डॉ आरके सिन्हा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, बीआईटी मेसरा ने अतिथियों का स्वागत किया। कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना ने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इंडो-यूरोपीय सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ मनीष रॉय और पुर्तगाल की यूनिवर्सिटी ऑफ कोयम्ब्रा से प्रो अल्बानो कवलेइरो ने प्रेरक भाषण दिए। सत्र का समापन संगोष्ठी के संयोजक डॉ ऋषि शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। दो दिवसीय संगोष्ठी में व्याख्यान, तकनीकी सत्रों और संवादात्मक चचार्ओं के माध्यम से सतह इंजीनियरिंग में नवीनतम प्रगति को प्रस्तुत किया जाएगा।

एमएसएमई रोजगार के कई अवसर प्रदान करता है: क्षेत्रीय निदेशक

रांची। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), व्यावसायिक नवाचारों के जरिए उद्यमशीलता प्रयासों के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एमएसएमई उद्यमिता को बढ़ावा देता है और रोजगार के कई अवसर प्रदान करता है। ये बातें बुधवार को आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इस क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए उद्यमियों के प्रति संवेदनशील होने और एमएसएमई इकाईयों के जीवन चक्र को समझकर उन्हें समय पर पर्याप्त ऋण देने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस दिशा में बैंकों का सहयोग अपेक्षित है। वे आरबीआई की ओर से विभिन्न बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने बैंकों से पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में लोगों को जागरूक करने व लाभार्थियों को चिन्हित कर रियायती ब्याज दर पर ससमय ऋण सहायता प्रदान करने पर जोर देने का कहा। कार्यशाला में बैंक ऑफ इंडिया, एसबीआई, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के साथ कई बैंकों एवं लघु वित्त बैंकों के अधिकारी शामिल हुए।

सदर एसडीओ ने फुटपाथ पर सोने वालों को पहुंचाया शेल्टर हाउस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने बढ़ी ठंड को देखते हुए सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को सख़्त निर्देश दिया है कि फुटपाथ में सोने वाले बेघर और लाचार लोगों को ठंढ से बचाना है। इसके लिए उन्हें कंबल और जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए शेल्टर होम (आश्रय गृह) में रखें। वहीं प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव की समुचित व्यवस्था कराने को कहा है।आदेश के आलोक में सोमवार देर रात्रि अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार ने रांची के मुख्य चौराहों पर फुटपाथ में सोने वालें बेघर लोगों को रेस्क्यू कर शेल्टर हाउस पहुंचाया। जो नही जाना चाहे उन्हें कंबल और उनके लिए अलाव की व्यवस्था की गई। ताकि ठंड से उनका बचाव किया जा सकें। अनुमंडल पदाधिकारी ने अपर बाजार स्थित और खादगड़ा स्थित शेल्टर होम का औचक निरीक्षण किया।

रिम्स में तैनात होमगार्डों को चार महीने से नहीं मिला है मानदेय

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रिम्स प्रबंधन ने कहा कि मानदेय का भुगतान पुरानी दरों पर हुआ है

झारखंड के होमगार्ड जवानों को 1088 रुपए प्रति दिन की दर से मानदेय का भुगतान किया जाएगा। पहले भुगतान की राशि 550 रुपए थी, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य सरकार ने मानदेय में बढ़ोतरी का आदेश जारी किया था। होमगार्ड के 400 जवान रिम्स में तैनात हैं। इन्हें 10 अगस्त से मानदेय नहीं मिला है, पिछले चार महीने से होमगार्ड के जवान मानदेय से वंचित है। जानकारों का कहना है कि नई दरों पर भुगतान देने का निर्णय रिम्स की कमेटी से अप्रूव नहीं हुआ था, जिस कारण वेतन रूका था। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रिम्स प्रबंधन से बात की। उन्होंने कहा कि किसी भी माह का मानदेय भुगतान नहीं रूका है, पुरानी दरों पर मानदेय का भुगतान हो रहा है। अब रिम्स की कमेटी से अप्रूवल मिल गया है। 1088 रुपए प्रति दैनिक दर पर मानदेय का भुगतान जल्द किया जाएगा। यह 10 अगस्त से मान्य होगा।

आईईटीई की बैठक में कई फैसले, प्रतिमाह होंगे एक्सपर्ट टॉक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

द इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स (आईईटीई) के कार्यकारी परिषद की बैठक बुधवार को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में हुई। आईईटीई के प्रांत अध्यक्ष सह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डीके सिंह ने अध्यक्षता की। बैठक में प्रतिमाह एक्सपर्ट टॉक करने, अगस्त में राष्ट्रीय सम्मेलन और जनवरी में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कराने पर सहमति बनी। साथ ही सदस्यता बढ़ाने के साथ सभी विश्वविद्यालयों में 25-25 छात्रों की टीम बनाने पर सहमति बनी। श्रेणीय शासी निकाय के सदस्य डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आईईटीई से जुड़ने से छात्रों व शिक्षकों को लाभ है। प्रो डीके सिंह ने कहा कि आईईटीई के कार्य को सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रसारित करने की जरूरत है। मानद सचिव प्रो वीके सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को जेयूटी में शिक्षा पर एआई के प्रभाव पर विशेषज्ञ वार्त्ता, अगस्त 2025 में राष्ट्रीय सम्मेलन और फरवरी 2016 में सरला बिरला यूनिवर्सिटी, जेयूटी और झारखंड राय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन किया जाएगा।

सभी भाषाएं भारतीय संस्कृति को अभिव्यक्त करती हैं : कुलसचिव

रांची। केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड में राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास के नेतृत्व में बुधवार को भारतीय भाषा उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ उपेन्द्र सत्यार्थी के स्वागत वक्तव्य से किया गया। अध्यक्षता करते हुए कुलसचिव केके राव ने कहा कि यह उत्सव भाषा सौहार्द्ध को बढ़ावा देने का काम करेगा। संकायाध्यक्ष प्रो मनोज कुमार ने भारतीय भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी भाषाएं भारतीय संस्कृति को अभिव्यक्त करती हैं। प्रो सुचेता सेन चौधरी ने बंगला और असमिया में लोधा जनजाति की अपनी व्यथा को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया।

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर में मोक्षदा एकादशी पर हुआ महानुष्ठान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बुधवार को मार्गशीर्ष मास शुक्लपक्ष की मोक्षदा एकादशी पर पहाड़ी मंदिर के निकट स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में कई धार्मिक महानुष्ठान हुए। प्रातः देव शिरोभूषण भगवान श्रीमन्नारायण का ब्रह्ममुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार से महाभिषेक हुआ। इसके बाद हरिद्राचूर्ण और शुद्धोदक चंदन से अनुलेपन किया गया। इत्र और तेल का अभ्यंग करने के पश्चात भगवान्न श्रीदंपति के सभी विग्रहों को श्रृंगार निवेदन किया गया। इसे बाद कपूर से विभिन्न प्रकार से बारी बारी से महाआरती की गई। पुनः वैदिक एवं उपनिषद् आदि ऋचाएँ और स्तोत्रों से महस्तुति की गयी। इसके बाद घंटानाद करते हुए श्रीभगवान को फलाहारी व्यंजनों का बाल भोग नैवेद्य हुआ। आज के महाभिषेक के यजमान ओमप्रकाश केजरीवाल निवारणपुर रांची परिवार हुए।

हरिद्वार में संपन्न हुआ साहित्य महोत्सव, रांची के दर्जनों साहित्यकार हुए सम्मानित

राष्ट्रचेतना का अलख जगाने का काम कर रहा है साहित्योदय : भगत सिंह कोश्यारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय के बैनर तले आहूत तीन दिवसीय शिवायन अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव संपन्न हो गया। इसमें रांची सहित देश-विदेश के सैकड़ो साहित्यकार और कलाकार सम्मानित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक मदन कौशिक व समापन पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने किया। श्री कोश्यारी ने रचनाकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि साहित्योदय राष्ट्रचेतना का अलख जगाने का अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। उन्होंने देशभर से आये रचनाकारों को सकारात्मक सृजन और भारतीय संस्कृति पर नवाचार करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हए प्रख्यात साहित्यकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र ने काव्य लेखन और वर्तमान साहित्य पर रचनाकारों का दिशा निर्देश किया। उन्होंने साहित्योदय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पंकज प्रियम के जरिये खुद ईश्वर ही ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन कर रहे हैं। आयोजन में शिवायन महाकाव्य, सत्य साधना, गङ्गा, महक माटी की, लफ्ज मुसाफिर, अंगूठे की मौत, कथामाल्य, मन के अंगना में, दोहा दर्पण समेत कई पुस्तकों का विमोचन हुआ। काव्याभिषेक में प्रख्यात गीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, आचार्य देवेंद्र कुमार देव, वीणा शर्मा सागर, सुनील साहिल, पंकज प्रियम समेत सैकड़ो लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकारों ने काव्यपाठ किया। आयोजन को सफल बनाने में हेतु राकेश रमण, किशोरी भूषण, शोभा पाराशर, अर्चन झा, अनिल अग्रवाल, डॉ इंदु अग्रवाल, सुनील पराशर, सुशील झा, अनिता सोनी, हेमा आर्या, निशा अतुल्य, डॉ रजनी शर्मा, डॉ प्रियम्बदा मिश्रा, कीर्ति मेहता, सुदेष्णा सामन्त समेत समस्त साहित्योदय परिवार ने अपनी महती भूमिका निभाई।

संत जेवियर्स कॉलेज में भाषा पर कार्यशाला आयोजित

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज के शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का समापन बुधवार को हुआ। अंतिम दिन भाषा-संस्कृति और हमः क्षेत्रीय उत्सव, विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ संजय कुमार ने भाषा और संस्कृति में संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने निज भाषा पर गर्व करने तथा अपनी भाषा-संस्कृति को जीवंत रखने पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष डॉ फादर फ्लोरेंस पूर्ति ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर डॉ अनुपमा भार्गव, डॉ नीलिमा ज्योत्सना टोप्पो, डॉ नन्दिता पांडेय, प्रो सुधा रानी खलखो, डॉ सुधांशु सिरिल कुजूर, डॉ विक्रम बहादुर नाग, प्रो रूमा भट्टाचार्य, प्रो शिल्पा किंडो उपस्थित रहीं।

डीपीएस का वार्षिकोत्सव मनाया गया

बच्चों का आत्म विश्वास प्रशंसनीय है: संदीप

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव 'संस्कृति : द एसेंस ऑफ भारत' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेल के कार्यकारी निदेशक संदीप कुमार कर, विशिष्ट अतिथि एके मिस्त्री, संजोय परीदा और एसजे जाचुक उपस्थिति थे।

मुख्य अतिथि संदीप कुमार कर ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की झलक दिखाती है। उनका आत्मविश्वास प्रशंसनीय है। विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की और बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके झा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर चर्चा की। वहीं कहा कि जूनियर विंग किसी भी विद्यालय की नींव होती है, जहां बच्चों को आगामी शिक्षा के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने विभिन्न स्तर पर हुए प्रतियोगिताओं में बच्चों ने जो जीत हासिल की है उसकी सराहना करते हुए बधाई दी। डॉ झा ने रंगारंग कार्यक्रम को प्रोत्साहित करते हुआ कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक जागरूकता और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। बच्चों में अपनी परंपराओं के प्रति सजग सोच लाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। वार्षिकोत्सव पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में अभिभावकों और अन्य अतिथियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हेड बॉय और हेड गर्ल के द्वारा किया गया।

सर्व ब्राह्मण अधिकार परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष बने प्रमोद

रांची। सर्व ब्राह्मण अधिकार परिषद, केंद्रीय कार्यालय रांची की बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय बनाए गए। अध्यक्ष बनने के बाद पांडेय ने बताया कि सर्व ब्राह्मण परिषद का मुख्य केंद्रीय कार्यालय रांची में रहेगा। बहुत जल्द देश के सभी राज्यों में प्रदेश कमेटी का गठन कर वहां पदाधिकारी का मनोनयन किया जाएगा, साथ ही राष्ट्रीय पदाधिकारियों की भी घोषणा की जाएगी। पांडेय ने बताया की सर्व ब्राह्मण अधिकार परिषद देश के सभी ब्राह्मणों को एकजुट कर एक मंच पर लाकर ब्राह्मणों के उत्थान और उनके सहयोग, समर्पण करने का कार्य सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर करेगा। इस अवसर पर लक्ष्मी चंद दीक्षित, अयोध्या नाथ मिश्रा, संजीव मिश्रा, ज्ञान देव झा, आत्माराम द्विवेदी, अजय दुबे, संजीवचौधरी, राकेश तिवारी, पवन दुबे, अशोक पारिख, अजय तिवारी, राजीव तिवारी, जगरनाथ मिश्रा, प्रमोद सारस्वत मौजूद थे।

श्री श्याम मंदिर में मोक्षदा एकादशी पर्व मना

श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को मोक्षदा एकादशी पर्व आयोजित किया गया । प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार किया गया। प्रातः आठ बजे श्रृंगार आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। विभिन्न तरह की के फूलों से श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार किया गया।

रात्रि 9 बजे से श्याम प्रभु के जयकारों के बीच अखंड पावन ज्योत प्रज्वलित की गई। भक्तगण मंगल दर्शन कर ज्योति आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल मांगे। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन किया।

इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा, केसरिसा दूध व मगही पान का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, अमित जलान, अभिषेक डालमिया, नितेश केजरीवाल, जीतेश अग्रवाल, नितेश लाखोटिया, विकाश पाडिया का सहयोग रहा।

यूडायस प्लस में छात्र डाटा कार्य पूर्ण करने का निर्देश

रांची। विद्यालयों में सत्र 2024-25 में नामांकित सभी विद्यार्थियों की जानकारी यूडायस प्लस पर देने का निर्देश प्राचार्यों को दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने स्कूलों को पत्र भेजकर कहा है कि यूडायस प्लस में जानकारी नहीं दिए जाने से अपार आईडी बनने में परेशानी हो रही है। रांची जिले में सिर्फ 58 प्रतिशत छात्रों का आपार आई बन पाया है। सभी बच्चों का आधार इंट्री, आधार वैद्यता कार्य पूर्ण नहीं हो पाने से 170000 बच्चे अभी भी ड्रॉपबॉक्स में हैं। इस कारण जिले के नामांकन में अत्यधिक कमी दिख रही है। अगले सत्र में सरकारी विद्यालयों में नामांकन के आधार पर प्राप्त होने वाले स्कूल ग्रांट, यूनिफॉर्म और किताबों की सुविधा उपलब्ध कराने में परेशानी होगी और इसकी जवाबदेही संबंधित प्राचार्य की होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों में कैंप लगाकर सभी कार्य पूर्ण कराना है। कार्य पूर्ण नहीं होने पर प्राचार्यों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में एक गिरफ्तार

खलारी। खलारी थाना क्षेत्र के जी टाइप निवासी असलम हुसैन (51 वर्ष) को एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड करने के आरोप में गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में पीड़िता की मां की लिखित शिकायत पर खलारी थाना में पोस्को कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार नाबालिग शाम सात बजे ट्यूशन से घर लौट रही थी। इसी दौरान थानाक्षेत्र के केडीएच सरना क्लब के निकट असलम हुसैन ने उसे रोक लिया और गंदी गंदी बातें करने लगा। धीरे धीरे वह छेड़खानी शुरू कर दिया। किशोरी किसी तरह उससे बचकर दौड़ते हुए अपने घर पहुंची और मां को पूरी बात बताई। उसने बताया कि अंकल (असलम) इससे पहले भी उसके साथ छेड़छाड़ किया था, परंतु डर व शर्म से वह किसी को नहीं बताती थी।

चौकीदार नियुक्ति दौड़ प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं अधिकारी : डीसी

खूंटी। खूंटी में चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया के तहत 18 दिसंबर को बिरसा कॉलेज के फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होनेवाली दौड़ को लेकर समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि दौड़ के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मौके पर मेडिकल टीम, पेयजल, चलंत शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिया गया।

सड़क दुर्घटना में मां -बेटे की मौत

चान्हो। राष्ट्रीय राजमार्ग 39 रांची-डालटेनगंज मुख्य पथ पर चान्हो के चटवल मोड़ के समीप बुधवार दिल दहला देने वाली घटना घटी। कूडु की ओर से आ रही ट्रक रांची की ओर कोयला लेकर जा रही थी। चटवल मोड के समीप अनियंत्रित होकर सीधा बाइक सवार पर जा गिरी। इस घटना में मां और पुत्र ट्रक के नीचे दब गए। भारी भरकम वाहन में दब जाने से पुत्र सुदामा गोस्वामी की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं माता लक्ष्मी देवी को पुलिस एवं स्थानीय लोग और जेसीबी के सहारे बाहर निकाला गया। गंभीर अवस्था में रिम्स भेज दिया गया। जहां देर शाम लक्ष्मी देवी ने भी दम तोड़ दिया। घटना से आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। गनीमत रही की व्यस्त सड़क रहने के बावजूद कोई और अनहोनी नहीं हुई। वहीं वाहन चालक मनोज पांडे को भी पुलिस ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार वाहन चालक शराब का सेवन कर गाड़ी स्पीड में चल रहा था।

डीसी ने रिम्स का किया औचक निरीक्षण

भर्ती मरीजों से की बातचीत चिकित्सकीय सुविधा का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों द्वारा प्राप्त शिकायतों को लेकर बुधवार को रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर (फाइनेंस) रिम्स योगेंद्र प्रसाद, डिप्टी मेडिकल सुपरीटेंडेंट राजीव रंजन एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय उपस्थित थे। डीसी ने एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, ट्रॉमा सेंटर, इमरजेंसी, ब्लड बैंक, एवं विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। डीसी ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों से बातचीत की। मरीजों को मिल रही चिकित्सकीय सुविधा एवं अन्य देखरेख के बारे में उन्होंने विस्तार से पूछा। ट्रॉमा सेंटर के हेड ऑफ डिपार्टमेंट प्रदीप कुमार भट्टाचार्य को फोन पर निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कंट्रोल नंबर के माध्यम से दूर दराज के मरीजों के लिए उपलब्ध बेड की जानकारी मुहैया कराने के निर्देश दिये। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर त्राशा को डीसी ने जमशेदपुर और सदर अस्पताल से रेफर मरीजों को जल्द एडमिट करने के निर्देश दिए। विभिन्न वार्डों और रिम्स परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लेते हुए डीसी ने सुधार के निर्देश दिए। संबंधित पदाधिकारी को उन्होंने साफ-सफाई और हाइजीन में किसी भी प्रकार से कंप्रोमाइज न करने को कहा। डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को हाउसकीपिंग एवं साफ सफाई के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

सैलानियों को लुभा रहा खूंटी का लतरातू जलाशय

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती खूंटी को प्राकृतिक सौंदर्य के रूप में कई सौगातें दी हैं, जो शायद ही झारखंड के किसी अन्य जिले में नजर आती हो। पेरवांघाघ, पंचघाघ, रानी फॉल, सप्तधारा, उलूंग, पांडूपुड़िंग, रिमिक्स फॉल सहित कई प्राकृतिक पर्यटन स्थल खूंटी जिले में आकर्षण का केंद्र हैं जबकि लतरातू जलाशय, रेमता जलाशय, बिरसा मृग विहार जैसे मानव निर्मित पर्यटन केंद्र हमेशा सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं। साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम, नकटी देवी, माता सोनमेर मदिर सहित कई धार्मिक स्थल भी युगों से लोगों के लिए आस्था के केंद्र रहे हैं। खूंटी जिले के लतरातू डैम हाल के दिनों में सैलानियों के लिए बड़े आकर्षण केंद्र के रूप में उभरा है। लतरातू डैम अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और मनोरम दृश्य के लिए लोकप्रिय है। समय के साथ इसे पर्यटकों और स्थानीय निवासियों के लिए और भी आकर्षक बनाया जा रहा है।

न्यूज बॉक्स

फ्लाई ऐश लदे हाइवा ट्रकों को रोक जताया विरोध

खलारी। फ्लाई ऐश के असुरक्षित परिवहन का विरोध करने के लिए बुधवार दोपहर फ्लाई ऐश लदे हाइवा ट्रक को रोका गया। खलारी के केडी बाजार से गुजर रहे फ्लाई ऐश लदे हाइवा ट्रक को कांग्रेस नेता राजेश सिंह मिंटू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय दुकानदारों के सहयोग से रोक दिया। करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। राजेश सिंह ने बताया कि यह सांकेतिक विरोध था। प्रदूषण नियंत्रण मानकों के अनुरूप फ्लाई ऐश का परिवहन नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट को भी जानकारी दी। खलारी सीओ ने आश्वस्त किया कि एनटीपीसी के संबंधित अधिकारी को सूचित किया जाएगा।

सुरेश बैठा के पहल पर बना केडी चौक में एप्रोच रोड

खलारी। खलारी के केडी हिन्दूगढ़ी चौक के निकट पूरब व पश्चिम की ओर एप्रोच रोड का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में खलारी प्रखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेशसिंह मिंटू ने बताया कि स्थानीय विधायक सुरेश बैठा के पहल पर केडी हिंदूगढ़ी चौक से श्रीराम मार्ग और शिवपुरी रोड के पहुंच पथ को बनाया गया। चौराहा होने के कारण इस जगह जाम की स्थिति हो जाती थी। चुनाव के प्रचार के दौरान सुरेश बैठा ने इस एप्रोच रोड के निर्माण का आश्वासन दिया था। खलारी कांग्रेस कार्यकताओं ने इस कार्य के लिए विधायक सुरेश बैठा, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार व बुकबुका के मुखिया पारसनाथ उरांव को धन्यवाद दिया। धन्यवाद देने वालों में राजेशसिंह मिंटू, तनवीर आलम, मोनू रजक, बाबू खान, फिरोज अंसारी, जावेद अंसारी, मोनू सिंह, अजय सिंह, रब्बुल खान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

श्रीमतभागवत गीता जयंती मनाई गई



मुरी। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार को भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल कुटाम मुरी रांची में श्रीमत भगवतगीता जयंती के उपलक्ष्य में यज्ञ का अनुष्ठान किया गया। यज्ञ में भगवत गीता के श्लोकों का उच्चारण करते हुए आहुति अर्पण की गई। गुरुकुल के आचार्यों एवं विद्यार्थियो के साथ साथ सिल्ली, तुलीन, झालदा,एवं रांची से सैकड़ों भक्त इस महायज्ञ में शामिल हुए । उपस्थित भक्तों के बीच श्रील प्रभुपाद की भगवत गीता वितरित किया गया। गुरुकुल के संस्थापक दास गदाधर प्रभु ने भगवत गीता के महिमा पर प्रकाश डाला और वर्णन किया एवं सभी को भगवत गीता पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

व्हाट्सएप हुआ ठप, लोग रहे परेशान

रांची। बुधवार की देर रात व्हाट्सएप ठप हो गया। इससे सभी लोग परेशान हो गये। सभी एक दूसरे से फोन कर पूछते रहे कि आपका व्हाट्सएप चल रहा है। सभी तरफ मोबाइल की घंटियां बजती रही। समाचार लिखे जाने तक व्हाट्सएप नहीं चल रहा था।

मातृभाषा जोड़ती है और अपनत्व का अहसास कराती है : प्राचार्या

खूंटी। बिरसा कॉलेज खूंटी के मल्टीपरपस हॉल में बुधवार को भाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने लोकगीतों और कविताओं की प्रस्तुति दी। मुंडारी और नागपुरी विभाग के विद्यार्थियों ने भाषा संरक्षण संवर्धन विषयक नाटकों का शानदार मंचन किया । इस अवसर पर मुंडारी और नागपुरी विभाग के विद्यार्थियों ने पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल भी लगाये ,जो बिक्री सह प्रदर्शनी के लिए थे। यह पारंपरिक फूड स्टॉल भाषा दिवस कार्यक्रम के आकर्षण को केंद्र था, जिसका शिक्षकों और विद्यार्थियों ने खूब लुत्फ उठाया।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के रक्तदान शिविर में 12 यूनिट रक्त संग्रह

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की खूंटी इकाई की ओर से प्रखंड प्रशासन कर्रा के सहयोग से बुधवार को कर्रा प्रखंड में हेल्थ कैंप सह ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने और रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर्रा की प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेशिया और सिविल सर्जन खूंटी डॉ नागेश्वर मांझी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। घंटों चले शिविर में 12 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने रक्तदान करने वाले लोगों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया। साथ ही रक्तदान को महादान बताते हुए लोगों से नियमित रक्तदान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेडक्रॉस सोसाइटी खूंटी के अध्यक्ष किशोर कुमार गौंझू, उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

रोहिणी परियोजना में मना खान सुरक्षा सप्ताह

सुरक्षा ही उत्पादकता की कुंजी है: एके ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
सीसीएल एनके एरिया के रोहिणी परियोजना में 67वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने की। निरीक्षण के लिए दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के तुबेत (लातेहार) कोयला खान से अधिकारियों की टीम आई हुई थी। निरीक्षण दल के कन्वेयर तुबेत खान के परियोजना अधिकारी अरविन्दकुमार ठाकुर थे। स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। मां भवानी का वंदन किया गया तथा सीसीएल कारपोरेट गीत गाया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मियों ने सुरक्षा शपथ ली। रोहिणी सहित पूरे सीसीएल में इस वर्ष दुर्घटना में मरे कोयला कर्मियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। रोहिणी पीओ राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत भाषण में परियोजना का परिचय व उपलब्धियों को बताया। कन्वेयर एके ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि ह्यसुरक्षा ही उत्पादकता की कुंजी है। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले खदानों में ही बेहतर उत्पादन हो सकता है। वहीं आईएसओ मनीष मोहन ने सीसीएल की कोयला खानों में पूर्व में हुए दो दुर्घटनाओं के कारणों का जिक्र करते हुए कहा कि कोयला खदान में सावेल जैसे भारी मशीन को आपरेट करने के दौरान सेफ्टी बेल्ट अवश्य लगाएं।

सीजीएल परीक्षा के विरोध में सड़क पर उतरे छात्र, निकाला कैंडल मार्च

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित सीजीएल परीक्षा का विरोध तेज हो गया है। विरोध में छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। बता दें कि मंगलवार को प्रशासन द्वारा हजारीबाग के आंदोलनरत छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। लाठीचार्ज से कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायल छात्र फिलहाल अस्पताल में इलाजरत हैं। जिससे छात्रों एवं अभिभावको में भारी नाराजगी है। इस लाठी चार्ज का झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने भी विरोध किया। इसे लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष सह छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने बुधवार को सरकार और प्रशासन के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला। यह संध्याकालीन कैंडल मार्च जयपाल सिंह स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक गया। प्रदर्शन के दौरान शहीद अल्बर्ट एक्का में छात्रों एवं अभिभावकों का भारी जुटान हुआ।

झारखंडी पर्यटन स्थल डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन पर रोक लगे: देवेन्द्र नाथ : मीडिया को संबोधन में लाठी चार्ज की निंदा करते हुए छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि छात्रों का भविष्य का ख्याल रखते हुए तत्काल डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन पर रोक लगाया जाय एवं इस विवादित परीक्षाफल को रद्द कर पुनः प्रदर्शिता के साथ परीक्षा का आयोजन हो। कैंडल मार्च के दौरान देवेंद्र नाथ महतो, चंदन रजक, खगेन महतो, हर्षित सिंह, कर्मु मुंडा, लक्ष्मी कुमारी, रवी मंडल, विजय, प्रभु, विष्णु आदि बड़ी संख्या में अभ्यर्थी, कोचिंग संचालक शिक्षक एवं अभिभावकगण उपस्थित थे। कैंडल मार्च में आक्रोशित छात्र जेएसएससी सीजीएल परीक्षाफल रद्द करना होगा के नारे लगा रहे थे।

श्रीश्याम मंदिर में मोक्षदा एकादशी पर देर रात तक भक्तों की रही भीड़

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा संचालित हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में बुधवार को मोक्षदा एकादशी पर प्रातः से देर रात तक बड़ी संख्या में भक्तजनों ने खाटूनरेश का दर्शन कर आशीष प्राप्त किया। प्रातः खाटूनरेश का श्रृंगार करके 8.30 बजे श्रृंगार आरती की गयी। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परानुसार सायंकालीन विशेष श्रृंगार किया। फूलमालाओं से खाटूनरेश का दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके पहले खाटूनरेश को नवीन पौशाक पहनाया गया। श्रीश्याम मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल जी, शालीग्राम जी, गरुड़ जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, रिद्धी-सिद्धी, प्राचीन तेल चित्रो व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया। मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में सभी गर्भगृहों का अनोखा श्रृंगार मंदिर के आचार्यों ने किया। श्रीनारसरिया ने बताया कि सायंकालीन श्रृंगारित दरबार को जब खोला गया तो सैकड़ों उपस्थित भक्तजनो ने खाटूनरेश की जय-जयकार करके अपना मत्था टेका। एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9.30 बजे मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने ज्योत - पूजन अनुष्ठान करवाया।

यात्री बस और बाइक में सीधी टक्कर , बाइक चालक की मौत, एक घायल

खूंटी। खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के ओरमेंजा गांव के पास बुधवार को यात्री बस और बाइक की हुई सीधी टक्कर में ज्योतिष होरो (22) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि आलोक टोपनो नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक रनिया थाना क्षेत्र के गरई डिगरी गांव का रहनेवाला था, जबकि घायल आलोक मरचा मिशन का रहनेवाला है। जानकारी के अनुसार ज्योतिष होरो की पत्नी सदर अस्पताल खूंटी में भर्ती है। ज्योतिष अपने दोस्त आलोक टोपनो के साथ अपनी पल्सर बाइक से कंबल पहुंचाने अस्पताल जा रहा था।

अवैध बालू लदे चार टर्बो ट्रक को खनन विभाग ने पकड़ा

नवीन मेल संवाददाता। संवाददाता लापुंग
जिला खनन पदाधिकारी के इंस्पेक्टर व लापुंग थाना के सब इंस्पेक्टर राजेन्द्र महतो ने संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान बुधवार को लापुंग थाना क्षेत्र के डाडी. जंगल से बालू लदे चार टर्बो ट्रक एवं जमनी टोली करम चौरा से एक टिपर गाड़ी जिसे मिनी पिकअप वैन को पकड़कर जब्त किया। टर्बो वाहन संख्या- जेएच 01 सीवी 5727, जेएच 01 एफआर 9296, जेएच 01 एएक्स 8026, जेएच 01 डीबी 1744 उपरोक्त सभी टर्बो एवं जेएच 01 एफ वी 6923 टिपर

गाड़ी मिनी पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया है। छापामारी के दौरान सभी वाहनों के चालक भाग निकले। सभी वाहन मालिकों के ऊपर अवैध बालू उठाव को लेकर जिला के उपायुक्त अवैध बालू उठाव को रोकने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है। उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अवैध बालू उठाव की मिल रही शिकायतों पर काफी गंभीरता से इसमें रोक लगाने के लिए लगातार उनके दिशा-निर्देश पर खनन विभाग अवैध बालू उठाव के रोक के लिए अभियान चला रखा है। प्रखंडों में भी इस सम्बंधित निर्देश दिए गए है। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा है कि अवैध बालू उठाव को रोकने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है। जिसमें विधिसम्मत धाराओं के तहत वर्णित वाहन मालिकों, चालकों एवं इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कारवाई सभी पर की जा रही है ।

खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में किया जाएगा डोर टू डोर सर्वे

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के निर्देश पर खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में डोर टू डोर सर्वे का कार्य किया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा द्वारा नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने बताया कि राज्य पिछड़ा आयोग झारखंड रांची द्वारा नगर निकायों में रहने वाले पिछड़े वर्ग को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण करने के लिए डोर टू डोर सर्वे करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित पदाधिकारी सर्वे कार्य को प्राथमिकता देते हुए नगर पंचायत खूंटी अंतर्गत सर्वे कार्य को त्रुटि रहित एवं निर्धारित समय सीमा के अंदर संपन्न कराना सुनिश्चित करें, ताकि निर्धारित समय पर सर्वे की रिपोर्ट तैयार कर विभाग को भेजी जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता ने नगर पंचायत अंतर्गत सभी 19 वार्डों में सर्वे का कार्य 18 दिसंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। डोर टू डोर सर्वे को लेकर बैठक में प्रशिक्षण भी दिया गया और सर्वे के दौरान जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज की जांच कर जानकारी दर्ज करते हुए रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया।

बीडीओ ने किया सुंदारी पंचायत का दौरा

पाई गई त्रुटियां एक सप्ताह के भीतर दुरुस्त करने का पंचायत सचिव व रोजगार सेवक को दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन कुमार झा ने कहा कि चुनाव के कारण विकास कार्यों की गति कुछ धीमी हो गई थी, अब उनके कार्यों में तेजी लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के जरिये संचालित सभी योजनाओं को नियमित रूप से निरीक्षण किया जाएगा। बीडीओ बुधवार को तोरपा प्रखंड की सुंदारी पंचायत का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा ले रहे थे। उन्होंने मनरेगा, अबुआ आवास, पीएम आवास, पंचायती राज, एमडीएम सहित कई योजनाओं का निरीक्षण किया। बीडीओ ने निरीक्षण के क्रम में बिरसा हरित ग्राम, बिरसा सिंचाई कूप, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट पिट आदि का अवलोकन किया तथा इसमें पाई गई त्रुटियों को एक सप्ताह के भीतर दुरुस्त करने का

निर्देश पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को दिया। निरीक्षण के क्रम में नव प्राथमिक विद्यालय नौवाटोली का भी भ्रमण किया। उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों के साथ संवाद किया और बच्चों को ईमानदारी एवं मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में 15वें वित्त के माध्यम से हैंडवाश यूनिट, पेवर ब्लॉक तथा आंगनबाड़ी केंद्र में हुए मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया।। बहां लाभुक समिति के जरिये बोर्ड नहीं लगाया गया था, बीडीओ ने दो दिनों के अंदर बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने आवास के लाभुकों से मिलकर उन्हें आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। बीडीओ ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य विकास कार्यों में तेजी लाना है।

एक नजर

पुलिस ने गिरफ्तार कर दो को भेजा जेल

बरही । बुधवार को बरही थाना संख्या संख्या 481/24 11.12.2024 के दो प्राथमिक अभियुक्त अनिल प्रजापति और काजल देवी को गिरफ्तार किया कर जेल भेज दिया गया. उक्त जानकारी बरही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर आभाष कुमार में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया. दोनो अभियुक्तों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2)/87/3(5) के तहत मामला दर्ज है. मामले के अनुसंधान के क्रम में बरही पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया. जानकारी के अनुसार दोनों पर विवाहित युवती को अपहरण कर शादी करवाने का आरोप है. थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य फरार अभियिक्तो के खिलाफ पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है.

जेल से रची गई थी दीपक सिंह की हत्या की साजिश, दो गिरफ्तार

हजारीबाग। जेल से रची गई थी दीपक सिंह की हत्या की साजिश. इस मामले में हजारीबाग पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. हजारीबाग एसपी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा कि दीपक की हत्या आपसी विवाद और पैसे की लेनदेन के कारण हुई थी. हत्या की साजिश जेल में बंद मिलन तुरी ने रची थी. मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. गौरतलब है कि बीते पांच दिसंबर को जिले बड़कागांव थाना अंतर्गत गिद्दी के साधु कुटिया के पास से दीपक सिंह का शव बरामद किया था. जिसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईयां और यूरबी कुरमाली उर्फ अभिराज को गिरफ्तार किया गया है. जिसने अपनी संलिप्तता भी स्वीकार कर ली है. हत्या को अंजाम देने के लिए 25 हजार रुपए मिलन तुरी ने यूरबी करमाली को भेजा था.

भाजपा की बैठक में सदस्यता अभियान पर चर्चा

रामगढ़। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला की बैठक जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में हाथमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई. बैठक में सदस्यता अभियान को गति देने को लेकर जिला और मंडल में आयोजित होने वाले कार्यशाला पर चर्चा की गई. भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने में सदस्यता अभियान की अहम भूमिका होती है. सदस्यता अभियान को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन जिला में 15 दिसम्बर से 16 दिसंबर तक और मंडल स्तर पर 18 दिसंबर से 19 दिसंबर तक करने का निर्देश प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिया गया है. उन्होंने बताया कि भाजपा रामगढ़ जिला कार्यशाला का आयोजन 15 दिसंबर को होना तय हुआ है.

मेधावी छात्रों के बीच छात्रवृत्ति का किया गया वितरण

छात्रवृत्ति हमारे लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन : विद्यार्थी

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों के बीच छात्रवृत्ति का वितरण समारोह आयोजन किया गया। यह छात्रवृत्ति गिरजा फाउंडेशन द्वारा गिरजा ज्ञान छात्रवृत्ति योजना के तहत दी गयी। इस कार्यक्रम का आयोजन पढ़ेगा भारत,तो बढ़ेगा भारत के उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए किया गया।साथ ही विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और उत्कृष्टता के लिए सम्मानित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना हैं। कार्यक्रम की शुरूआत गिरजा फाउंडेशन के प्रमुख मेजर डॉ सत्य प्रकाश,अध्यक्ष ज्वाला सिंह,विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी एवं प्राचार्य उमेश प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मेजर डॉ सत्य प्रकाश ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और संकल्प की प्रशंसा की। इसके बाद परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा षष्ठ से दशम तक के विद्यार्थियों के नामों की घोषणा की गई और उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस मौके पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह छात्रवृत्ति उनके लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन है, जो उन्हें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगी।

शैक्षणिक समस्याओं को लेकर अभाविप ने विवि प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हजारीबाग। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग नगर इकाई द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों में उत्पन्न समस्याओं को लेकर कुलसचिव को ज्ञापन सौपा। संत कोलंबस कॉलेज के यूजी सेमेस्टर 1 एवं 3 साथ ही वोकेशनल बीसीए के सेमेस्टर 1 एवं 3 में के रिजल्ट में अधिकतर छात्र छात्राओं को एक अंक के चलते प्रमोट कर दिया गया, साथ ही मार्खम कॉलेज में लैब नहीं होने के कारण छात्रों को कठिनाई का सामना करना पड रहा है। अभाविप का प्रतिनिधि मंडल कुलसचिव से मिलकर जल्द से जल्द इसको सुधारने का आग्रह किया। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक बाबूलाल मेहता ने कहा विश्वविद्यालय प्रशासन इस विषय को गंभीरता से ले और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करे। बाबूलाल ने कहा महाविद्यालयों में शिक्षक की कमी के कारण छात्र काफी परेशान है विश्वविद्यालय कांट्रेक्चुअल बेसिस पर शिक्षकों की नियुक्ति करें। नगर मंत्री रूद्र राज ने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सभी छात्रों के साथ है।

नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों के लिए अपार कार्ड अनिवार्य

नवीन मेल संवाददाता। बरही भारत सरकार के नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार अब सभी विद्यार्थियों को अपार आईडी बनाना अनिवार्य है. यह आईडी विद्यार्थियों के सभी शैक्षणिक योग्यता का क्रेडिट जमा रखेगा. 10वीं, 12वीं या स्नातक अथवा स्नातकोत्तर या अन्य प्रोफेशनल्स अथवा तकनीकी कोर्स के सभी के प्रमाण पत्र जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है, इसी आईडी में जमा होंगे. जिसे विद्यार्थी कही से और कभी भीं प्राप्त कर सकते है. यह आईडी सीधे डिजिटल लॉकर से जुड़ा होगा. अपार आईडी ही भविष्य में किसी भी सरकारी या गैरसरकारी नौकरी में प्रमाण पत्र सत्यापन का माध्यम होगा. अपार आईडी से फर्जी प्रमाण पत्र पर अंकुश लगेंगे. किसी भी निजी संस्थान या शैक्षणिक संस्थान का प्रमाण पत्र तब तक अपार आईडी से नही जुड़ेगा, जब तक उसे सरकारी मान्यता प्राप्त नहीं मिला है. ऐसे में विद्यार्थियों या अभिभावकों के लिए यह समझना आसान होगा कि उनके संस्थान का सर्टिफिकेट सरकारी नौकरी में काम करेगा या नहीं, अथवा वह मान्यता प्राप्त है या नहीं, इस प्रकार विद्यार्थी फर्जी प्रमाण पत्र लेने से बचेंगे. नई शिक्षा नीति के अनुसार हर एक विद्यार्थी का अपार आईडी होना अनिवार्य है. इस आईडी को ही एबीसी कार्ड (एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट) के नाम से भी जाना जाता है. यह कार्ड विद्यार्थी के शैक्षणिक रिकॉर्ड का क्रेडिट पाउंट भी रखेगा. जो उसकी योग्यता और गुणवत्ता को दर्शाएगा. उक्त जानकारी रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही स्थित स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर के संचालक सह सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने बताया कि स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर आरएनएवाईएम कॉलेज बरही, सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन बरही तथा कोनरा पंचायत भवन स्थित सीएससी सेंटर से अपार कार्ड बनाए जा रहे हैं.

न्यूज | बॉक्स

यूएमएस बरवां में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन संपन्न, अध्यक्ष बने विनोद प्रसाद

बरकट्ठा। प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां में विद्यालय प्रबंधन समिति पुनर्गठन के लिए आम सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता रीतलाल प्रसाद ने की। पर्यवेक्षक के रूप में परमानंद पांडेय और साधन कुमार रवानी मौजूद थे। आमसभा में विद्यालय ब्रांड एंबेसडर ज्ञानी प्रसाद, एसएमसी अध्यक्ष नारायण प्रसाद, उपाध्यक्ष बेबी देवी ,संयोजिका सरिता देवी, देव कुमार, ललिता देवी, विनोद प्रसाद, प्रमिला देवी, रीना देवी, बबिता देवी, पार्वती देवी, नरेश ठाकुर, राजेश प्रसाद, तस्लीम अंसारी, पिंकी देवी, सुनीता देवी, बालेश्वर प्रसाद ,गोपी प्रसाद, पूजन प्रसाद, प्रधानाध्यापक पवन कुमार, सहायक अध्यापक अजय रविदास, संतोष कुमार दास ,गोपेश्वर प्रसाद, अरुण कुमार मंडल, राखी रानी, रामचंद्र प्रसाद ,उमाशंकर प्रसाद एवं अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।वहीं 12 सदस्यों के चयन के बाद अध्यक्ष विनोद प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रमिला देवी, संयोजिका ललिता देवी का चयन हुआ।

पायल ज्वेलर्स में चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद



रामगढ़ । रांची रोड स्थित पायल ज्वेलर्स की दुकान से बीती रात चोरों ने कीमती जेवरातों की चोरी कर ली। मामले को लेकर संचालक जीतेंद्र कुमार द्वारा कुजू ओपी में आवेदन दिया गया। वहीं, पुलिस ने दुकान पहुंचकर छानबीन की। छानबीन में दुकान में लगे सीसीटीवी को खंगाला गया तो उसमें चोरों की तस्वीरें साफ मालूम पड़ रही हैं। इसके बाद संचालक ने सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों की तस्वीरों को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

मुखिया ने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहारा कला के वाडीटोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ रहे बच्चों के बीच मुखिया ने स्वेटर का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि दिसंबर में बढ़ती ठंढ को लेकर बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया है ताकि बच्चे ठंढ में इसे पहनकर आए और स्कूलों अच्छी पढ़ सकें। सर्दी में बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने 40 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण कर सभी बच्चों को ठंढ में पहन कर केंद्र आने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बेहतर योजना है। आंगनबाड़ी केंद्र में गरीब और असहाय के बच्चें पढ़ते हैं। यह सरकार की सराहनीय योजना है। जहां स्वेटर मिलने से बच्चों को ठंढ से राहत मिलेगी। मौके पर सेविका जयंती देवी, सहायिका नेमुना खातून,सकीना खातून,जैनम खातून,सबनम खातून, जमीला खातून,सबाना खातून, गुलशन खातून, बासुदेव यादव समेत अन्य अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित थे।

सदर विधायक ने चंपई सोरेन से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास पर की चर्चा

क्षेत्र की जनता के लिए बेहतर कार्य करने का प्रयास करूंगा : प्रदीप प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पूर्व मुख्यमंत्री सह सरायकेला के वरिष्ठ विधायक चंपई सोरेन से भेंट की। यह मुलाकात क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से की गई। इस दौरान दोनों नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों की जर्जर स्थिति, पेयजल की समस्या और बेरोजगारी जैसे विषय शामिल थे। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरायकेला क्षेत्र में चंपई सोरेन द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। चंपई सोरेन ने सदर क्षेत्र में विकास योजनाओं को लागू करने और स्थानीय जनता के हित में कार्य करने के लिए विधायक प्रदीप प्रसाद को सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को समझकर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करना ही एक जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा सरायकेला विधायक चंपई सोरेन से भेंट मेरे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण अनुभव रहा। उनके विकास कार्यों और जनता के प्रति समर्पण ने मुझे बहुत प्रभावित किया। हमारे क्षेत्र की समस्याओं को हल करने और विकास की नई दिशा देने के लिए उनके मार्गदर्शन से मुझे नई ऊर्जा और प्रेरणा मिली है। मैंने चंपई सोरेन के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और रोजगार जैसी क्षेत्रीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुझे इन समस्याओं के समाधान के लिए मूल्यवान सुझाव दिए। मैं उनके अनुभवों से सीखते हुए अपने क्षेत्र की जनता के लिए बेहतर कार्य करने का प्रयास करूंगा।

डॉ के श्री कृष्णा ने इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के बने अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज ऑफ हॉस्पिटल के प्रिंसिपल और एचओडी प्रो (डॉ) के श्री कृष्णा ने मैंगलोर में आयोजित इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के 35वें राष्ट्रीय सम्मेलन में इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यकाल शुरू किया। साथ ही हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज ऑफ हॉस्पिटल के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ सौम्य वर्मा को उसी सम्मेलन में आईएओएमआर के कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन में इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के अध्यक्ष का कार्यकाल शुरूआत करना हमारे कॉलेज के लिए काफी गौरान्वित का विषय है। हमारा कॉलेज परिवार आगे भी प्रयास करेगी कि यहां के डॉक्टर्स एवं छात्र- छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराकर कॉलेज का मान बढ़ाएं सहित अपने माता- पिता, परिवार एवं संबंधियों का नाम रौशन करें। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज ऑफ हॉस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने प्रिंसिपल और एचओडी प्रो (डॉ) के श्री कृष्णा एवं प्रोफेसर डॉ सौम्य वर्मा को पूरे कॉलेज परिवार की ओर से उज्जवल कार्यकाल की बहुत- बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच बांटे गए स्कूल बैग

हजारीबाग। कटकमदाग प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह में विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग एवं आईडेंटिटी कार्ड बांटे गए. सलगावां पंचायत की मुखिया मधु रानी ने बैग बांटे. स्कूल के विद्यार्थियों को चार हाउस में बांटकर अलग-अलग रंगों के रिबन युक्त परिचय पत्र दिया गया. साथ ही सभी बच्चों को परिचय पत्र के साथ स्कूल आने का निर्देश दिया गया. यह प्रधानाध्यापक मो जहांगीर अंसारी ने विद्यालय में एक नई पहल की शुरूआत है. विद्यालय में कुल 167 बच्चे नामांकित हैं लेकिन विद्यालय में लगभग 90 प्रतिशत की उपस्थिति प्रतिदिन होती है. विद्यालय की स्वच्छता, साफ सफाई एवं अनुशासन फूलों की क्यारी आदि से प्रभावित होकर मुखिया मधुरानी ने घोषणा किया कि विद्यालय हित में मुझे जो भी सहयोग होगा मैं करुंगी. इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने मुखिया को दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जीवन पर आधारित पुस्तक उपहार स्वरूप भेंट की.

एनसीसी ऑफिसर एनसीसी बटालियन को पढ़ा रहे हैं साइबर सुरक्षा के मूल मंत्र

नवीन मेल संवाददाता। बरही एनसीसी के 45वीं झारखंड बटालियन का रामगढ़ स्थित मुख्यालय राधा गोविंद विश्वविद्यालय में दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है. इस शिविर में डीएवी बरही के एनसीसी ऑफिसर डॉ दीपक शरण पुरुष वर्ग के प्रशिक्षक के रूप में प्रतिनिधित्व कर रहे है. इनके प्रशिक्षण का विषय साइबर सुरक्षा, लीडरशिप एनहांसमेंट और कम्यूमिकेटिव स्किल है. इसके साथ ही हथियारो के देखरेख तथा संचालन संबंधित बेसिक जानकारी भी शामिल हैं. इन तीन महत्वपूर्ण विषय पर डॉ शरण एनसीसी पदाधिकारियों को विशेष जानकारी देंगे. जिसे एनसीसी पदाधिकारी अपने कैडेट्स को प्रशिक्षित करने का कार्य करेंगे. इस दौरान एनसीसी पदाधिकारी डॉ शरण को 45वीं एनसीसी झारखंड बटालियन कोडरमा और हजारीबाग के सीओ ने उनके बेहतर परफार्मेंस के लिए सम्मानित करने का भी कार्य किया. उक्त जानकारी डीएवी के एनसीसी पदाधिकारी डॉ शरण ने दूरभाष पर दिया. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में 500 एनसीसी ऑफिसर भाग ले रहे हैं.

खोड़ाहर व विजैया संकुल के 405 किसानों के बीच चना का बीज वितरित

बरही । प्रखंड परिसर स्थित कृषि सूचना तकनीकी केंद्र में किसानों के बीच बीज वितरण किए गए. बीज वितरण कार्यक्रम बिरसा बीज विस्तार योजना अंतर्गत किया गया. उक्त जानकारी प्रखंड तकनीक प्रबंधक राकेश कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया और पंचायत समिति सदस्य सहित कई कृषक मित्र शामिल थे. बुधवार को खोड़ाहर और विजैया संकुल के कुल 405 किसानों के बीच चना का बीज वितरित किया गया. जिसमें खोड़ाहर संकुल के 238 और विजैया संकुल के 127 किसान शामिल थे. गुरुवार को भी बीज वितरण किया जायेगा. बीज वितरण कार्यक्रम प्रखंड तकनीक प्रबंधक के निगरानी में की गई. किसानों का कहना था कि इस उन्नत बीज से अच्छे पैदावार होंगे जो किसानों के लिए काफी लाभ पहुंचेगा। जब किसानों की खेती में पैदावार बढ़ेंगे तब उनकी हालात अच्छी होगी और हमारा राज्य उन्नत करेगा। किसान खुश हों तो देश विकास की ओर बढ़ेगा।

नगर परिषद रामगढ़ व छावनी परिषद में हो रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

बचे दुकानों का आवंटन जल्द से जल्द करने का दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ नगर परिषद रामगढ़ एवं छावनी परिषद रामगढ़ अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की गई जिसके उपरांत कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मनीष कुमार द्वारा अन्य विकास कार्यों के संबंध में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई। शहरी जलापूर्ति योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू डैम परिसर में सम्प हाउस निर्माण, चैनगड्डा तथा बंजारी क्षेत्र में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने के लिए तत्काल रूप से भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि नगर परिषद क्षेत्र में बिना अनुमति के होर्डिंग लगाए जाने संबंधित मामले में ऑरेंज मीडिया एजेंसी विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई है। वहीं, रामगढ़ व्यवहार न्यायालय के समीप नगर परिषद रामगढ़ द्वारा निर्मित दुकानों के आवंटन को लेकर शेष बचे दुकानों का आवंटन जल्द से जल्द संपन्न करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। बैठक में उपायुक्त ने रामगढ़ शहर अंतर्गत शनिचरा हाट के सौंदरयीकरण व साफ सफाई पर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं, शहरी क्षेत्र में सड़कों पर पशुओं के आवागमन एवं इससे ट्रैफिक व्यवस्था में हो रही कठिनाइयों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उपायुक्त ने कांजी हाउस, रामगढ़ का संचालन और भी प्रभावी तरीके से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सड़कों पर आवागमन करने वाले पशुओं को जप्त कर कांजी हाउस में रखने सहित अन्य कार्रवाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। रामगढ़ शहरी क्षेत्र को हरा भरा रखने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में पार्क विकसित करने मरार तालाब सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्टेडियम आदि विकसित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान रामगढ़ शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने, छावनी क्षेत्र अंतर्गत ट्रेकर स्टैंड सहित अन्य क्षेत्रों में साफ सफाई बनाने को लेकर भी चर्चा की गई एवं उपायुक्त द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सूरजकुंड मेला को लेकर अंचल में डाक संपन्न

संजय पांडेय ने 23,37,225 की बोली लगाकर डाक अपने नाम किया

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत 14 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर 15 दिवसीय आयोजित होने वाले सूर्यकुण्ड मेला का डाक बुधवार को अंचल में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रमुख रेनू देवी, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग,अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, नाजिर अजीत कुमार, मुखिया ललिता देवी, टुकलाल नायक, झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय समेत अन्य की देखरेख में मेले की डाक संपन्न हुई। मेले में 6 लोग भाग लिए जिसमें शिशिर पांडेय,श्याम पांडेय, विजय नायक,संजय पांडेय, चंद्रकांत पांडेय और सुरेश पांडेय ने भाग लिया। मेले में सुरक्षित राशि 3 लाख 46 हजार 9 सौ 84 रुपए थी। मेले की डाक 2023 में 23 लाख 13 हजार 2सौ 25 रुपए थी। वहीं भाग लेने वाले सभी सदस्य ने अपनी अपनी बोली लगाई। जिसमें संजय पांडेय ने अधिकतम बोली 23 लाख 37 हजार 2 सौ 25 रुपए बोलकर मेले को अपने नाम कर लिया।

मनमोहन सिंह लांबा बने रेलवे उप-समिति के नए अध्यक्ष

रामगढ़। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा को रेलवे उप-समिति के मनोनीत सदस्य के रूप में के रूप में चुना है। इस सम्मानित पद पर रेलवे क्षेत्र में वृद्धि और विकास के लिए महत्पूर्ण जिम्मेदारियां निभाने के लिए मनोनीत किया जाता है। मनमोहन सिंह लम्बा रामगढ़ के कई सामाजिक संस्थाओ के साथ मिलकर पूर्व से जिले के कल्याणकारी कार्यो में अपना योगदान देते आ रहे हैं । सदस्य के रूप में मनोनीत होने के बाद उन्होंने कहा कि वह रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, कुशल रेलवे लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के माध्यम से व्यापार और वाणिज्य को सुविधाजनक बनाने, सरकारी एजेंसियों और नियामक निकायों के साथ रेलवे उद्योग और एफजेसीसीआई सदस्यों के हितों की वकालत करने का कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा की रेलवे उप-समिति का नेतृत्व करने और झारखंड के रेलवे क्षेत्र के विकास में योगदान करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं प्रगति और विकास को आगे बढ़ाने के लिए एफजेसीसीआई सदस्यों, सरकारी एजेंसियों और संजय अखौरी एवं अमित साहू जैसे हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री का शेफाली गुप्ता ने किया स्वागत

पार्टी में नारीशक्ति को संगठन में सक्रियता के साथ रहना बहुत ही जरूरी है : नागेन्द्र



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी को हजारीबाग आगमन पर भारत माता चौक पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने फूलमाला एवं बुके भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन की। इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों पर सनिध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। संगठनात्मक वातार्लाप कर पार्टी की मजबूती पर विशेष एवं खास चर्चा की। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने भाजपा नेत्री शेफाली की सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में रूचि देखते हुए जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पार्टी में आप जैसे नारीशक्ति का संगठन में सक्रियता के साथ रहना बहुत ही जरूरी है। आपके उज्ज्वल भविष्य की बहुत- बहुत शुभकामनाएं। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि पार्टी द्वारा मिली जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा एवं सक्रियता से निर्वहन करती हूं। कोशिश करती हूँ कि जहां तक संभव हो सके सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में जुडकर कार्य करूं। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष रणुका देवी, भाजपा नेता आनंद देव, सदर मंडल पश्चिमी अध्यक्ष रंधीर पाण्डेय सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिती रही।

बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के खिलाफ सिमडेगा जिला रहा बन्द

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदू बौद्ध सिख जैन ईसाई पारसी लोगों के ऊपर वहां के कट्टरपंथियों के द्वारा अत्याचार की जा रही है ।इसके विरोध में विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले बुधवार को जन आक्रोश यात्रा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम यात्रा से पूर्व बन्द का आवाहन किया गया ,जिसको मद्देनजर रखते हुए सिमडेगा जिला पूरी तरह से बन्द रहा। सिमडेगा में खुलने वाली छोटी बड़ी सभी प्रकार की दुकानें पूरी तरह से बंद रही ,इसके अलावा चौक चौराहों पर खुलने वाली चाय ठेला खोमचा फलसहित सभी दुकान पूरी तरह से बंद रही। लोगों ने सुरक्षा से अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद करते हुए बांग्लादेश की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं इसके बाद सिमडेगा गांधी मैदान से आक्रोश यात्रा की शुरुआत हुई। जहां पर सिमडेगा शहरी क्षेत्र के अलावा सिमडेगा ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुषों की

विहिप के बैनर तले निकाली जन आक्रोश यात्रा,उमड़ा जनसैलाब

ऐतिहासिक जन सैलाब उमड़ा। जुलूस में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, विहिप प्रांत सह मंत्री सह बजरंग दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो एवं जैन मुनि डॉक्टर पद्मराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैली गांधी मैदान से निकलकर सिमडेगा झूलन सिंह चौक, महावीर चौक ,नीचे बाजार होते हुए नीचे बाजार पेट्रोल पंप से पुनः वापस आगे बढ़ते हुए सिमडेगा प्रिंस चौक होते हुए समाहरणालय तक पहुंची। जहां पर प्रतिनिधिमंडल के द्वारा उपायुक्त सिमडेगा को राष्ट्रपति महोदया के नाम पर ज्ञापन सौपते हुए बांग्लादेश प्रकरण में भारत सरकार के हस्तक्षेप की मांग की गई। इस मौके पर कहा गया कि जिस प्रकार से बांग्लादेश में हिंदू बौद्ध सिख ईसाई पारसी जैन लोगों के ऊपर अत्याचार हो रहा है किसी से छुपा हुआ नहीं वहां की यूनुस खान की सरकार वहां की पुलिस को खुलेआम छूट दे रखी है कि वहां के अल्पसंख्यकों के ऊपर बर्बरता पूर्ण व्यवहार करें और बांग्लादेश सरकार के संरक्षण में वहां के अल्पसंख्यक समुदाय के साथ इस प्रकार की घटना हो रही है उनकी बेटी बहनों के साथ जबरन धर्मांतरण एवं दुष्कर्म की घटना को अंजाम देते हुए उनका निर्माण नरसंहार किया जा रहा है,जो दुखद है । इस मौके पर महिला पुरुष छोटे-बड़े सभी वर्ग के लोगों के अंदर आक्रोश देखने को मिला और सभी लोगों ने हाथों में ध्वज एवं तख्ती लेकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जम कर नारे बाजी की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिमडेगा विश्व हिंदू परिषद के द्वारा संयोजक मंडली का गठन किया गया था इसके संयोजक पवन जैन शहरी क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा पंडाल के अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स एकल अभियान, श्री हरि सत्संग समिति, गायत्री परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सहित सभी सामाजिक संगठन का सहयोग रहा जिन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए इस ऐतिहासिक हिंदुओं का जन आक्रोश यात्रा को सफल बनाया।

बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यकों पर हमले के विरोध में आक्रोश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग । बांग्लादेश में हो रहे हिन्दू अल्पसंख्यकों के दमन के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के आगुवाई में बुधवार को कुरडेग में विशाल जन आक्रोश यात्रा निकाली गई।यात्रा में प्रखण्ड के हजारों सनातनियों ने शामिल होकर बांग्लादेश के हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर विरोध जताया और अविलम्ब दमन पर रोक लगाने की मांग की।यात्रा उमा महेश्वर महावीर मंदिर से शुरू होकर परकला पेट्रोल पंप से वापस प्रखंड कार्यालय पहूंची जहाँ सभा में परिवर्तित हुआ। इस दौरान समाजसेवी सुशील श्रीवास्तव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार बन्द होने चाहिए,।संयुक्त राष्ट्र संघ को तुरन्त हिंसा रोकने पर कार्रवाई करनी चाहिए। वहाँ की युनुस सरकार मूकदर्शक बनकर बैठी है।जबकि मोहम्मद युनुस को शांति का नोबेल पुरस्कार प्राप्त है और उसी के शासनकाल में देश में अशांति है।संयुक्त राष्ट्र संघ को उनके नोवेल पुरस्कार को वापस छीन लेना चाहिए। वहीं उन्होंने कुरडेग के मुस्लिम भाईयों का भी आभार प्रकट किया जिन्होंने स्वतः बन्द का समर्थन किया और अपने दुकानों को बन्द रखा।हिंसा रोकने के लिए महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी बीडीओ को सौंपा गया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, कृष्णकांत सिंह डॉ अजय शर्मा ,लक्ष्मण जी, श्रवण बड़ाईक ,अनुज गुप्ता, अशोक गुप्ता ,उमेश जयसवाल, अनुज श्रीवास्तव, जसवन्त प्रधान आदि उपस्थित थे।

हिंदू परिषद ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ निकाला जुलूस

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर बंगला देश मे हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ निकाला गया जुलूस इस मौके पर एक दिवसीय बोलबा बाजार स्वेच्छा से बंद किया गया । कार्यक्रम के आरंभ में बोलबा बाजार टाँड़ स्थित दुर्गा मन्दिर के पास पूजा-अर्चना के बाद जुलूस निकाला गया । जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं

पर हो रहे अत्याचार के विरोध नारे लगाए तत्पश्चात बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सहित कई मांग को लेकर लिखित ज्ञापन दिया गया ततपशचात जुलूस यथा स्थान वापस आने के बाद कीर्तन भजन एवं प्रवचन किया गया।जुलूस में शामिल सभी लोगों को विश्व के द्वारा भोजन कराया गया ।इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष टकबर सिंह , चंद्रदेव सेनापति, भानुप्रताप सिंह, हीरालाल प्रधान, रामसुभग प्रधान, नेहाल जयसवाल, मिलावती देवी प्रभा देवी, ममता देवी, तनुजा देवी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

ठेठईटांगर में निकाली गई जन आक्रोश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। में बांग्लादेशी अल्पसंख्यक को हिंदू जैन सिख इसाई पारसी दमन के विरोध में जन आक्रोश रैली विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के अगुवाई में निकाली गई जिसमें सलगापोस, ताराबोगा ,अलसंगा केरिया पंडरीपानी रिपोटोली जोराम आदि जगहों के लोगों ने भाग लिया।जुलूस में बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं का अत्याचार हिंसा बंद हो, बांग्लादेश में हिंदुओं का हिंदू मंदिर तोड़फोड़ करना बंद करो, बांग्लादेश में मानवता चीत्कार है यूनस सरकार तुम्हें अधिकार है, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार तत्काल बंद हो, बांग्लादेश में हिंदुओं तथा सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कटरपंथीयो द्वारा हमले हत्या लूट आगजनी और बच्चे व महिलाओं पर हो रहा अत्याचार बंद हो आदि नारे लगाए गए। जुलूस शिव मंदिर परिसर से निकलकर जोराम मुख्यालय चौक बाजारटांड़ थाना परिसर प्रखंड खेल मैदान होते हुए प्रखंड विकास कार्यालय पहुंचा। जहां पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग के तत्वाधान में ज्ञापन सोपा गया।जन आक्रोश रैली को सफल बनाने को लेकर मुख्यालय की होटल,पान,फुचका, फल दुकान, कपड़ा दुकान, राशन दुकान चाय दुकान बुधवार को बंद रही। जन आक्रोश रैली में सैकड़ो महिलाएं पुरुष शामिल थे।रैली को सफल बनाने में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज नरेंद्र बडाईक कृष्ण बड़ाईक सुमित कुमार पप्पू साह रिंटू सिंहाअनिल गुप्ता बबलू अमन कुमार सैकड़ो महिला पुरुष ने अपनी भागीदारी निभाई।

मनरेगा योजना के संचालन के तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर प्रखंड में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए मुखिया पंचायत सचिव प्रज्ञा केंद्र संचालक तकनीकी विशेषज्ञ की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संपन्न हुआ प्रशिक्षण में मनरेगा से संबंधित कार्य योजनाओं को कैसे पंचायत स्तर पर संचालित करें इस पर विशेष जानकारी प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षक के रूप में मुखिया शिशिर टोप्पो दुर्गा उरांव दिव्या बरला के द्वारा मनरेगा के अंतर्गत पंचायत में भुगतान डाटा एंट्री कैसे करें इस पर कंप्यूटर के द्वारा भी विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण दिनांक 9दिसम्बर से शुरू होकर बुधवार को समाप्त हुआ। प्रखंड क्षेत्र के प्रशिक्षण में सभी मुखिया पंचायत सचिव प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित थे एवं इन्होंने प्रशिक्षण का लाभ उठाया प्रशिक्षक ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद मनरेगा के जितने भी कार्य हैं पंचायती राज में डिजिटल पंचायत के अंतर्गत सभी कार्य अब पंचायत में ही ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध होगी।

कृषि बाजार समिति में भरत प्रसाद ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

भरत प्रसाद का प्रयास सराहनीय, अन्न और जल का दान बहुत बड़ा दान : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कृषि बाजार समिति परिसर में भरत प्रसाद, भरत फूड एंड वेजिटेबल कंपनी सिमडेगा के संचालक द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।भरत फूड एंड वेजिटेबल कंपनी सिमडेगा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह का सर्वप्रथम उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजु उरांव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया गया। यह सम्मान समारोह भरत फूड एंड वेजिटेबल कंपनी के संचालक भरत प्रसाद द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने भरत फूड एंड वेजिटेबल कंपनी थोक में सब्जी एवं फल खरीद कर मार्केट में बिक्री करने सभी व्यापारियों को सम्मानित करते कई बहुमूल्य उपहार भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने पड़ोसियों को उनके बुरे वक्त में साथ देने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन

करने हेतु सभी पड़ोसियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने भी भेंट प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने सब्जियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने वाले वाहन चालक को भी सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने प्रेस मीडिया के प्रतिनिधियों को भेंट देते हुए सम्मानित किया। तथा कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित टमाटर, कटहल और अन्य सब्जी उत्पादक किसानों को भी सम्मानित किया गया।इस दौरान बीरू राजवंश की उमा भवानी , पाकरटाँड़ निवासी 117 वर्षीय जब्बार खान, धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रामविलास शर्मा सहित कई गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने भरत वेजिटेबल्स एंड फ्रूट्स के संचालक भरत प्रसाद के समाज सेवा के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि अन्न और जल का दान बहुत बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि भारत प्रसाद की ओर से जिले के लगभग 382 से अधिक टी.बी. पीड़ितों के लिए पोषक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाता है, जो बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि धर्म और पुण्य का कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को समाज सेवा से जुड़ना चाहिए। भरत वेजिटेबल्स एंड फ्रूट्स के संचालक भरत ने कहा कि बचपन में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह बहुत अधिक बीमार थे। तब समाज के लोगों ने चंदा करके उनकी जान बचाई थी।

100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्र में दिया गया प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

बानो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के लिए पीरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीड सुश्री विद्या वालको, तरुण कुमार, टीबी विवाह सिमडेगा से पीपीएम कॉर्डिनेटर अभिषेक जोसफ तिर्की और वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सोनू कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ट्रेनिंग के दौरान टीबी रोग के बारे में जानकारी दी गई और इसके नियंत्रण के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की गई।कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके नियंत्रण में मदद करना है। ट्रेनिंग के दौरान, टीबी रोग के कारण, लक्षण, और उपचार के बारे में विस्तार से चर्चा की।इसके अलावा, ट्रेनिंग में टीबी रोग के नियंत्रण के लिए आवश्यक कदमों पर भी चर्चा की गई। टीबी रोग की पहचान, उपचार, और रोकथाम के तरीकों पर विशेष ध्यान दिया गया। स्वस्थ्य कर्मियों को बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग से उन्हें टीबी रोग के बारे में अधिक जानकारी मिली और वे अब इसके नियंत्रण में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान कर सकते हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने कहा कि ट्रेनिंग का उद्देश्य टीबी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके नियंत्रण में मदद करना है। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग से अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को टीबी रोग के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी और वे अब इसके नियंत्रण में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान कर सकते हैं।इस प्रकार, बानो में 100 दिवसीय टीबी अभियान के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करना एक महत्वपूर्ण कदम है जो टीबी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके नियंत्रण में मदद करने में सहायक होगा।

बोरिंग से नहीं निकला पानी, फिर भी घरों तक पहुंचा दिया कनेक्शन

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। प्रखंड के ओड़गा पंचायत अंतर्गत ढेलसेरा जानुम टोली में संवेदक की लापरवाही के कारण गांव के 25 से ज्यादा आदिवासी परिवार पेयजल कि संकट से जूझ रहे हैं। आलम ये है कि ये सभी आदिवासी परिवार पानी के लिए दर - दर कि ठोकरें खाने को मजबूर हैं। जल जीवन मिशन योजना के तहत बना यह जल मीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जानुम टोली के सुरेश समद, अमृत समद, अशोक जोजो, फिरोज अहीर, महेश अहीर, बलदेव अहीर, बिमल समद, जोसेफिन समद, अनीता समद, लूसिया जोजो, नीलम जोजो, रोशन्ति समद, फुदेंसिया समद, ग्लोरिया लुगुन आदि ग्रामीणों ने कहा कि विगत

तीन माह पूर्व संवेदक ने बिना गांव वालों की सलाह से अपने मर्जी से जलमीनार लगाने के लिए बोरिंग करवाया लेकिन बोरिंग से पानी नहीं निकला फिर भी संवेदक ने इसके बाद भी संवेदक ने आधा अधूरा जलमीनार खड़ा कर दिया। हैरानी तो तब हुई जब ग्रामीणों ने बताया कि बिना पानी के ही उनके घरों तक पाइप पहुंचा दिया गया है। अब गांव के ग्रामीण नदी का गंदा पानी पीने को विवश हैं।

गांधी मैदान में गीता जयंती के मौके पर हुआ भव्य कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। इधर जन आक्रोश यात्रा संपन्न होने के पश्चात गांधी मैदान सिमडेगा में विश्व हिंदू परिषद की ओर से गीता जयंती का आयोजन किया गया जहां पर सर्वप्रथम भारत माता एवं भगवान श्री कृष्ण के गीता उपदेश देते हुए चित्र पर दीप प्रचलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की जहां पर मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, सह मंत्री रंगनाथ महतो, जैन मुनि डॉक्टर पद्मराज विहिप जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, समन्वय समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू कार्यक्रम के सयोंजक पवन जैन सहित अन्य उपस्थित थे ।सभी आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रांत के मंत्री मिथिलेश परमेश्वर ने कहा कि जब-जब धर्म की हानि हुई है तब तब ईश्वर किसी न किसी रूप में अवतार लिए हैं। जब द्वापर कल में धर्म की हानि हो रही थी तब भगवान श्री कृष्ण अवतार लिए और गीता का उपदेश दिया वह गीता का ज्ञान आज हमारे जीवन के लिए सर्वोपरि वर्तमान समय में जिस प्रकार से हिंदुओं पर अत्याचार टारगेट करते हुए किया जा रहा है इससे आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह होगा इसीलिए हम सभी लोगों को संगठित रहने की आवश्यकता है। बजरंग दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आज हिंदुओं ने

एकता का परिचय दिया है वह सराहनीय हमें हमारे अल्पसंख्यक हिंदू भाइयों के प्रति हमेशा एक रहना है क्योंकि एकता में बल होती है आज जिस प्रकार से बांग्लादेश में हिंदू भाइयों के ऊपर अत्याचार हो रही है किसी से छिपा हुआ नहीं है इस मामले में विश्व हिंदू परिषद लगातार पूरे देश भर में आंदोलन चलाकर हिंदुओं को जगा कर भारत सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि वहां के अल्पसंख्यक समुदाय की रक्षा हो सके। मौके पर जैन मुनि डॉक्टर पद्मराज ने भी लोगों को संबोधित करते हुए जीवन के उद्देश्य एवं मूल्य के बारे में विस्तार पूर्वक की जानकारी दी। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने लोगों को संबोधित करते हुए का वर्तमान समय में बांग्लादेश में जिस प्रकार से हिंदुओं के ऊपर अत्याचार हो रहा है किसी से छुपा हुआ नहीं है । एक विशेष समुदाय के द्वारा कत्लेआम मंदिरों को तोड़ने के साथ-साथ धर्म गुरुओं को जेल में डालने का काम कर रही है यह अपने जिहादी कट्टर पंथी को बढ़ावा देने के लिए यूनुस सरकार बांग्लादेश पुलिस को खुली छूट दे रखी है। आज वर्तमान समय में हिंदुओं को एक रहकर जैन की आवश्यकता है क्योंकि हम जात पात धर्म भेदभाव के नाम पर अगर लड़ते रहेंगे तो आने वाले दिनों में हमारे देश की भी स्थिति भयावाह होगी ।इसलिए अपने मठ मंदिर धार्मिक ग्रंथ और अपने विचारों को संगठित रखने की आवश्यकता है। वही उन्होंने आक्रोश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी सरना सनातन समुदाय सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

न्यूज बॉक्स

बंग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ केरसई रहा बंद

केरसई। बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रति अत्याचार के विरोध में वहां हो रहे अल्पसंख्यकों पर हिंसा रोकने की हेतु विश्व हिंदू परिषद के आवाहन पर आज केरसई प्रखंड बंद रहा।अहले सुबह सभी सनातनी अपने-अपने प्रतिष्ठान स्वत बंद कर दुर्गा मंडप पर जुटने लगे।जहाँ से सभी लोग रूशु भण्डारतोली लालपुर चौक साहु चौक इंद्रा चौक से प्रखंड कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकालकर प्रधानमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सोपा।मौके पर बाघडेगा, कोनोसकेली ,रूसु,भण्डारतोली लालपुर चोक, करमटोली ,केरसई साहु चौक के सैकड़ो की संख्या में सनातनी मौजूद थे।

नशापान,दहेज प्रथा उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने पर चर्चा

सिमडेगा। सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया की आम सभा बुधवार को केलाघाघ डैम तट पर हुई। सदर मो ग्यास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने,संगठन की मजबूती,अंजुमन के पदधारी होने के लिए शर्त आदि पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सदर ने कहा कि हाल के दिनों में समाज में कई बुराइयां तेजी से फैल रही है है। इसे सेंट्रल और ग्रामीण क्षेत्रों के अंजुमन मिलकर दूर करने की कोशिश करेगा। नशापान,दहेज प्रथा उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने पर चर्चा हुई। शादी ब्याह में दिखावे से बचने और सादगी से इसे करने की सलाह दी गई। बच्चों के बेहतर शिक्षा पर फोकस देने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि सेंट्रल अंजुमन और ग्रामीण क्षेत्रों के अंजुमन मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करेगी। बैठक में संगठन मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि सभी अंजुमन संगठन मजबूती के दिशा में कार्य करे और सामाजिक,शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से लोगों को जागरूक करे। बैठक में कहा गया कि सेंट्रल अंजुमन का अगला चुनाव में पदधारियों के चयन के लिए बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग कर किया जाएगा। साथ ही पदधारियों के लिए कुछ शर्तें तय की गई। निर्णय लिया गया कि जिले के सभी लोग जो 18 वर्ष या इससे ऊपर के हैं वे वोटिंग कर सकते हैं। साथ ही सदर पद के लिए न्यूनतम उम्र 40 और शैक्षणिक योग्यता इंटर पास होना अनिवार्य होगा। इसी तरह सेकेट्री पद के लिए न्यूनतम उम्र 30 और शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम इंटर पास तय किया गया। अन्य पदों के लिए न्यूनतम उम्र 30 और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास तय किया गया। चुनाव संपन्न कराने के चुनाव समिति गठन पर चर्चा की गई और इसका अध्यक्ष अली ईमाम को बनाते हुए पांच सदस्य भी भी चुने गए। बैठक में विभिन्न अंजुमनों से आए लोगों ने अपनी अपनी बातें रखीं। कई लोगों ने सुझाव भी दिए। बैठक में कोलेबिरा,बानो,कुरडेग, कोनमेरला,ठेठईटांगर, कोनमेंजरा सहित विभिन्न क्षेत्रों के अंजुमन के पदधारी शामिल हुए। बैठक का समापन नायब सदर हाजी जावेद के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

बोलबा में दो माह से जाति आय आवासीय नहीं बनने से लोगों में बढ़ी परेशानी

बोलबा। बोलबा अंचल कार्यालय में दो माह से सर्टिफिकेट नही बनने से लोग परेशान । इस संबध में ग्रामीणों ने बताया कि अपने बच्चों का छात्रवृति फार्म भरने एवं अन्य कई आवश्यक कार्यों को लेकर जाति ,आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया गया है । जो कि अंचल अधिकारी के लॉगिन में फंसा हुआ है । इस संबंध में अंचल अधिकारी सुधांशू पाठक ने बताया कि तकनीकी कारण से अभी जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है । उन्होंने कहा कि डिजिटल लॉक हो गया है । जो तत्काल ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है।

हुरदा में गीता जयंती पर बांग्लादेश के खिलाफ निकाली रैली

बानो। बानो प्रखण्ड के हुरदा मंडल में बुधवार को गीता जयंती मनाने के बाद हजारों की संख्या में महिला पुरुष एवं युवक युवती सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। बांग्लादेश सरकार के विरुद्ध नारे लगाए। सभी जगह की दुकानें दिनभर बंद रहे। रैली को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू जागरण एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का परिश्रम काफी सराहनीय रहा। मौके पर शिव शरण जी, बालेश्वर जी, नरेंद्र , उमेश रवानी ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में जयप्रकाश, मनवेल मुंडा, चामू , बाबा गोपाल दास , व्यवसायी बलभद्र ,तुम्बा साहु, टकधर साहू सुरेश साहु , गुड्डू साहू , राजेश बड़ाइक , जसबीर ,रमेश नाग, जदू सिंह एवं बीना देवी आदि लोग उपस्थित थे।

ग्रामीण विकास एवं अनुसूचित जाति के मंत्री से कोलेबिरा विधायक ने की मुलाकात

सिमडेगा। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री दिपिका पाण्डेय सिंह एवं अनूसूचित जाति, अनूसूचित जन जाति विभाग के मंत्री चमरा लिंडा से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र सहित सिमडेगा जिला के विकास कैसे किया जाए उसपर चर्चा किया। वही विधायक कोनगाड़ी ने कहा कि हमारा सिमडेगा जिला सुदुर ग्रामीण क्षेत्र है, किन्तु बहुत से क्षेत्र में विकास का काम करने की आवश्यकता है। मंत्री से उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला का चहूंमुखी विकास कैसे हो इस पर मंत्री ध्यान बना रहे यही अपेक्षा रखते हैं।मंत्री द्वारा ने विधायक को आश्वस्त कि और कहा कि आपके विचार और विकास पर निश्चित रूप से हमेशा रहेगा।विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के साथ साथ खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रामगढ़ विधायक ममता देवी ,रोशन बरवा सुनील उरांव आदि उपस्थित थे।

एक नजर

टूर ऑपरेटर, पर्यटक परिवहन ऑपरेटर को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

चांडिल। पर्यटन विभाग, झारखंड पर्यटन उद्योग में पेशेवरों के कौशल और विशेषज्ञता को बढ़ाने के उद्देश्य से पांच दिवसीय विशेष निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। विभाग ने टूर ऑपरेटर, पर्यटक परिवहन ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंटों के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची के सहयोग से प्रशिक्षण का आयोजन कर रहा है। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी, जिनकी आयु 15 सितंबर 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 50 वर्ष के बीच है, आवेदन कर सकते हैं।

रोजगार शिविर में 23 अभ्यर्थी किए गए शॉर्टलिस्ट

चांडिल। जिला नियोजनालय परिसर में आयोजित रोजगार शिविर में 23 अभ्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। शिविर में टैलेंटनेक्सा सर्विसेज लिमिटेड एवं युवा शक्ति फाउंडेशन के अधिकारियों ने साक्षात्कार के माध्यम से फिटर, विएमसी ऑपरेटर, सीएनसी ऑपरेटर व मिग वेल्डर सहित विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए कुल 23 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया। इस संबंध में जिला नियोजन पदाधिकारी आलोक कुमार टोपनो ने बताया कि शिविर में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन किया गया।उन्होंने बताया कि जिला नियोजनालय के सौजन्य से नियमित रूप से रोजगार शिविर एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। जिसकी प्रक्रिया पूर्णतः

एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से छूटना नहीं चाहिए : डीडीसी

बोकारो। बोकारो जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई. डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद, स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर वीरेंद्र कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. एबी प्रसाद व सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार ने सदर अस्पताल में बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की. प्रशासन ने जिले में 3 लाख 53 हजार 551 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा है. डीडीसी ने अभियान से जुड़े कर्मियों से कहा कि खुराक पिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए. ईमानदारी से 0-5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाएं. ध्यान रहे कि एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए.

पांच दिवसीय श्री गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

यज्ञ का उद्देश्य व्यक्ति उपासना साधना व आराधना है : राजीव

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ बड़कीपोना पंचायत के पोना पर्वत धाम (बघलता) में बुधवार से पांच दिवसीय श्री गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल एवं विशिष्ट अथिति युवा सामजसेवी रमेश दांगी के द्वारा महिला श्रद्धालुओं के सिर पर कलश रखकर किया गया। इस दौरान बड़कीपोना पंचायत के सैकड़ों महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई। जिसके बाद कोची नदी में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि यज्ञ का उद्देश्य व्यक्ति उपासना, साधना, आराधना अंशदान समय दान जीवन में धारण करें तथा इससे मनोवांछित फल की भी प्राप्ति होती है। यही नहीं यज्ञ का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण एवं समाज कल्याण के लिए संपन्न कराना अति आवश्यक है। पूजा अर्चना का कार्य रामशरण गिरी बाबा के देख रेख में संपन्न हुआ। इस दौरान पूरा क्षेत्र बजरंग बली की जय, जय श्री राम, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की के नारों से गुंजायमान हो उठा। आयोजित यज्ञ के दौरान भव्य भंडारा के साथ साथ कीर्तन एवं रात्रि जागरण का भी आयोजन किया गया हैं। यहां पहुंचे अथितियों का स्वागत चुनरी ओढ़ाकर किया गया। मौके पर संरक्षक कन्हैया दांगी, अध्यक्ष अमरेश कुमार, उपाध्यक्ष तुलेश्वर कुमार, सचिव नेम चंद राम दांगी, उप सचिव अजय कुमार, कोषाध्यक्ष होली कुमार, उप कोषाध्यक्ष सूरज कुमार सहित निरंजन महतो, उमेश कुमार, प्रदीप कुमार, विकास कुमार, मनोज कुमार, सोनू कुमार, बसंत कुमार, राहुल कश्यप, किशोरी महतो, सचिन कुमार, अजय कुमार, अरुण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

गावां में एमडीएम चावल हेरफेर का मामला

बीईईओ की भूमिका संदिग्ध होगी कार्रवाई : एसडीएम

नवीन मेल संवाददाता। गावां एमडीएम मद में आवंटित चावल को स्कूलों तक पहुंचाने के दौरान चावल की हेराफरी में बीईईओ की भूमिका सवालों में है। बता दें कि बीते सोमवार को गावां एफसीआई गोदाम से स्कूलों तक चावल पहुंचाने के लिए तीन पिकअप वाहन निकला था, लेकिन वह चावल स्कूलों तक ना पहुंचाकर उसे कालाबाजारी में खपाने का प्रयास हुआ। इसी कड़ी में एमडीएम का 42 क्विंटल चावल लेकर एक वाहन जेएच 10 सीआर 8815 मिर्जागंज ाग रहा था, जिसका गावां के कुछ ग्रामीणों ने पिछा भी किया और तिसरी में वाहन को रोका भी। वावजूद वह वाहन एमडीएम का 42 क्विंटल चावल स्कूलों में ना पहुंचाकर उसे कालाबाजारी में खपाने के लिए मिर्जागंज लेकर चला गया। इधर, गड़बड़ी छुपाने के उद्देश्य से पिहरा पंचायत के स्कूलों के लिए आवंटित चावल को ले जाने वाले वाहन से गावां के दोनोसोत के विद्यालय में चावल दिया जा रहा था। जिसका झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह समेत अन्य ग्रामीणों के विरोध पर वाहन को जांच के नाम पर जब्त किया। लेकिन बगैर जांच के ही 24 घंटे बाद बीईईओ ने सब कुछ नियम संगत बता गावां थाना से जब्त वाहन को छुड़वा दिया। इससे चावल के इस कालाबाजारी के खेल में बीईईओ की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेष रंजन ने कहा कि गावां में एमडीएम चावल में हेरफेर मामले की दो स्तरीय जांच करवाई जा रही है। बगैर जांच के ही वाहन को बीईईओ के प्रतिवेदन पर छोड़ा गया है। इसमें बीईईओ की भूमिका संदिग्ध लग रही है। बीईईओ को शो-कॉज करते हुए 24 घंटे में जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर बीईईओ समेत इस गड़बड़ी में शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई होगी।

अरिका मेडिवर्ल्ड मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का दूसरी वर्षगांठ मनी

अस्पताल में लीवर ट्रांसप्लांट भी किया जाएगा : डॉ इंद्रजीत

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद आठ लेन सड़क जमुआटांड़ शक्ति चौक के बीच अवस्थित अरिका मेडिवर्ल्ड मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का दूसरा वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अस्पताल के निदेशक डॉ इंद्रजीत कुमार तिवारी के पिता समाजसेवी अरुण चंद्र तिवारी एवं माता कृष्णा तिवारी ने किया। अस्पताल के निदेशक डॉ. रजनी तिवारी ने कहा कि आने वाले दिनों में इस अस्पताल में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही लिवर ट्रांसप्लांट की व्यवस्था भी रहेगी। मौके पर अस्पताल के सीईओ केके तिवारी ने कहा कि इस सफल आयोजन के लिए अस्पताल के सभी डॉक्टर, नर्स, कर्मचारी एवं सहयोगी बधाई के पात्र है। मौके पर राजेश कुमार तिवारी, मुखिया निरंजन गोप, खोरठा गीतकार विनय तिवारी, गौरव तिवारी, समाजसेवी राजीव तिवारी, नवीन चंद्र तिवारी, संतोष रवानी, मंगल गोस्वामी, नारायण ठाकुर, अर्जुन महतो, दया शंकर तिवारी, मो. जलाउद्दीन अंसारी, राजीव गोप, निलकंठ मंडल, महेंद्र दास, संतोष ठाकुर, कार्तिक रवानी एवं अन्य मौजूद रहें।

नेताजी सुभाष जयंती समारोह को लेकर हुई बैठक, नई कमिटी गठित

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत डाकबंगला परिसर में मिलन प्रकाश बाला की अध्यक्षता में 14वां नेताजी सुभाष मेला के आयोजन को लेकर जन संघर्ष मोर्चा ने बैठक कर पुरानी कमिटी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया.

संयोजकः चंडी चरण साव, आदित्य प्रधान, स्वपन महतो, सुदीप पटनायक. **सह संयोजकः** दिलीप साव, संजय प्रहराज, पिंटू महंती, वन बिहारी साव, देवाशीष दास, मनोज गिरी, श्रीवत्स घोष. **अध्यक्षः** रंजीत कुमार बाला. **उपाध्यक्षः** मदन मन्ना, राज कुमार कर, राम हरि बेरा, मिंटू नायक, मिहिर दलाई, अपूर्व सुंदर दास, सनत मंडल, कमल आचार्य, भक्तिश्री पड़ा, बबलू मंडल. **सचिवः** बिमल बारीक. **सह सचिवः** राजू माईती,बिकास मित्र, मिलन ओझा, कौशिक माईती, विश्वजीत सीट, पिकलू घोष, सोमनाथ साव, राजा पात्र, चंदन सीट, हेमकांत भुइंया, अनल कामिला, अमल साव, देबू सीट बनाए गए।

'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम में पांच सौ आंगनबाड़ी सेविकाएं होंगी सम्मिलित

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ द्वारा बुधवार को 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ इन्दु प्रभा खलखो के द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं के प्रथम बैच के तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर होटल टी एंड ट्रीट कोठार रामगढ़ में किया गया। उनके द्वारा जानकारी दी गयी कि ये प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच बैच में चलाया जाना है, जो 11.12.2024 से प्रारंभ होकर 04.01.2025 तक निर्धारित है, जिसमें 500 आंगनबाड़ी सेविकाएं सम्मिलित होंगी। देशभर में पोषण और प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में सुधार के उद्देश्य से वर्ष 2022 में 'पोषण भी पढ़ाई भी' की शुरूआत की गयी है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 0-3 एवं 03 से 06 वर्ष के बच्चों के लिए नवचेतना एवं आधारशिला के अन्तर्गत प्रारंभिक बचपन की देखभाल, शिक्षा, पोषण, बच्चों के विकास के सभी आयामों, पोषण ट्रेकर एप, एसएएम / एमएएम बच्चे, एमसीपी कार्ड, स्थानीय चीजों का प्रयोग कर आंगनबाड़ी केन्द्रों को लर्निंग सेन्टर के तौर पर विकसित करने के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति, साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में एक मजबूत नींव तैयार किए जाने को लेकर प्राथमिकता तय की गयी है जिससे 0-6 वर्ष के बच्चों के सम्पूर्ण विकास पर फोकस किया जा सके।

नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2024

वार्ड वार प्रगणक का गठन कर सर्वे शुरू करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2024 के निमित्त पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण के लिए बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारियों को वार्ड वार प्रगणक का गठन कर सर्वे शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद में अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के संबंध में वार्ड वार सूचना अद्यतन मतदाता सूची के आधार पर निर्धारित प्रपत्र 1 से 3 में एवं पिछड़े वर्गों की राजनैतिक स्थिति की जानकारी के लिए अनारक्षित वर्ग के विरुद्ध चुने गए अत्यंत पछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधियों की सूचना पिछले दो निर्वाचन के आधार पर निर्धारित प्रपत्र 4 से 5 में प्राप्त कर 31 दिसंबर से पहले पूरा करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी शीघ्र वार्ड वार प्रगणक का गठन कर डोर टू डोर सर्वे शुरू कर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूरा करें। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी तथा सभी अंचल के अंचल अधिकारी मौजूद थे।

पारूलिया में स्कूल परिवार ने सेवानिवृत्त शिक्षक व लिपिक को दी विदाई

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत पारूलिया प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को शिक्षक पंचानन भद्र तथा लिपिक रतिकांत बेरा के सेवानिवृत्त होने पर स्कूल प्रबंधन ने उन्हें समारोह पूर्वक विदाई दी. विद्यालय प्रबंधन ने समारोह में फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर दोनों को सम्मान दिया. विदाई के वक्त उपस्थित तमाम शिक्षकों की आंखे नम हो गईं. विदाई समारोह की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य प्रणव घोष ने कहा कि वरीय लिपिक और शिक्षक समय के काफी पाबंद थे. वे हमेशा स्कूल समय से दस मिनट पहले पहुंचते थे. इनके कार्यों से कर्मियों को सीख लेने की आवश्यकता है. उन्?होंने कहा कि उक्त दोनों व्यक्तियों का काम बेहद ही संतोषजनक रहा. मौके पर वरुण साहू, अशोक पाल, सोमनाथ बोस, अजीमुद्दीन शेख, राजेश दत्त आदि उपस्थित थे.

तिसरी में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

तिसरी। तिसरी के अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त कर पुलिस को सुपुर्द किया है। जब्त स्वराज ट्रैक्टर गांवा के चेरवा का बताया जा रहा है। बताया जाता है कि उक्त ट्रैक्टर गांवा के नदी से बालू लोड कर तिसरी की ओर आ रहा था। इसी दौरान अंचलाधिकारी ने उसे जब्त किया। वहीं बीते शुक्रवार को भी तिसरी पुलिस ने भंडारी रोड से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया था। उक्त ट्रैक्टर कुंजलपुर के विक्रम कुमार का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। हालांकि ऐसी कार्रवाई के बावजूद धंधेबाजों पर इसका कोई खास प्रभाव पड़ता दिखाई नहीं देता है। कार्रवाई के बाद धंधेबाज बालू निकालने में अधिक सतर्कता बरतने लगते हैं।

पान दुकान में चोरी कारोबारियों में रोष

धनबाद। निरसा में विभिन्न कारोबारियों की बंद दुकानें एक बार फिर से अपराधियों के निशाने पर हैं. अपराधियों ने शासन बेड़िया मोड़ पर स्थित अशोक मांझी की पान की दुकान में चोरी की. दुकान के ऊपर लगे एस्बेस्टस शीट को तोड़कर चोर अंदर घुसे और दुकान में रखा सारा सामान तथा नगदी लेकर चलते बने. सुबह जब अशोक ने अपनी दुकान खोली तो देखा की दुकान के ऊपर का एस्बेस्टस शीट टूटा हुआ है और गल्ले में रखे लगभग 15-20000 नगदी चोरी कर ली गई है.

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के जागरूकता वाहन को उपायुक्त ने किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा प्रत्येक व्यक्ति का बीमा सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर व फीता काटकर रवाना किया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता वाहन के द्वारा अगले 15 दिनों तक जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर लोगों व ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के फायदों, बीमा कराने आदि के प्रति जागरूक किया जाएगा। उक्त अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप माली सहित अन्य उपस्थित थे।

Office of the Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.
(Room No.-503, Jal Bhawan, Doranda-834002.)

(NOTICE INVITING QUOTATION)

Quotation Invitation Notice No.:- 09/2024-25 Date- 10.12.2024

Sealed quotations hereby invited from Agency/Firm for following item of work as mentioned below for Getalsud Reservoir Scheme on **30-12-2024** up to 3:00 PM and same will be opened at the same day at 3:30PM before the Agency/Firm or their authorized representatives.

Sl. No.	Items/Descriptions	Quantity	Unit	Rate	Amount
1	2	3	4	5	6
1	Supply, Fitting and Fixing of Appropriate dia. and length of Steel Wire Rope for Service and Emergency Gate, Total 2 Nos. of Power Intake gate all complete job of Getalsud Reservoir Scheme.	02	Nos.		
2	Supply, Fitting & Fixing of Gate Guide Shoe of Emergency Gate No.2 & 3 of Power Intake Gate. All complete job including Cutting, Welding etc.	03	Nos.		
3	Marking of Water level near intake gate.	01	Job		
4	Repairing of Intake Gate Gear (vibration & Noise).	01	Each		

Note:- Details are available in our website: http://www.wrdjharkhand.nic.in and at Office Notice Board.

PR 341767 (Water Resource) 24-25 (D)

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.

संथाली भाषा दिवस 22 दिसंबर को पटमदा में

पूरे जिले से असेका के प्रतिनिधि करेंगे शिरकत

नवीन मेल संवाददाता। जादूगोड़ा आदिवासी सोशियो एजुकेशनल एंड कल्चरल एसोसिएशन (आसेका) की ओर से आगामी 22 दिसंबर को पटमदा में धूमधाम से संथाली भाषा दिवस मनाने की तैयारी जोरों पर है. इस बीच कार्यक्रम की सफलता को लेकर पटमदा में बैठक हुई. अध्यक्षता एसोसिएशन के महासचिव शंकर सोरेन ने की. कार्यक्रम की सफलता के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया, जिसमें टीका राम मुर्मू अध्यक्ष चुने गए जबकि सचिव जीतू राम मुर्मू एवं कोषाध्यक्ष दिवाकर टुडू को बनाया गया है. बैठक के बाद असेका के महासचिव शंकर सोरेन ने कहा कि 22 दिसंबर 2003 को संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था, जिसकी याद में पटमदा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल होने से संथाली भाषा के विकास का रास्ता खुल गया. अन्य राज्यों में भी ओलचिकी भाषा में पढ़ाई संभव हो सकी. उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी को आमंत्रित किया जाएगा. इस तैयारी बैठक में कमिटी के अध्यक्ष टीका राम मुर्मू, सचिव जीतू राम मुर्मू, कोषाध्यक्ष दिवाकर टुडू, असेका के महासचिव शंकर सोरेन, समंत मुर्मू, विनोद, शिवनाथ, हरिहर टुडू, सुखदेव हेंब्रम, विभूति हेंब्रम, नरेश चंद्र सोरेन, सुभाष हेंब्रम, संजय टुडू, पीरु सोरेन, जलेश्वर हांसदा, आदित्य प्रसाद सोरेन समेत काफी संख्या में आदिवासी समुदाय के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे.

इंडोर दिव्यांग क्रिकेट में हिस्सा लेने के लिए झारखंड के खिलाड़ी रवाना

नवीन मेल संवाददाता। रांची केरल के कोझिकोड में छठा नेशनल इंडोर दिव्यांग क्रिकेट का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 13 से 16 दिसंबर तक चलेगा। इंडोर क्रिकेट का आयोजन केरल पैरालंपिक डिसेबल्ड क्रिकेट के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। इस खेल में हिस्सा लेने के लिए झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन ने झारखंड के दिव्यांग क्रिकेट के सभी खिलाडियों को एसोसिएशन के सचिव सरिता सिन्हा, मुकेश कंचन ने शुभकामना देकर रवाना किया। खिलाड़ियों में कप्तान विजय महतो, निशांत, नितेश, राकेश रंजन, बिपिन, साजिद, दिनेश हसदा, मुकेश कंचन, राजमन, स्नेहाशीष कर्मकार, प्रमोद, बिपुल, पवन लकड़ा शामिल है।

ग्रामीणों को अफीम की खेती के दुष्प्रभाव की दी जानकारी

जमशेदपुर। सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निदेर्शानुसार बुधवार को चौका थानांतर्गत रेयाडदा और बारसिडा में अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया. चौका थाना की पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान थाना प्रभारी बजरंग महतो ने स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के दुष्प्रभाव एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी. इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के स्थान पर वैकल्पिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया.

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मेसर्स तिरुपति इन्टरप्राईजेज (प्रो0–रामचन्द्र यादव) पिता–श्री जानकी गोप, ग्राम–बितकिला, पोस्ट–गौरिया करमा, थाना–बरही, जिला–हजारीबाग, पिन कोड–825405, मोबाईल नं0–9431130400, 8789590710 को सूचित किया जाता है कि राज्य सम्पोषित योजना अन्तर्गत आर0ई0ओ0 मुख्य पथ जरहिया पश्चिमी टोला से जरहिया नाला (केनाल) पथ (लम्बाई–1.200 कि0मी0) निर्माण कार्य के लिए आपके द्वारा दिनांक–24.08.2019 को किया गया एकरारनामा (एकरारनामा सं0–27 F2 of 2019-20) के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–24.08.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–23.05.2020 था । पॉच वर्ष से अधिक अवधि बीत जाने के वाबजूद भी आपके द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जिसके कारण अधूरे नाली में दूर्घटना होते रहती है।

इस कार्यालय के पत्रांक–707 दिनांक–26.04.2024, पत्रांक–1179 दिनांक–22.12.2023, पत्रांक–1150 दिनांक–10.09.2023, पत्रांक–1092 दिनांक–22.08.2023, पत्रांक–1038 दिनांक–11.08.2023, पत्रांक–785 दिनांक–12.07.2023, पत्रांक–660 (अनु0) दिनांक–12.06.2023, पत्रांक–583 (अनु0) दिनांक–29.04.2023, पत्रांक–582 (अनु0) दिनांक–29.04.2023, पत्रांक–137 (अनु0) दिनांक–07.02.2023, पत्रांक–940 दिनांक–11.10.2022, पत्रांक–68 दिनांक–20.07.2022, पत्रांक–537 दिनांक–07.06.2022 एवं पत्रांक–380 दिनांक–25.03.2022 द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु आपको निदेश दिया गया है, फिर भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई रुचि नहीं ली गई है, जो अत्यन्त ही खेद का विषय है।

आप अपने पत्रांक–शून्य दिनांक–18.08.2023 द्वारा दिनांक–30.09.2023 तक नाली एवं गार्डवाल निर्माण कार्य पूर्ण करने, दिनांक–25.11.2023 तके Grouting एवं Premixing का कार्य करने का भरोसा दिलाया था, परन्तु अब तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है । जो दर्शाता है कि आप विभाग को धोखा दे रहे हैं तथा समय व्यर्थ व्यतीत कर रहे हैं । आपके आवेदन पत्रांक–शून्य दिनांक–29.04.2023 के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–582 (अनु0) एवं पत्रांक–583 (अनु0) सभी दिनांक–29.04.2023 द्वारा अलकतरा एवं इमलशन क्रय हेतु प्राधिकार–पत्र पूर्व से निर्गत होने के बावजुद भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया । पुनः आपके आवेदन पत्रांक–शून्य दिनांक–31.10.2023 के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–1530 (अनु0) दिनांक–03.11.2023 द्वारा अलकतरा एवं इमलशन का प्राधिकार पत्र निर्गत किया गया, फिर भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया ।

आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण पथ की क्षति हो रही है तथा राज्य की सम्पति का नुकशान हो रहा है। ऐसी स्थिति में आपके द्वारा किये गये कार्य का अन्तिम मापी लेने हेतु कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, बरही एवं सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, बरही को दिनांक–18.12.2024 को सुबह 10:00 बजे निर्देशित किया गया है।

आपको निदेशित किया जाता है कि कार्य स्थल पर आप स्वंय अथवा अपने प्रतिनिधि को मापी के समय उपस्थित रहना सुनिश्चित करेगें । यदि आप या आपके प्रतिनिधि उक्त तिथि एवं समय पर मापी के समय उपस्थित नहीं रहेगें तब भी इस पथ में किये गये कार्य की अन्तिम मापी ली जायेगी, जो आपको मान्य होगा । इसके बाद आपका कोई भी दावा विभाग को मान्य नहीं होगा । साथ ही सूचित करना है कि अन्तिम मापी के उपरान्त एकरारनामा के शर्तो के अनुरुप आपका जमा अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा आपके फर्म/निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग में अनुशंसा की जा रही है। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
हजारीबाग

PR 341761 Rural Work Department(24-25)#D

संपादकीय

अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस का औचित्य और भारत

बेंगलुरु के एक युवा अभियंता ने अपनी पत्नी और ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर आत्म हत्या कर ली और शर्त रखी कि उसके हत्यारों को सजा न हो तो अस्थियाँ गटर मेन बहा दी जाएं। इस दुखद सच्चाई से बदल रही दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस मनाए जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है क्योंकि महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। पुरुष दिवस दुनिया के 30 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'सकारात्मक पुरुष रोल मॉडल' है। यह ऐसा एक वैश्विक उत्सव है जो पुरुषों के सकारात्मक योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाता है, साथ ही पुरुषों के स्वास्थ्य, कल्याण और लैंगिक समानता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह दिन पुरुषों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने वाली चचाओं और कार्यों को बढ़ावा देने, सकारात्मक रोल मॉडल को प्रोत्साहित करने और अधिक समावेशी समाज की वकालत करने का अवसर प्रदान करता है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाए। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि फर्जी केसों में पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। आज सेना सहित मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार में महिलाएं महत्वपूर्ण पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इस दिवस को मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है। दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं।

टीबी उन्मूलन : राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए जरूरी

जगत प्रकाश नड्डा
लेखक माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से टीबी को खत्म करने का स्पष्ट आह्वान किया। उनके नेतृत्व में टीबी की देखरेख का एक नया मॉडल अपनाया गया और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए अनेक नये तरीके अपनाने का बीड़ा उठाया। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 के निष्कर्षों ने अब तक अपनाए गए चिकित्सकीय उपचार की प्रभावशीलता को स्वीकार किया। इसने 2015 से 2023 तक भारत में टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की - जो वैश्विक स्तर पर देखी गई गिरावट की दर से दोगुनी है। इतना ही नहीं, देश में 25.1 लाख रोगियों का निदान किया गया, जिससे देश में उपचार कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो 2015 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 85 प्रतिशत हो गई है।

प्रधानमंत्री की कल्पना से प्रेरित होकर, 7 दिसंबर को, भारत ने अपनी टीबी उन्मूलन रणनीति में एक और परिवर्तनकारी कदम उठाया। सरकार ने टीबी से लड़ने की अपनी कोशिश में तेजी लाने के लिए पंचकूला से 100- दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें 347 ऐसे जिले शामिल थे जहां टीबी के मामले सबसे अधिक थे। यह पहल कमजोर आबादी तक सक्रिय रूप से पहुंचकर और उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करके हर टीबी रोगी की जल्द पहचान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है। जनभागीदारी की सच्ची भावना में, हम सभी - निर्वाचित प्रतिनिधि, स्वास्थ्य चिकित्सक, नागरिक समाज, कॉरपोरेट और समुदाय - ने अभियान को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए सहयोग किया है। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सक्रिय सहयोग से, यह नया अभियान भारत की टीबी उन्मूलन यात्रा में एक और उपलब्धि साबित होगा।

टीबी उन्मूलन के लिए भारत का सामाजिक दृष्टिकोण

विस्तारित निदान प्रयासों को पूरा करने और टीबी रोगियों के पूर्ण स्वास्थ्य लाभ में सहायता करने के लिए, भारत ने पोषण सहायता योजना : निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई) की अवधारणा बनाई और उसे क्रियान्वित किया। अप्रैल 2018 से, हमने एनपीवाई के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 1.16 करोड़ लाभार्थियों को ₹3,295 करोड़ वितरित किए हैं। टीबी उन्मूलन

के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए, इस योजना के तहत मासिक सहायता को नवंबर 2024 से मौजूदा ₹500 से दोगुना करके ₹1,000 प्रति माह कर दिया गया है। एक और महत्वपूर्ण पहलू - टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। जन भागीदारी की भावना में सरकार और नागरिकों के बीच सामंजस्?य ने देश भर में रोगियों को भोजन के 21 लाख पैकेट प्रदान करने के लिए 1.75 लाख नि-क्षय मित्रों को प्रेरित किया है।

टीबी को खत्म करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देना

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने उपचार की सफलता दर में सुधार के लिए बेडाक्विलाइन और डेलामैनिड जैसी नई दवाएँ पेश की हैं। दवा-प्रतिरोधी वैरिएंट वाले रोगियों के लिए उपचार पूरा करने में चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमने बीपीएएलएम-उपचार, जिसमें चार-दवा संयोजन शामिल हैं, को अपनाने की अनुमति दी है जो मौजूदा उपचारों की तुलना में अधिक प्रभावी है। जबकि हमारे पास पारंपरिक 19-20 महीने के उपचार के साथ-साथ 9-11 महीने का छोटा उपचार उपलब्ध है, बीपीएएलएम उपचार के साथ रोगी अब केवल छह महीने में उपचार पूरा कर लेंगे!

हमने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सभी रोगियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए जमीनी स्तर पर उन्नत उपकरण उपलब्ध हों। इसे सक्षम करने के लिए, हमने अधिक कुशल और सटीक निदान उपकरण झ्र मौलीक्यूलर परीक्षण किए। 2014-15 में कुछ सौ मशीनों से, अब हमारे पास सभी जिलों में 8,293 मौलीक्यूलर निदान मशीनें उपलब्ध हैं।

वास्तव में, 'मेक इन इंडिया' पहल से प्रेरणा लेते हुए, स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों का क्षेत्र-परीक्षण किया गया है और उन्हें शुरू किया गया है। हम न केवल जिला और ब्लॉक स्तर पर टीबी का पता लगाने में लगने वाले समय को कम करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि परीक्षण और उपचार की लागत में भी भारी कमी ला सके हैं। हमारे स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी मिल चुकी है और दुनिया भर में उनका उपयोग किया जा रहा है। इन पहलों ने भारत को वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में एक सच्चे नेता के रूप में स्थापित किया है।

हमें इस बात पर भी गर्व होना चाहिए कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) 2018 से लगातार दुनिया भर में टीबी अनुसंधान के शीर्ष सार्वजनिक वित्तपोषकों में से एक रहा है। हम मरीज के नजदीक किए जाने वाले अधिक कुशल चिकित्सा परीक्षणों सहित नए उपकरण तेजी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे।

भविष्य के बारे में सोचना

टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरूआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। तीव्र 100-दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

आपकी बात

प्रेरणा का एक उत्कृष्ट उदाहरण भगवान श्री राम

संजय गोस्वामी

प्रेरणा का एक उत्कृष्ट उदाहरण वाल्मीकि द्वारा रचित श्री रामचरितमानस के किष्किन्धा कांड में देखा जा सकता है। जब वानर सेना - भगवान राम और हनुमान के नेतृत्व में वानरों की एक टीम - माता सीता को बचाने के लिए लंका पहुंचने के लिए हिंद महासागर के तट पर पहुंची, तो उन्हें समुद्र पार करना था - लगभग असंभव कार्य। इस समय प्रेरणा सबसे प्रभावी विशेषता थी। श्लोकों के अनुसार, समूह के सभी सदस्य हनुमान की प्रशंसा करने लगे, जो अपनी क्षमताओं और शक्तियों के साथ उन्हें मजबूत और प्रोत्साहित करने के लिए वहां थे, जिन्हें वे अपने पिछले गलत कामों के कारण भूल गए थे। हनुमान की प्रशंसा बढ़ गई, जिससे उन्हें कार्य पूरा करने में मदद मिली। जैसा कि निम्नलिखित उद्धरण हैः भालुओं के राजा ने हनुमान की ओर रुख कियाः सुनो, पराक्रमी हनुमान। आप कैसे हैं माँ? आप आत्मा के पुत्र हैं, आप अपने पिता के समान शक्तिशाली हैं। वे ज्ञान, समझ और आत्मा के भंडार हैं। जब हनुमान ने ये शब्द सुने तो वे पहाड़ पर बड़े हो गए, उनका शरीर सोने की तरह चमक रहा था और दूसरे पर्वतराज (सुमेरु) की तरह वैभव से भरा हुआ था और वे बार-बार सिंह की तरह दहाड़ते हुए कहते थे, मैं आसानी से खारे समुद्र में गिर सकता हूं और रावण के सैनिकों को मार सकता हूं और यहां त्रिकुटी नामक पहाड़ी को नीचे ला सकता हूं। यदि त्रिकुट को गलती से त्रिकुट कहा जाता है, तो इसका मतलब है कि वह पर्वत जिस पर लंका की स्थापना की गई थी। यहां त्रिकुट का अर्थ है तीन सींग वाला पर्वत। (रामचरितमानस, किष्किंधा कांड, दोहा- 29)। उपरोक्त उद्धरण में प्रेरणा को शरीर को ऊपर उठाने के रूप में दिखाया गया है जब हनुमान की शक्ति समुद्र के ऊपर उड़ने जैसे असंभव कार्य को करने से प्राप्त की जा सकती है। हनुमान के लिए लंका तक उड़ना भी संभव है। हालाँकि उपरोक्त अंश प्रेरणा की सामान्य और मनोवैज्ञानिक अवधारणा पर जोर देता है जो दिखाता है कि सुदृढीकरण एक सुदृढ़ कारक के रूप में कैसे कार्य करता है जो इसे असंभव बनाता है। अभिव्यक्ति के साधन के रूप में राजनीतिक जवाबदेही महिला सुरक्षा के साथ-साथ चलती है। भूमिका संघर्षों के बीच संतुलन। यह केवल प्रेरणा की बात नहीं है बल्कि एक महान नेता होने का अच्छा व्यवहार भगवान राम ने हासिल किया है।उसका 14 साल का वनवास के बाद, अयोध्या से लौटने के बाद माता सीता द्वारा दी गई अग्नि परीक्षा (अग्नि परीक्षा) के बारे में लोगों में बहुत बड़ी गलत धारणा है। अरण्य कांड, दोहा 23 के उद्धरणों से यह स्पष्ट है कि अग्नि परीक्षा एक प्रयोग नहीं था बल्कि वनवास के दौरान माता सीता को दुर्घटनाओं से दूर रखने के लिए शुरूआत में एक सोची-समझी रणनीति थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अलग बात

आर्थिक कारणों से अन्नदाताओं के बगावती तेवर



सनत जैन

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसानों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। नाबार्ड की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। 4.476 करोड़ किसान परिवारों की मासिक औसत आय मात्र 13,661 रुपये है। जो प्रति दिन की आय 150 रुपये से भी कम है। जिसके कारण अधिकांश किसान परिवार आर्थिक तंगी के सबसे भयावह दौर से गुजर रहे हैं। किसान खेती के अलावा पशुपालन, मजदूरी और अन्य माध्यम से जो थोड़ी किसानों को आय होती है। उसी से वह किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। छोटे किसानों की हालत मजदूरों से भी गई बीती हो गई है। नाबार्ड की रिपोर्ट के अनुसार खेती से किसानो की औसत मासिक आय केवल 1,677 रुपये है। किसानों के पास जरुरी संसाधन और कोई बचत नहीं है। हर छोटे किसान के ऊपर कर्ज का भार है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है, कि 91,231 रुपये का औसत कर्ज देश के किसान परिवारों पर है। भारत मे केवल 9.1% किसान परिवार कर्ज से मुक्त हैं। लघु सीमांत किसान छोटे किसान सभी कर्ज के भार से दबे हुए हैं। खेती की लागत पिछले 10 वर्षों में बेतहासा बढ़ने, उपज के उचित दाम नही मिलने और कर्ज के बोझ से किसानों और उनके परिवार का जीवन जीना कठिन हो गया है। देश के 55.4% किसान परिवार कर्ज के भारी बोझ से दबे हुए हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकारी नीतियों में सुधार की जरूरत है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करना आवश्यक है। तीन वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है। किसान सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार ने जो वायदे किए थे, उससे केन्द्र सरकार मुकर गई है। निहत्ये किसानों पर जिस तरीके से पुलिस बल का प्रयोग किया जा रहा है। उसके कारण किसान नाराज होकर अब आर पार की लड़ाई लड़ने सड़कों पर उतर रहे हैं। बैंक और सहकारी समितियां द्वारा डिफाल्टर होने पर किसानों से ब्याज पर दंड ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज पर तुरंत रोक लगाने की व्यवस्था सरकार को करना होगी। इसके अलावा, कृषि के लिए आधुनिक तकनीकों और सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी हो गया है। केंद्र एवं राज्य सरकारें किसानों और कृषि के लिये सही नीतियाँ बनाकर उन्हें लागू कराएं, तभी किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। जीवन जीने के लिए कृषि क्षेत्र का मजबूत करना सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। किसानों के साथ जो धोखाधड़ी सहकारी समितियां और सूदखोरों द्वारा की जा रही है। इस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बोधि वृक्ष

सुखी वैवाहिक जीवन के लिए सर्वप्रथम एवं सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है आत्मिक एकता - आध्यात्मिक आदर्शों एवं उद्देश्यों में समानता और उन्हें अध्ययन, प्रयास एवं आत्म-अनुशासन के द्वारा प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक इच्छुकता से कार्यान्वित करना।

अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना

श्री श्री परमहंस योगानंद

सबसे बड़ी वस्तु जिसकी कामना पति या पत्नी अपने जीवनसाथी के लिए कर सकते हैं, वह है आध्यात्मिकता; क्योंकि आत्मा के विकसित हो जाने से समझ, धैर्य, विचारशीलता और प्रेम के दिव्य गुण प्रकाशित होते हैं। परन्तु प्रत्येक को यह याद रखना चाहिए कि आध्यात्मिक विकास की इच्छा को दूसरों पर थोपा नहीं जा सकता। प्रेम को अपने जीवन में जीये और आपकी अच्छाई आपके सभी प्रियजनों को प्रेरणा देगी। जब तक पति-पत्नी विवाह के वास्तविक ऊँचे उद्देश्य को ध्यान में नहीं रखते तब तक वे शायद कभी भी एक साथ वास्तविक सुखी जीवन का आनन्द नहीं ले पाएँगे। यदि विवाह को आदर्श स्वरूप देना है तो अति कामुकता, अति घनिष्ठता, शालीनता का अभाव, शंकालुवृत्ति, अपमानजनक भाषा या कार्य, बच्चों या अतिथियों के सामने वाद-विवाद, सनकीपन, और अपने जीवन साथी पर परेशानियों का बोझ डालना या क्रोध उतारना, इन सबसे बचना चाहिए। सुखी वैवाहिक जीवन के लिए सर्वप्रथम एवं सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है आत्मिक एकता - आध्यात्मिक आदर्शों एवं उद्देश्यों में समानता और उन्हें अध्ययन, प्रयास एवं आत्म-अनुशासन के द्वारा प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक इच्छुकता से कार्यान्वित करना। आत्मिक एकता वाले विवाहित युग्ल किसी अन्य इच्छित आधार के अभाव में भी वैवाहिक जीवन को सफल बनाने में समर्थ होते हैं।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से

X से



आज का दोहा

बेहद्दी मैदान में, हद बंदी का खेल।
शुरू हुआ तब से हुई, ये दुनिया बेमेल।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

व्यंग्य की बात

टमाटर का लफड़ा और चिंताराम

नवीन कुमार 'नवेंदु'
बानो, सिमडेगा, झारखंड।

इधर कुछ दिनों से चिंताराम को मुफ़्त में सलाह देने का भूत सवार हो गया है। वे धीरे-धीरे सलाह देने में 'महापंडित' बन गए हैं। महाशय किसी को भी सलाह दे मारते हैं, ऐसे वक्त में बेचारे अपने पराए का जरा भी भेद-भाव नहीं रखते हैं। वे भाईचारा की लाज रखते हुए, निकट के इष्ट-मित्रों को अपने दिए सलाह का अनुपालन होने या न होने का समय-समय पर खोज-खबऱ भी लेते रहना लाजिमी समझते हैं। यह शाश्वत सत्य है कि सलाह देना हर कोई जानता है;और सलाह देते समय वह अन्तयार्मी बन जाता है मानों उस समस्या का सबसे अच्छा हल या कहें अंतिम उपाय वह ही बता रहा हो और कुछ दूजा हो ही नहीं सकता।

इधर कुछ दिनों से टमाटर आदतन रसोई का जायका बिगाड़ कर रख दिया है। उधर चिंताराम जी ने टमाटर पीड़ित लोगों के दर्द पर मरहम का लगाने का महाभियान का श्रीगणेश कर दिया। दुनिया भी अजीब है,जब कोई चीज सस्ती हो जाती है तो उसकी ओर सीधे मुंह से देखती भी नहीं है, दाम बढ़ते ही उसके पीछे लट्टू हो जाती है। यों कहें, दाम में ही दम होता है और भले ही खरीदने वाले बेदम होने लगते हैं। मांग और पूर्ति का नियम अपना रंग दिखाने लगता है। और फिर क्या! टमाटर का जो रंग लाल है, वह और लाल हो जाता है।

अरे भाई! टमाटर का उत्पादन घट गया तो खाना बंद दो न! टमाटर कोई अमृत नहीं है कि इसे खाकर तुम अमर हो जाओगे। अगर अमर हो जाओगे तो देश की आबादी और बढ़ जाएगी। हमारा देश घोर संकट में पड़ जाएगा। ऐसे ही तो हर जगह भीड़ लगी रहती है।

एक बार चाय की दुकान पर मेवालाल से अपने चिंताराम जी जा टकराए। मेवालाल की तबीयत नरम देखकर उन्होंने कहा-भाई साहब!आपने अपनी हालत ऐसी क्यों बना रखी हैं? कुछ लेते क्यों नहीं?

मेवालाल ने चिंताराम से कहा -लूं तो क्या लूं? कुछ समझ में आता ही नहीं?

चिंताराम ने जम्हाई लेते हुए कहा-टमाटर खाइए और मस्त रहिए!

मेवालाल ने कहा-टमाटर का दिमाग सातवें आसमान पर है। हम जैसे आम आदमी की औकात उससे आंखें मिलाने की है ही नहीं।

चिंताराम ने मेवालाल से कहा-खरीद नहीं सकते हैं तो टमाटर ही बेचना शुरू कर दीजिए। आपकी पांचों उंगलियां घी में होगी। टमाटर भी आपके चरणों में रहेगा। फिर आपका स्टेटस भी बढ़ जाएगा। आप अपने नाम के साथ टमाटरवाला पूँछला लगा सकते हैं। कहा भी गया है करो नौकरी सरकारी या बेचो तरकारी! मेवालाल ने गंभीर

मुद्रा बनाते हुए कहा- अरे! भाई, सरकारी बाबुओं पर मेरा मुँह मत खुलवाओ। वे काम करते हैं छंटाक भर और उन्हें चाहिए मेहनताना पसेरी में। वे सरकार के दामाद जो ठहरे। महंगाई भत्ता कितनी बढ़ेगी, बस उसे जोड़ते रहना इनका काम रह गया है। वेतन आयोग बनते रहे हर दस साल में और तनखाह रॉकेट की भांति आसमान पर चढ़ते रहे। सरकार ने इन्हें एक तरह से मंहगाई-प्रूफ बनाकर रख छोड़ा है। टमाटर के दाम बढ़ने का असर इन पर असर होता ही नहीं । सुनने में आया है कि आजकल लोग अपना काम निकालने के लिए बाबुओं को नजराने में टमाटर भी देने लगे हैं। चिंताराम ने टमाटर वाली अपनी बातों पर जोर देते हुए कहा - इसीलिए तो कहता हूँ भाई! टमाटर की दुकान खोलकर आप अपनी किस्मत चमकाइए। फिर देखना चित्त भी आपकी और पट भी आपकी होगी। मुनाफा तो होगा ही और आपके गाल भी टमाटर जैसे लाल हो जाएंगे। मेवालाल ने कहा-आज के दौर में हम जैसे अदने आदमी को अपने गालों को लाल करने का हक ही नहीं है,भाई साहब! मलाई खानेवाले के गालों पर लाली होती है।

चिंताराम ने कहा-मुझे तो लगता है कि जब तक आम चुनाव न हो जाएँ, टमाटर का रंग ऐसे ही लाल रहेगा। अगर टमाटर सस्ता हो भी जाए तो जनता को प्याज रूलाने लगा।

आम जनता की ज़िंदगी ऐसे ही रोने- धोने में कटती रहती है। उनकी आंखों के आंसुओं को देखने वाला कोई नहीं है। बस, उन्हें अपने वोट देने का अख्तियार है। वोट के बाद उनका हाथ कट जाता है। मेवालाल ने गहरी सांसें लेते हुए कहा-देश के वैज्ञानिक भले ही चांद पर पहुंच जाएं मगर हम-आप आलू-प्याज के चक्कर में ही पड़े रहेंगे। चिंताराम ने भी हामी भर दी।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया स्कैमर्स से बचाएगा साइबर थाना

एजेंसी। महाकुंभनगर (आईएएनएस)



महाकुंभ की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी योगी आदित्यनाथ सरकार पहली बार इतने व्यापक स्तर पर महाआयोजन का डिजिटलीकरण करने जा रही है। डिजिटलाइजेशन के साथ-साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए भी व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए मेला क्षेत्र में साइबर थाने की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर लोगों को झांसा देना संभव नहीं हो पाएगा। खास बात है कि इस बार देश-विदेश से इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम बुलाई गई है। यहां प्रदेश के चुनिंदा साइबर एक्सपर्ट्स पहुंच चुके हैं, जो 45 करोड़ श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ 2025 को अब तक का सबसे भव्य और दिव्य आयोजन बनाने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। यह टीम एक स्थान पर लैपटॉप और कंप्यूटर से तो सक्रिय है ही, इसके अलावा इनकी मोबाइल टीम भी काम कर रही है, जो बड़ी संख्या में फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया के फेक अकाउंट से संबंधित मामलों को मोबाइल पर ही सॉल्व कर रहे हैं। जो लोग एआई, फेसबुक, एक्स या इंस्टाग्राम के माध्यम से लोगों से पैसे मांगते हैं, उन पर भी साइबर एक्सपर्ट नजर रख रहे हैं। शिकायत मिलते ही उन पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इनके अलावा फर्जी वेबसाइट और लिंक के जरिए धोखाधड़ी करने वालों पर भी सख्ती की जाएगी। महाकुंभ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा में साइबर एक्सपर्ट की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड में है।

प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम बुलाई गई

मेला के दौरान 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जिनकी सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा पर मेले के अधिकारी विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्हें साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम महाकुंभनगर बुला ली गई है। महाकुंभनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी बताते हैं कि फेक और डार्क वेबसाइट और सोशल मीडिया के शातिरों से श्रद्धालुओं की हर तरह से हिफाजत करने की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए पूरे प्रदेश के अनुभवी अफसरों को महाकुंभनगर में बुलाया गया है। आते ही साइबर सेल के एक्सपर्ट अपनी पोजिशन ले चुके हैं। सबसे खास बात यह है कि महाकुंभ में एआई, एक्स, फेसबुक और गूगल का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं किया जा सकेगा। ठगों के फर्जी तरीके से तैयार किए गए लिंक के हथियार नष्ट कर दिए जाएंगे। महाकुंभनगर की साइबर एक्सपर्ट की टीम ने तेजी से काम करते हुए ऐसी संदेहास्पद 44 वेबसाइटों को अपने रडार पर ले लिया है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को बड़े पैमाने पर जागरूक किया जा रहा है। उन्हें महाकुंभ मेले से संबंधित जानकारी के लिए 1920 नंबर भी जारी किया गया है। इसके साथ सरकारी वेबसाइट (जिनमें gov.in लगा हो) का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा फर्जी वेबसाइटों की सूचना भी थाने में दी जा सकती है, जिस पर साइबर थाना तुरंत कार्रवाई करेगा। इसके साथ ही देश-विदेश से महाकुंभ में आने वाले 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम दिन-रात काम कर रही है।

पीएम कल करेंगे महाकुंभ से जुड़ी 167 परियोजनाओं का लोकार्पण

एजेंसी। प्रयागराज (हि.स.)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संगम की रेती पर 13 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेजी से हो रही है। महाकुंभ से जुड़ी 167 परियोजनाओं का प्रधानमंत्री जनसभा स्थल से लोकार्पण करेंगे। जिन योजनाओं का लोकार्पण होना है, उनकी लगभग 5 हजार 3 सौ 97 करोड़ की लागत है। यह जानकारी बुधवार को अपर मेलाधिकारी महाकुंभ विवेक चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज जिले में महाकुंभ से जुड़ी स्थायी परियोजनाओं लोकार्पण करने से पूर्व प्रधानमंत्री संगम नोट पर तैयार हो रही जेटी पर संतो के संग मां गंगा की पूजा अर्चना करके महाकुंभ को सकुशल संपन्न कराने के लिए मां गंगा का आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद सभी अखाड़ों के संतों से मुलाकात करके वार्ता करेंगे। उसके बाद प्रधानमंत्री संगम नोज बने पंडाल पहुंचेंगे, जहां जनसभा को संबोधित करेंगे।उन्होंने बताया कि जिन स्थाई परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, उनमें प्रमुख बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर, अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, नागवासुकी कॉरिडोर, नया यमुना रेलवे पुल, जीटी जवाहर ओवर ब्रिज समेत अन्य लगभग 5397 करोड़ की परियोजनाएं शामिल हैं।

एनआईए ने पंजाब व हरियाणा में की नौ स्थानों पर छापेमारी

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ मामले की जांच की गई

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ मामले की जांच करते हुए बुधवार को पंजाब और हरियाणा में नौ स्थानों पर तलाशी ली। मामले से जुड़े संदिग्धों के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर आज सुबह से ही यह कार्रवाई की गई। इनमें पंजाब में आठ और हरियाणा में एक स्थान शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक यह अभियान उन व्यक्तियों और नेटवर्क को लक्ष्य करके चलाया जा रहा है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे आतंकवादी समूहों से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों का समर्थन करते हैं। ये कार्रवाई क्षेत्र में गैंगस्टरों और आतंकवादी संगठनों के बीच बढ़ते सहयोग को संबोधित करने के लिए एजेंसी द्वारा उठाए गए कदमों का हिस्सा है। पिछले महीने एजेंसी ने पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में नौ स्थानों पर व्यापक तलाशी ली थी, जिसमें दविंदर बंबीहा सिंडिकेट के सहयोगियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। गृह मंत्रालय के निर्देशों के तहत शुरू की गई एनआईए जांच के अनुसार कुछ गैंगस्टर और आतंकवादी संगठन देश के भीतर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने को लेकर धन जुटाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रहे हैं।

सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

खूब हुई तकरार, नहीं चली राज्यसभा

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

राज्यसभा में बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच एक बार फिर आज तकरार हुई और कार्यवाही हंगामे की भेट चढ़ गई। सदन में दिन में ग्यारह बजे कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोंक शुरू हो गई, जिसके कारण पहले सदन की कार्यवाही 12 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

उच्च सदन में बुधवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सूचीबद्ध दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। उन्होंने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए पांच नोटिस मिले हैं। सभापति ने नोटिस देने वाले सदस्यों में से एक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास का नाम लिया। उसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष की ओर से सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की आलोचना की। उन्होंने जॉर्ज सोरोस के साथ कांग्रेस के संबंधों पर सवाल उठाया। उन्होंने इस बात को भी स्पष्ट किया कि सोनिया गांधी के साथ जॉर्ज सोरोस का नाम सत्ता पक्ष की ओर से नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया की ओर से जोड़ा गया है। उन्होंने कठोर शब्दों में कहा कि विपक्ष को शर्म आनी चाहिए कि वे ऐसे व्यक्ति से जुड़े हैं, जो देश के खिलाफ काम करता है। विपक्षी भारत विरोधी ताकतों के साथ काम करते हैं और फिर सभापति के खिलाफ नोटिस देते हैं।

सभापति का समर्थन करते हुए रिजिजू ने हंगामे के बीच कहा कि 72 साल में एक किसान का बेटा उपराष्ट्रपति बना है। उन्होंने संसद और संविधान की गरिमा को बनाए रखा है। विपक्ष उपराष्ट्रपति पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी सदस्य सभापति के पद का सम्मान नहीं कर सकते तो वे सदन के लायक नहीं हैं। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और देश को बताना चाहिए सोरोस और उनके बीच क्या संबंध है? कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष संविधान के प्रति निष्ठा रखता है, जबकि सत्ता पक्ष के लोग बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा, ये लोग संविधान के हत्यारे हैं। इस बीच सदन में हंगामा होने लगा, जिसके बाद सभापति ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

राज्यसभा की बैठक शुरू होने के तुरंत बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर देश को अस्थिर करने की कोशिश में अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस का साथ देने का आरोप लगाया और चर्चा की मांग की। उन्होंने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के लिए भी कांग्रेस की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह विपक्षी दल द्वारा 'कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और सोरोस के बीच संबंधों' के मुद्दे से ध्यान हटाने का प्रयास है।

नड्डा ने कहा कि पिछले दो दिनों से हमारे लोग यह मुद्दा उठा रहे हैं कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का जॉर्ज सोरोस के साथ क्या संबंध है। सोरोस और सोनिया गांधी के बीच क्या संबंध है? उन्होंने कहा कि यह देश की संप्रभुता और आंतरिक और बाह्य सुरक्षा से संबंधित है।सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे को उठाते हुए नड्डा ने कहा कि वे अध्यक्ष के खिलाफ आरोप लगाकर वास्तविक मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद फिर सदन में हंगामा होने लगा। हंगामा होते देख उपसभापति ने सदन की कार्यवाही को गुरुवार पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

1700 से अधिक कृषि स्टार्टअप को 122 करोड़ से ज्यादा का फंड हुआ है जारी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। संसद को दी गई जानकारी के अनुसार, नवाचार और कृषि उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत पिछले पांच वर्षों में 1,700 से अधिक कृषि स्टार्टअप को 122 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जारी किया गया। भारत के कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी लोकसभा में अपने लिखित उत्तर में कहा कि 2019-20 से 2023-24 तक की अवधि में 1,708 कृषि स्टार्टअप को 122.50 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी की गई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह धनराशि केंद्र सरकार की ओर से पांच नॉलेज पार्टनर्स (केपीएस) और 24 आरकेवीवाई एग्री बिजनेस इंक्यूबेटर्स (आर-एबीआईएस) के माध्यम से जारी की गई, जो कि इस कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं और स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट करते हैं।

लोकसभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक 2024 ध्वनिमत से पारित

नई दिल्ली। लोकसभा ने बुधवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक 1905 के रेलवे बोर्ड अधिनियम और 1989 के रेलवे विधेयक को एकीकृत करेगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज विधेयक पर पिछले दिनों हुई चर्चा का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड और रेलवे से जुड़े विधेयक को एकीकृत करने से रेलवे का विकास और कार्यदक्षता बढ़ेगी। विधेयक के माध्यम से कानूनी ढांचे का सरलीकरण होगा।

महिला हेल्पलाइन में 81.64 लाख से ज्यादा महिलाओं को दी गई सहायता

नई दिल्ली। महिला हेल्पलाइन के माध्यम से देश भर में अबतक 81.64 लाख से ज्यादा महिलाओं की मदद की गई है। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्रीसावित्री ठाकुर ने बुधार को एक प्रश्न के उत्तर में राज्यसभा में दी। उन्होंने बताया कि महिला हेल्पलाइन का लक्ष्य सार्वजनिक और निजी दोनों जगहों पर महिलाओं को 181 नंबर के माध्यम से साल भर, चौबीसों घंटे आपातकालीन और गैर-आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि महिला हेल्पलाइन योजना 1 अप्रैल, 2015 को शुरू की गई थी। यह मिशन शक्ति के तहत संबल वर्टिकल का एक घटक है।

दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री भाजपा का होगा : मल्होत्रा

नई दिल्ली। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को पूरा भरोसा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों में दिल्ली की कमान होगी। उनके मुताबिक 'आम आदमी पार्टी का जहाज डूब' रहा है और जनता चाहती है कि सरकार भाजपा की ही बने। मल्होत्रा ने कहा, दिल्ली में अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा। क्योंकि, आम आदमी पार्टी (आप) के भीतर अराजकता है और उनका जहाज डूबता हुआ दिख रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा, उन्होंने 31 विधायकों में से 15 पूर्व विधायकों को टिकट देने से मना कर दिया है। मनीष सिसोदिया जैसे प्रमुख नेता, जो शिक्षा मॉडल के चैंपियन होने का दावा करते हैं, वो वास्तव में एक तृतीय श्रेणी का मॉडल है। इनके कई नेताओं ने मौजूदा सीट को छोड़ कर दूसरी सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। सीलमपुर विधायक अब्दुल रहमान के कांग्रेस में शामिल होने पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा- यह फेरबदल अवसरवादी व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है, जो किसी भी कीमत पर सत्ता को प्राथमिकता देते हैं।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़ एक नक्सली ढेर, दो जवान घायल

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुनगा के वन क्षेत्र में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। इस दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया, जिसमें डीआरजी के दो जवान घायल हो गए। दोनों को बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है।बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवानों- मंगलू कुड़ियम और योगेश्वर सोरी का इलाज बीजापुर जिला अस्पताल में जारी है। दोनों जवानो की स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सली के शव के साथ मौके से 9 एमएम. पिस्टल, जिन्दा आईईडी, 6 नग रिमोट स्विच एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है।

धनखड़ सरकार में व्यवधान के लिए खुद जिम्मेदार : खड़गे

एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर निशाना साधते हुए उन्हें सरकार का सबसे बड़ा प्रवक्ता बताया। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आईएनडीआईए ब्लॉक की तरफ से आयोजित एक प्रेस वार्ता में खड़गे ने कहा, राज्यसभा में व्यवधान का सबसे बड़ा कारण खुद सभापति जगदीप धनखड़ हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उपराष्ट्रपति देश में दूसरा सबसे बड़ा संवैधानिक पद है। देश के इतिहास में यह पहला मौका है जब उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए कोई प्रस्ताव लाया गया है। वह हमेशा निष्पक्ष और राजनीति से परे होते हैं और हमेशा उन्हें नियमों के अनुसार सदन को चलाना होता है। लेकिन, आज सदन में नियमों से ज्यादा राजनीति चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जगदीप धनखड़ राज्यसभा के सभापति के तौर पर 'हेडमास्टर की तरह स्कूलिंग' करते हैं। विपक्ष की ओर से जब भी नियमानुसार महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए जाते हैं, तो सभापति योजनाबद्ध तरीके से चर्चा नहीं होने देते। बार-बार विपक्षी नेताओं को बोलने से रोका जाता है। उनकी निष्ठा संविधान की बजाय सत्ता पक्ष के प्रति है।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत गरीब कारीगरों को 1,751 करोड़ रुपये का लोन अप्रूव : केंद्र

नई दिल्ली (आईएएनएस)। संसद को दी गई जानकारी के अनुसार, बैंकों ने 31 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लोहार, राजमिस्त्री, कुम्हार, बढ़ई और दर्जी जैसे गरीब कारीगरों को 1,751 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि सरकार ने उधारकर्ताओं (विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में) के सामने आने वाली चुनौतियों को दूर करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए ऋण के आसान प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के लिए अलग-अलग उपाय किए। केंद्रीय मंत्री द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 2.02 लाख से अधिक खाते खोले गए हैं, जिनमें कुल स्वीकृत ऋण राशि 1,751.20 करोड़ रुपये है।

आज का राशिफल

मेष : आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें।

वृष : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा।

मिथुन : पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा।

कर्क : मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

सिंह : निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

कन्या : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

तुला : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

वृश्चिक : विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

धनु : अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे।

मकर : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है।

कुंभ : हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

मीन : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

हिंदुओं पर अत्याचार रोकने के लिए सरकार करे पहल : अजय राय

एजेंसी। वाराणसी (आईएएनएस)

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर जारी अत्याचार की कड़ी निंदा की। यहां तक कि उन्होंने भारत सरकार से कार्रवाई की मांग भी की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि केंद्र सरकार बांग्लादेश के राजदूत को बुलाकर चेतावनी दे कि ऐसी घटनाएं तुरंत रुके। पीएम मोदी को तुरंत कदम उठाना चाहिए। वे नई राफेल लाए हैं, उसे उड़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरी सरकार में ऊपर से लेकर नीचे तक सुविधा शुल्क चल रहा है। इस कारण लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। राज्य में घटनाएं बढ़ रही हैं। पूरी सरकार भ्रष्ट हो चुकी है। संभल के बाद अब जौनपुर की अटाला मस्जिद को लेकर विवाद मामले में उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल मंदिर-मस्जिद करके अपनी राजनीति कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था नहीं है।

'पीएम आयुष्मान योजना' से संतुष्ट हैं : लाभार्थी

महराजगंज। केंद्र सरकार की 'प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना' के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज में पिछले 15 दिनों से शिविर लगाए जा रहे हैं। जिले में अब तक 17 हजार 720 कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। 'प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना' के लाभार्थी विंध्यलाल श्रीवास्तव ने कहा कि आज ही हमारा आयुष्मान कार्ड बना है। इस योजना का लाभ मिलेगा। सालाना 5 लाख रुपये का इलाज करा सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम गरीबों के लिए यह शानदार योजना शुरू की है।

कांग्रेस के लोग नाटक करने में माहिर : रामेश्वर

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और राज्यसभा सांसद रामेश्वर तेली ने बुधवार को कांग्रेस पर सदन नहीं चलने देने का आरोप लगाया। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा, कांग्रेस नाटक करने में माहिर है। इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि कांग्रेस ने इस देश को बेचा है। आप खुद ही देख सकते हैं कि कांग्रेस के शासनकाल में कितने घोटाले हुए हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग नाटक करते रहेंगे। लेकिन, मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सदन चलता रहेगा। सदन में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। उन्होने कहा, सभापति नियमों के अनरूप ही सदन को चलाते हैं, जिसे कांग्रेस के लोग नहीं देख पा रहे हैं, इसलिए यह लोग सदन की कार्यवाही में बाधा पैदा करने के मकसद से हंगामा कर रहे हैं। कांग्रेस के लोग नाटक करते रहेंगे। ये लोग हर रोज अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएंगे। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि हमारे सभापति अनुभवी हैं। उन्हें सदन को चलाने का अनुभव है। वह नियमों के अनुरूप सदन चलाते हैं।

केजरीवाल व दिल्ली की सीएम आतिशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की मुलाकात

'वोटर्स के नाम हटाने' के 3000 पन्नों के सबूत सौंपे

सीईसी को लिखा पत्र, किसी भी विधानसभा क्षेत्र में आगे वोटर न हटाए जाएं

ब्यूरो

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से मुलाकात कर दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं के नाम हटाने पर चिंता जताते हुए 3,000 पन्नों के सबूत सौंपे। केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) को पत्र लिखकर भी कहा है कि हाल ही में वोट हटाने के विवाद के चलते चुनाव प्रक्रिया की ईमानदारी बनाए रखने के लिए किसी भी विधानसभा क्षेत्र में आगे वोटर न हटाए जाएं। चुनाव आयुक्त से मुलाकात के बाद पत्रकारों से केजरीवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा वोटरों को निशाना बनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने का 'षडयंत्र' रचा जा रहा है। उन्होंने कहा, आज, हमने चुनाव आयोग को 3,000 पन्नों का एक डोजियर सौंपा है, जिसमें यह बताया गया है कि बीजेपी कैसे वोटरों के नाम हटवाने की साजिश कर रही है, विशेषकर गरीबों, पूर्वांचलियों, अनुसूचित जातियों और दलितों को निशाना बनाकर। उदाहरण के तौर पर, शाहदरा में भाजपा के एक कार्यकर्ता ने 11,000 वोटरों की सूची दी थी, ताकि उनके नाम हटाए जा सकें। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भी इन आवेदन पत्रों पर चोरी-छिपे काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने आगे बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने हमारी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। केजरीवाल ने बताया कि आयोग ने बताया कि अब यदि कोई व्यक्ति 5 से ज्यादा वोट हटवाने की आवेदन देता है, तो एसडीएम को उसकी जांच करने के लिए जाना होगा। चुनाव आयोग यह भी विचार कर रहा है कि फर्जी आवेदन देने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

इससे पहले, आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर आगामी विधानसभा चुनावों में हार के डर से सात निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भारी मात्रा में आवेदन जमा करने का आरोप लगाया। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के साथ यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिसोदिया ने दावा किया, जब भाजपा अरविंद केजरीवाल को रोकने और उन्हें चुनाव में हराने में असमर्थ रही, तो अन्य तरीकों से जीतने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों और समर्थकों ने मतदाता सूची से 22,000 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए बड़े पैमाने पर आवेदन प्रस्तुत किए। सिसोदिया ने कहा, यह एक चिंताजनक मुद्दा है, जो यह उजागर करता है कि किस प्रकार 22,000 मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं, जो कि भाजपा द्वारा रची गई एक संभावित साजिश है। यह तथ्य और भी खतरनाक है कि निर्वाचन आयोग इन आवेदनों पर विचार कर रहा है। भाजपा को शायद लगा होगा कि वे इस निर्वाचन क्षेत्र में हार जाएंगे और उनके पास वहां पर्याप्त समर्थक नहीं हैं, यही वजह है कि वे मतदाताओं का नाम हटवाने की रणनीति में लगे हुए हैं। सात निर्वाचन क्षेत्रों के नाम सूचीबद्ध करते हुए और प्राप्त 'फर्जी' आवेदनों का विवरण प्रदान करते हुए, चड्ढा ने कहा, हमने पाया कि पार्टी से जुड़े लोगों ने मतदाताओं के नाम हटवाने के लिए अधिकतम आवेदन प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा, इससे यह सवाल उठता है कि चुनाव से ठीक दो महीने पहले इन नामों को हटाना क्यों जरूरी है? इतनी बड़ी संख्या में नामों को हटाने के पीछे कौन है? नियम यह है कि एक व्यक्ति एक दिन में नाम हटाने के लिए 10 से अधिक आवेदन नहीं दे सकता।

आईसीसी रैंकिंग में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक नंबर-1 पर

ट्रेविस हेड, कामिंडु मेंडिस और टेम्बा बावुमा को भी फायदा

एजेंसी । मुंबई

आईसीसी रैंकिंग में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अपने ही देश के जो रुट को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को जारी रैंकिंग में ट्रेविस हेड, कामिंडु मेंडिस और टेम्बा बावुमा को भी फायदा हुआ है। बैटर्स की टॉप-10 लिस्ट में इंडियन विकेटकीपर ऋषभ पंत को 3 पायदान का नुकसान हुआ है। बॉलर्स रैंकिंग में पेसर जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले स्थान पर है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को एक स्थान का फायदा हुआ है, अब वह चौथे स्थान पर पहुंच गए है। भारतीय स्पिनर्स रविचंद्रन अश्विन पांचवें और रवींद्र जडेजा छठे स्थान पर है। आईसीसी की ओर से जारी नई टेस्ट रैंकिंग में अब इंग्लैंड के हैरी ब्रूक नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। इससे पहले वे दूसरे स्थान पर थे। अब उनकी रेटिंग बढ़कर 898 की हो गई है। दूसरे पायदान पर जो रूट है। उनकी रेटिंग 897 की है। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन 812 की रेटिंग के साथ तीसरे और भारत के यशस्वी जायसवाल 811 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर बने हुए हैं।

ट्रेविस हेड को 6 स्थान का फायदा : भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार सेंचुरी लगाने का फायदा ट्रेविस हेड का मिला है। उन्होंने एक साथ 6 स्थानों की छलांग मारी है। वह अब 781 की रेटिंग के साथ नंबर पांच पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। वह अब 759 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा भी तीन पायदान ऊपर आ गए हैं। वह अब 753 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर पहुंच गए हैं।



स्टार्क को 3 स्थान का फायदा

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले मिचेल स्टार्क को 3 स्थान का फायदा हुआ है। अब ऑस्ट्रेलियाई पेसर 14वें स्थान से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, उनकी 746 की रेटिंग है। जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं।

पंत को भी झेलना पड़ा नुकसान

न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को तीन स्थानों का नुकसान हुआ है। वह अब 729 की रेटिंग के साथ नंबर 8 पर चले गए हैं। भारत के ऋषभ पंत को भी 3 स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 724 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर खिसक गए हैं। पाकिस्तान के साउद शकील की रेटिंग भी 724 की है, इसलिए वे भी पंत के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं।

आईसीसी टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग

रैंक	प्लेयर	टीम	रेटिंग
1	जसप्रीत बुमराह	इंडिया	890
2	कागिसो रबाडा	सा. अफ्रीका	856
3	जोस हेजलवुड	ऑस्ट्रेलिया	851
4	पैट कमिंस	ऑस्ट्रेलिया	816
5	रविचंद्रन अश्विन	इंडिया	797
6	रवींद्र जडेजा	इंडिया	786
7	नाथन लायन	ऑस्ट्रेलिया	779
8	प्रभाथ जयसूर्या	श्रीलंका	768
9	मैट हेनरी	न्यूजीलैंड	764
10	तोमान अली	पाकिस्तान	759

आईसीसी टेस्ट बैटर्स रैंकिंग

रैंक	प्लेयर	टीम	रेटिंग
1	हैरी ब्रूक	इंग्लैंड	898
2	जो रुट	इंग्लैंड	897
3	केन विलयम्सन	न्यूजीलैंड	812
4	यशस्वी जायसवाल	इंडिया	811
5	ट्रैविस हेड	ऑस्ट्रेलिया	781
6	कामिंडू मेंडिस	श्रीलंका	759
7	तेम्बा बावुमा	सा. अफ्रीका	753
8	डेरिल मिचेल	न्यूजीलैंड	729
9	ऋषभ पंत	इंडिया	724
10	सऊद श कील	पाकिस्तान	724

डबल्स कोच किम भारतीय बैडमिंटन टीम के साथ दूसरे कार्यकाल के लिए लौटे

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने मलेशियाई डबल्स विशेषज्ञ टैन किम हर को दूसरी बार राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने के लिए नियुक्त किया है। पहली बार भारत में अपने कार्यकाल के दौरान, टैन ने चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार, उनका ध्यान 2026 एशियाई खेलों और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मजबूत डबल्स पार्टनरशिप और बेंच स्ट्रेंथ विकसित करने पर रहेगा।

मिताली सी ए की टीम ने 3 विकेट से जीता टूर्नामेंट

रांची । सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में पावर क्लब बनाम मिताली सी ए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पावर क्लब की टीम ने 35 ओवर में आठ विकेट पर 223 रन बनाया। राहुल ने 105 व सरफराज ने 22 बनाया। अजय ने तीन विकेट लेकर 52 रन दिया।

वहीं विनोद ओर जाहिद ने 2-2 विकेट लिये। 223 रनों का पीछा करने उतरी मिताली सी ए टीम ने 35 ओवर में ही सात विकेट पर 224 रन बना लिया। अजय ने 35 व अनमोल ने 27 रन बनाये। राहुल ने दो विकेट लेकर 42 रन दिया। आकाश ने दो विकेट लेकर 34 रन दिया। मिताली सी ए की टीम ने तीन विकेट से जीत दर्ज की।

मंधाना के शतक पर भारी पड़ा गार्डनर का पंजा ऑस्ट्रेलिया ने किया भारत का सूपड़ा साफ

एजेंसी । मुंबई

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीम पर्थ के वाका स्टेडियम में आमने-सामने हैं। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी वनडे में भारतीय टीम को 299 रनों का टारगेट दिया है। भारत की ओर से तीतास साधु (1)* और रेणुका सिंह (1*) बल्लेबाजी कर रही हैं। स्मृति मंधाना (105) ने शतक जमाया। हरलीन देओल के बल्ले से 39 रन निकले। अरुंधति रेड्डी (5), ऋचा घोष (2) और मिन्नू मणि (8) दहाई अंक में नहीं पहुंचीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (12) और जेमिमा रोड्रिग्स (16) सस्ते में आउट हुईं। दीप्ति शर्मा और साइमा ठाकोर का खाता नहीं खुला। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 298 रन जुटाए। एनाबेल सदरलैंड (110) ने शतक जबकि कार्यवाहक कप्तान ताहलिया मैकग्राथ (56) ने अर्धशतक ठोका। अरुंधति रेड्डी ने चार विकेट चटकाए। दीप्ति शर्मा को एक विकेट मिला। टॉस गंवाकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियई टीम ने ठीक-ठाक शुरुआत की। फोबे लिचफील्ड (25) जॉर्जिया वोल (26) ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। अरुंधति ने 11वें ओवर में दोनों को पवेलियन भेजा। अरुंधति ने 15वें ओवर में एलिस पेरी (4) और 17वें ओवर में बेथ मूनी (10) का शिकार किया। 78 रन पर चार विकेट गंवाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को सदरलैंड ने संभाला। उन्होंने एशले गार्डनर (50) के संग पांचवें विकेट के लिए 96 रनों की पार्टनरशिप की। दीप्ति ने यह साझेदारी 34वें ओवर में गार्डनर को आउट कर तोड़ी।

स्मृति मंधाना ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

4 शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पास भी कुछ बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका है। बुमराह टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट लेने से सिर्फ 15 विकेट दूर हैं। बुमराह के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 विकेट हासिल करने के लिए सिर्फ 6 विकेट चाहिए। बुमराह ने अपने सभी टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में खेले हैं, इसलिए अगर वह आठ विकेट ले लेते हैं, तो वह कपिल देव (51) को पीछे छोड़कर ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। मोहम्मद सिराज भी टेस्ट क्रिकेट में 100 विकेट के आंकड़े तक पहुंचने से सिर्फ 11 विकेट दूर हैं।

गाबा में बन सकते हैं कई बड़े रिकॉर्ड, भारतीय खिलाड़ी हासिल करेंगे बड़ी-बड़ी उपलब्धि

एजेंसी । मुंबई

ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा मैच 10 विकेट से जीतकर सीरीज में 1-1 की बढ़त बना ली है। तीसरा टेस्ट गाबा में शनिवार से खेला जाएगा। पर्थ में खेले गए पहले मैच में भारत ने दमदार प्रदर्शन किया था लेकिन दूसरे मैच में गुलाबी गेंद के सामने भारतीय खिलाड़ी फीके नजर आए। तीसरे टेस्ट के दौरान भारत के कुछ खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 2020-21 में गाबा में हुए टेस्ट के दौरान भारत की जीत के हीरो रहे थे। अगर पंत अगले मैच में 220 रन बना लेते हैं तो वह टेस्ट में 3000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

बिहार ओलंपिक एसोसिएशन ने एक सदस्यीय जांच पैनल गठित करने पर आईओए प्रमुख को कानूनी नोटिस भेजा

नई दिल्ली। बिहार ओलंपिक संघ (बीओए) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी.टी. उषा को कानूनी नोटिस भेजा है और इसे "प्रशासनिक अतिरेक" करार दिया है। यह नोटिस बिहार सहित कुछ राज्यों के शासन ढांचे की जांच के लिए एकल सदस्यीय जांच आयोग की नियुक्ति को लेकर है। आईओए अध्यक्ष ने कथित शिकायतों के आधार पर 2 दिसंबर को तेलंगाना, बिहार और राजस्थान के लिए अलग-अलग जांच आयोग बनाए थे। बिहार के लिए मुक्केबाजी महासंघ के सचिव हेमंत कुमार कलिता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया।

जब तक अश्विनी खेलती रहेंगी, मैं उनके साथ साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध हूं : तनीषा क्रास्टो

एजेंसी । नई दिल्ली

युवा भारतीय शटलर तनिषा क्रास्टो ने खुलासा किया है कि उन्होंने 35 वर्षीय एश्विनी पोनप्पा के साथ युगल जोड़ी बनाने की प्रतिबद्धता जताई है, जब तक कि वह बैडमिंटन खेलना जारी रखती हैं। तनीषा और अश्विनी ने हाल ही में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला डबल्स का खिताब फिर से जीत लिया। यह उनका पेरिस ओलंपिक के बाद दूसरा टूर्नामेंट था। इस जोड़ी ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल के सेमीफाइनल तक भी सफर तय किया। तनीषा मिक्स्ड डबल्स में भी ध्यान दे रही हैं और ध्रुव कपिला के साथ उनकी जोड़ी जम रही है। दोनों ने पिछले साल सैयद मोदी टूर्नामेंट से साथ खेलना शुरू किया और इस बार फिर उसी टूर्नामेंट में सेमीफाइनल तक पहुंचे। आने वाले टूर्नामेंट की योजना के बारे में तनीषा ने आईएएनएस से बताया, "अभी मैंने मिक्स्ड डबल्स शुरू किया है और ज्यादा उम्मीद नहीं रख रही हूं क्योंकि हाल ही में ध्रुव के टखने में गंभीर चोट लगी थी। उन्होंने सैयद मोदी से पहले ही ठीक होकर वापसी की। हालांकि, हमने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें अभी और आराम की जरूरत है, इसलिए मैं ज्यादा दूर तक नहीं सोच रही हूं।

केपीएमजी की 'उद्यमशीलता का लोकतंत्रीकरण' रिपोर्ट में भारत को लेकर किया गया है दावा

30 मिलियन से ज्यादा महिला स्वामित्व वाले नए उद्यम स्थापित करने की क्षमता

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में 30 मिलियन से ज्यादा महिला-स्वामित्व वाले नए उद्यम स्थापित किए जा सकते हैं। ये दावा उद्यमिता को लेकर सामने आई एक रिपोर्ट करती है। 'उद्यमशीलता का लोकतंत्रीकरण' नाम से कंसल्टिंग फर्म केपीएमजी की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला-स्वामित्व वाले नए उद्यमों से देश में 150 से 170 मिलियन अधिक नौकरियां पैदा हो सकती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में निवेश से कई गुना ज्यादा लाभ मिल सकता है, क्योंकि उनके दोबारा निवेश करने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा, भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप में वेंचर कैपिटल फंडिंग को बढ़ावा देने से लैंगिक समानता बढ़ सकती है। यह महिला संस्थापकों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने, नौकरियां पैदा करने और बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था में योगदान करने में भी सक्षम बना सकता है।

बेंगलुरु में टीआईई ग्लोबल समिट 2024 में केपीएमजी के क्लाइंट और मार्केट पार्टनर अखिलेश टुटेजा ने कहा, भारत के 20 प्रतिशत से ज्यादा एमएसएमई स्टार्टअप महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यम हैं और इनमें से 45 प्रतिशत टियर-2 और टियर-3 शहरों से आए हैं। इस बीच, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सरकार द्वारा समर्थित 1,52,139 स्टार्टअप में से लगभग आधे में अब कम से कम एक महिला निदेशक (लगभग 73,151 स्टार्टअप) हैं। यह देश में नवाचार और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महिलाओं के महत्व को दर्शाता है। सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए कई प्रमुख योजनाएं भी लागू की हैं। इनमें वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के माध्यम से 149 महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप में निवेश किए गए लगभग 3,107 करोड़ रुपये शामिल हैं। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम ने अप्रैल 2021 में अपनी शुरुआत के बाद से 1,278 महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए 227.12 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दी है। मंत्रालय ने कहा कि स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी योजना ने महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए 24.6 करोड़ रुपये के ऋण की गारंटी दी है। विशेष रूप से, 2016 में शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल भी देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने में एक गेम-चेंजर रही है। भारत के टेक इकोसिस्टम में 600 से अधिक जिलों में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इन जिलों में आधे से अधिक स्टार्टअप महिलाओं के नेतृत्व में चल रहे हैं।

▸ नए उद्यमों से पैदा हो सकती हैं 150 से 170 मिलियन अधिक नौकरियां

भारत में एमएसएमई में महिलाओं की तेजी से बढ़ रही भागीदारी

▸ टियर 2 और 3 शहरों से शुरू होने वाले स्टार्टअप की संख्या में उछाल

नई दिल्ली। भारत में एमएसएमई में अब 20.5 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है। बुधवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 45 प्रतिशत स्टार्टअप अब टियर 2 और 3 शहरों से शुरू हो रहे हैं, जो क्षेत्रीय उद्यमशीलता विकास की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। केपीएमजी इन इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश भर में 1,000 से अधिक इनक्यूबेटर रिसोर्स, मेंटरशिप और फंडिंग तक पहुंच की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यूईपी) और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी पहल महिलाओं और कम आय वाले उद्यमियों को सशक्त बना रही हैं, स्थानीय विकास और भविष्य की महिला नेतृत्व को बढ़ावा दे रही हैं।

केपीएमजी इन इंडिया के ऑफिस मैनेजिंग पार्टनर-बेंगलुरु सुप्रीत सचदेव ने कहा, भारत में उद्यमिता का लोकतंत्रीकरण केवल एक ट्रेंड नहीं है, बल्कि सस्टेनेबल आर्थिक विकास की दिशा में एक शक्तिशाली आंदोलन है। सचदेव ने कहा कि डायवर्स और इंक्लूसिव उद्यमशीलता इकोसिस्टम को बढ़ावा देकर, हम एक अधिक लचीली और इनोवेटिव अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम (एसवीईपी) जैसे कार्यक्रम ग्रामीण समूहों को व्यवसाय सहायता, फंडिंग और सूचना सेवाएं प्रदान कर गैर-कृषि उद्यम स्थापित करने में सहायता करते हैं। अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) और निजी क्षेत्र की पहल के तहत सरकार समर्थित इनक्यूबेटर भी राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान कर उद्यमिता को लोकतांत्रिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम, जो अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा है, ने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद लचीलापन प्रदर्शित करते हुए जीडीपी वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा, बड़ी टेक कंपनियों के एकाधिकार जैसी चुनौतियां भी हैं, जो स्टार्टअप विकास को सीमित करती हैं और फंडिंग असमानताएं हैं, टियर 2 और 3 शहरों के उद्यमियों को फंडिंग हासिल करने में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में प्रतिस्पर्धा में पारदर्शिता और निष्पक्षता की वकालत करने, समान तकनीक पहुंच नीतियों को लागू करने और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने और एंजेल नेटवर्क और इनक्यूबेटर को टियर 2 और 3 शहरों तक बढ़ाने का सुझाव दिया गया।

सेंसेक्स में 16 अंक की मामूली बढ़त

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी के पीएसयू बैंक, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली देखी गई। वहीं, ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और रियलिटी सेक्टर में खरीदारी रही। निवेशक अभी नवंबर के सीपीआई (कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स) डाटा का इंतजार कर रहे हैं, जो कि भारत सरकार द्वारा गुरुवार को रिलीज किया जाएगा। सेंसेक्स कारोबार के अंत में 16.09 अंक या 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के बाद 81,526.14 पर सिमट गया। वहीं, निफ्टी 31.75 अंक या 0.13 प्रतिशत की बढ़त के बाद 24,641.80 स्तर पर बंद हुआ।

संजय ने आरबीआई के 26वें गवर्नर के रूप में संभाला कार्यभार

मुंबई/नई दिल्ली । संजय मल्होत्रा ने बुधवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के 26वें गवर्नर के तौर पर बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। मल्होत्रा ने छह साल तक आरबीआई के गवर्नर रहे शक्तिकांत दास की जगह ली है। इस मौके पर मल्होत्रा ने आरबीआई की विरासत को कायम रखकर इसे आगे ले जाने का वादा किया। संजय मल्होत्रा ने आरबीआई गवर्नर का पदभार संभालने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वे आरबीआई की विरासत को कायम रखेंगे और इसे आगे ले जाएंगे।

केला खाइए, कई बीमारियों को दूर भगाइए

ब्यूरो

नई दिल्ली। केला हर सीजन में मिलता है। यह कई तरह के विटामिंस व मिनरल्स से भरपूर होता है। खाने में स्वादिष्ट होता है। केला में तीन तरह की नेचुरल शुगर सुक्रोज, फ्रुक्टोज, ग्लूकोज मौजूद होता है, जो फाइबर के साथ मिलकर काम करता है। केला खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है। कई शोध में ये बात साबित हो चुकी है कि दो केला खाने से 90 मिनट का वर्कआउट करने की एनर्जी मिलती है, इसीलिए एथलीटों के लिए ये पसंदीदा फल है। वैसे तो सेब के बारे में कहा जाता है कि रोजाना एक सेब खाकर आप डॉक्टर से दूर रह सकते हैं, लेकिन केला भी एक ऐसा फल है जो इस मामले में सेब की बराबरी करता है। इसलिए कई डाक्टर कहते हैं कि रोज एक केला खाकर आप डॉक्टर से दूर रह सकते हैं।

जिनोवा शाल्बी हॉस्पिटल, मुंबई की डायटीशियन फौजिया अंसारी ने बताया नियमित रूप से फलों का सेवन करने से बॉडी हेल्दी रहती है और संक्रमण से बचाव होता है। फलों में शामिल केला सिर्फ बॉडी को एनर्जी नहीं देता, बल्कि बॉडी को फिट भी रखता है। ये कई बीमारियों से बचाव करता है, इसलिए इस फल का सेवन रोजाना करना चाहिए। न्यूरोलॉजिस्ट, मेडिसिन व न्यूरोलॉजी (एम्स दिल्ली) में डॉ प्रियंका सहरावत का कहना है कि रोज एक केला खाकर भी आप डॉक्टर से दूर रह सकते हैं।

केला ऐसे करता है बीमारियों से बचाव

- केला एक ऐसा फल है, जो बेहतरीन प्रीबायोटिक है। ये आंत की सेहत को दुरुस्त करता है और आंत में गुड बैक्टीरिया बढ़ाने में मदद करता है।
- केले में पोटेशियम प्रचुर मात्रा में होता है। पोटेशियम शरीर के लिए जरूरी खनिज है। पोटैशियम से भरपूर केला ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। यह शरीर में सोडियम के प्रभाव को बैलेंस करता है और दिल की सेहत में सुधार करता है। इसका सेवन करने से हार्ट अटैक व स्ट्रोक के खतरे से बचा जा सकता है।
- केले का सेवन करने से आपकी गट हेल्थ दुरुस्त रहती है। केला फाइबर का बेहतरीन स्रोत है, जो पाचन को दुरुस्त करता है। इसका सेवन करने से पाचन से जुड़ी परेशानियां दूर होती है।
- केले को चबाना आसान है, जिसकी वजह से इसका सेवन बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों के लिए भी उपयुक्त है। इसका सेवन करने से क ज का इलाज होता है और पाचन दुरुस्त रहता है।
- रोज एक से दो केले का सेवन करने से आपका मूड भी दुरुस्त रहता है। इसमें आपकी मानसिक स्थिति सुधारने के गुण भी मौजूद होते हैं।
- केला रोज खाने से हड्डियां मजबूत रहती हैं और मांसपेशियां हेल्दी रहती हैं। इसका सेवन करने से स्किन की रंगत में भी निखार आता है। आप रोजाना दो केले खाएं, आपकी सेहत दुरुस्त रहेगी।

एक ही कमरे में चार कक्षाओं के छात्राएं पढ़ने को विवश

हमीदगंज स्थित राज्यकृत बालिका मध्य विद्यालय का हाल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। हमीदगंज में स्थित राज्यकृत बालिका मध्य विद्यालय, जिसकी स्थापना 1965 में हुई थी, आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लगभग 59 वर्षों से संचालित यह विद्यालय दिनोंदिन बदतर स्थिति में पहुंचता जा रहा है। छात्राओं की घटती संख्या शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़े करती है। वर्तमान में विद्यालय में केवल दो शिक्षिकाएं कार्यरत हैं, जबकि छात्राओं की संख्या 103 है। यहां केवल दो कक्षाएं हैं, जिनमें कक्षा 1 से 8 तक की छात्राएं एक साथ बैठकर पढ़ाई करती हैं। प्रतिदिन औसतन 45 से 70 छात्राएं ही विद्यालय में उपस्थित होती हैं। प्रधानाध्यापिका सुषमा दुबे ने बताया कि विद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध है, लेकिन खेल मैदान न होने के कारण बच्चों को विद्यालय के सामने स्थित मैदान में भेजना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि मिड-डे मील के तहत अंडा और फल वितरित होने वाले दिनों में बच्चों की उपस्थिति अधिक रहती है।

जब एक सेवानिवृत्त शिक्षक से इस समस्या के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि कई अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराते हैं, लेकिन उन्हें निजी विद्यालयों में पढ़ने भेजते हैं। इन अभिभावकों का उद्देश्य सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली छात्रवृत्ति, बैग, ड्रेस और स्वेटर जैसी सुविधाओं का लाभ उठाना होता है।

तापमान में गिरावट से बढ़ी ठिठुरन

मेदिनीनगर। बुधवार को मेदिनीनगर में ठंड का असर तेज हो गया। तापमान में भारी गिरावट के कारण ठिठुरन बढ़ गई, और लोग सर्द हवाओं से परेशान नजर आए। इस मौसम में पहली बार न्यूनतम तापमान 10°c से नीचे चला गया, जिससे ठंड ने अपने चरम का संकेत दिया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.2°C था, जबकि बुधवार को यह हल्की गिरावट के साथ 24.8°C पर दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट देखने को मिली। मंगलवार को जहां यह 12.3°C था, वहीं बुधवार को यह 9.9°C पर पहुंच गया।

मौसम विभाग की चेतावनी : मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। सर्द हवाओं और ठिठुरन के चलते लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

सड़कों पर कम हुई रौनक : दिनभर ठंडी हवाओं के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम नजर आई। सुबह के समय कार्यालय जाने वाले लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए, जबकि बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भी सन्नाटा पसरा रहा।

भागवत कथा के चौथे दिन भक्त झूमे, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। रेडमा स्थित ठाकुरबाड़ी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के 17वें अधिवेशन के चौथे दिन श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। श्रीधाम वृंदावन से पधारी कथा वाचिका स्तुति दीदी जी ने मंगलाचरण और भजन-कीर्तन के साथ कथा का आरंभ किया। कथा के दौरान स्तुति दीदी जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का जीवंत वर्णन किया। माखन चोरी और गोपियों के साथ उनकी लीलाओं ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें यह सिखाती हैं कि सच्चा आनंद भक्ति में निहित है, न कि भौतिक वस्तुओं में। चौथे दिन गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा व्यास ने कहा कि यह प्रसंग हमें जीवन की कठिन परिस्थितियों में भगवान की शरण में जाने का महत्व समझाता है। उन्होंने इसे मानव जीवन की चुनौतियों और उनके समाधान की दृष्टि से प्रेरणादायक बताया। भक्तों ने कथा के बीच प्रस्तुत भजनों पर झूमकर भक्ति का आनंद लिया। भजन 'झलक दिखलाये वो, दीवाना बनाये वो' और 'बाकी बिहारी के बोल' पर श्रद्धालुओं की भावनाएं उमड़ पड़ीं। कथा में उमड़े श्रद्धालुओं ने भक्ति और आध्यात्म का गहरा अनुभव किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि भागवत कथा से आध्यात्मिक शांति और सद्गुणों का प्रसार होता है। मौके पर समिति के संरक्षक विजय तिवारी, मीडिया प्रभारी नितेश तिवारी, रूपेश तिवारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डीएमओ ने कोयला लदे हाइवा को जब्त किया

बालूमाथ। लातेहार जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने कोयला लदे हाइवा को जब्त किया है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन के मामले में कार्रवाई करते हुए बालूमाथ में कोयला लदे हाइवा को जब्त किया गया है। उक्त गाड़ी तुबेद कोल माइंस से कोयला लेकर बालूमाथ कुशमाही साइडिंग जा रही थी। इस दौरान वाहन जांच अभियान चलाकर गाड़ी को पकड़ा गया है। हाइवा में लदे खनिज का कागजात जांच करने पर डीएमओ चालान फेल था, जो अवैध मानते हुए हाइवा को जब्त कर लिया गया। बालूमाथ मकईयाटांड़ पुलिस पीकेट पर गाड़ी को खड़ा करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन, भंडारण व परिवहन किसी भी परस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अगर इस तरह का प्रयास किया जाता है तो जिला खनन विभाग पूरी मुस्तैदी से उसे नाकाम करेगी। जिला खनन पदाधिकारी की कार्रवाई में जिला खनन पदाधिकारी मो. नदीम सैफी के साथ खान निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार आदि शामिल थे।

वार्ड नंबर 7 में शहरी सुविधाओं की झलक पर अतिक्रमण और लापरवाही बनी समस्या

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 7 शहरी स्वरूप की झलक दिखाता है। यहां अधिकतर गलियों में पीसीसी और टेवर ब्लॉक से बने रास्ते हैं। हालांकि, सड़क पर अतिक्रमण और निर्माण कार्यों में लापरवाही के कारण वार्ड की समस्याएं उजागर हो रही हैं।

सड़कें संकरी, नालियों का निर्माण अनियमित

सड़कों पर अतिक्रमण के चलते गलियां संकरी हो गई हैं, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं। नगर निगम द्वारा नालियों का निर्माण कराया गया है, लेकिन संवेदक की लापरवाही और देखरेख के अभाव में नालियां बेतरतीब बनी हैं। इस वजह से सड़कों को भी नुकसान पहुंचा है।

सफाई और बिजली व्यवस्था

नगर निगम का कचरा इकट्ठा करने वाला वाहन प्रतिदिन आता है, लेकिन सफाई कर्मियों की कमी महसूस की जा रही है। वार्ड के अधिकतर बिजली पोल पर स्ट्रीट लाइट लगी हैं और अच्छी स्थिति में हैं। हालांकि, कई स्थानों पर खुले तारों से दुर्घटनाओं का खतरा बना

जनसंख्या और विकास की स्थिति

2018 में वार्ड नंबर 7 की आबादी लगभग 4400 थी, जो अब बढ़कर 5500 के करीब हो गई है। वार्ड के उत्तर में नहर, दक्षिण में पीसीसी पथ शिव मंदिर, पूर्व में बारालोटा पीसीसी पथ से पांकी रोड पेट्रोल पंप होते हुए शिव मंदिर, और पश्चिम में भीम तिवारी के घर से सुरेश सिंह चौक तक सीमित है। वार्ड में अधिकतर मकान पक्के हैं, जिससे कच्चे आवासों की संख्या कम है। प्रधानमंत्री आवास योजना और वृद्धा व विधवा पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ अधिकांश लोगों तक पहुंचा है।

पार्षद का दावा

वार्ड पार्षद राजीव शुक्ला उर्फ गोल्डी शुक्ला ने कहा कि उन्होंने जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। उनके कार्यकाल में हर गली में सड़क और नाली निर्माण का काम हुआ। आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर वह आशान्वित हैं। हालांकि, वार्डवासियों का कहना है कि समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों में गुणवत्ता की ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

वार्ड नंबर 7 के जनता की राय

चंदन तिवारी ने बताया कि पार्षद कार्यकाल के दौरान सुविधाएं मिलीं, लेकिन फिलहाल इनमें कमी हो गई है। हेमंत कुमार ने कहा कि नए नाली निर्माण से सड़क की स्थिति खराब हो गई है। संवेदक ने काम अधूरा छोड़ दिया है। अंकिता कुमारी ने बिजली के खुले तारों को दुर्घटनाओं के लिए खतरनाक बताते हुए नगर निगम और बिजली विभाग से इसे दुरुस्त करने की मांग की। प्रेमतोष पांडेय ने कहा कि जरूरतमंदों को सरकारी सुविधाएं काफी हद तक उपलब्ध कराई गई हैं।

अयोग्य राशन कार्डधारियों से 20 तक कार्ड सरेंडर करने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने आर्थिक रूप से संपन्न राशन कार्डधारकों से 20 दिसंबर तक अपना कार्ड आपूर्ति विभाग के समक्ष स्वेच्छा से सरेंडर करने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और वसूली की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि जिले में कई सक्षम परिवार ऐसे हैं जो राशन कार्ड का अनुचित लाभ उठा रहे हैं, जिससे जरूरतमंद परिवार योजना से वंचित हो रहे हैं। जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत कुल 18,28,926 सदस्यों को आच्छादित करने का लक्ष्य है। वर्तमान में सभी लाभुक शामिल हैं, लेकिन नए योग्य आवेदकों का नाम जोड़ने में दिक्कत हो रही है।सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के तहत, अपात्र राशन कार्डधारकों को अपना कार्ड सरेंडर करना अनिवार्य है। उपायुक्त ने ऐसे लाभुकों से प्रपत्र-10 जी के माध्यम से संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन जमा करने की अपील की।

20 दिसंबर के बाद कार्रवाई : यदि अयोग्य कार्डधारक तय समय तक कार्ड सरेंडर नहीं करते, तो जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2024 की धारा 7(11) और 7(111) के तहत कार्रवाई की जाएगी। राशन की तिथि से बाजार दर पर 12% वार्षिक ब्याज सहित वसूली। पूर्वयदि लाभुक केंद्र/राज्य सरकार या स्वायत्त निकायों में कार्यरत हैं, तो विभागीय कार्रवाई भी होगी।

इसके अलावा दोषी पाए जाने पर 15 दिनों के भीतर नियमानुसार निष्पादन किया जाएगा।

उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि निगरानी सतर्कता समिति की बैठक आयोजित कर अयोग्य कार्डधारकों से 20 दिसंबर तक कार्ड सरेंडर सुनिश्चित करें। इसके बाद, 25 दिसंबर तक अपात्र लाभुकों की सूची पंचायत मुखिया की अनुशंसा के साथ तैयार कर डिलिशन के लिए प्रखंड कार्यालय में जमा कराएं।

ग्रामीण ऑटो पर रोक : शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने का प्रयास

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर में जाम की समस्या से निजात पाने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए नगर आयुक्त के आदेश पर बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ऑटो को पूर्व निर्धारित पड़ाव स्थलों पर रोकने की कार्रवाई शुरू की।

पांकी रोड से आने वाले ऑटो को पोखराहा, छतरपुर से आने वाले ऑटो को बीसफूटा, चैनपुर से आने वाले ऑटो को कोयल नदी पुल, और पाटन से आने वाले ऑटो को अन्य निर्धारित पड़ावों पर रोका गया। इस व्यवस्था का उद्देश्य शहर के मुख्य हिस्सों में ग्रामीण ऑटो के प्रवेश को सीमित कर ट्रैफिक जाम को नियंत्रित करना है।

नियम से यात्रियों और चालकों को हुई परेशानी

इस नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अन्य ऑटो का सहारा लेना पड़ा। कई यात्री नए नियमों से अनभिज्ञ थे, जिससे उन्हें देरी और असुविधा का सामना करना पड़ा। शहर के कई हिस्सों में यात्री और चालक असमंजस की स्थिति में नजर आए। ट्रैफिक पुलिस ने निर्धारित पड़ावों पर जवानों को तैनात किया और ऑटो को सड़कों के किनारे व्यवस्थित रूप से खड़ा किया। हालांकि, इससे संबंधित रूटों पर यात्रियों की भीड़ और यातायात दबाव के कारण अस्थायी जाम की स्थिति बन गई।

आदेश का पालन शुरू, जाम में आई कमी

शहर के मुख्य स्थलों जैसे छह मुहान और अन्य ऑटो स्टैंड्स पर बुधवार को कम संख्या में ही ऑटो नजर आए। इस दौरान कुछ ऑटो चालकों ने अपने वाहनों पर रूट संबंधी स्टिकर भी चिपका लिए।

तीन महीने बाद हुई कार्रवाई

गौरतलब है कि तीन महीने पहले ही इस आदेश को लागू करने का निर्णय लिया गया था। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' अखबार में इस आदेश की अनदेखी और ग्रामीण ऑटो के लगातार शहर में प्रवेश से संबंधित खबर प्रकाशित की गई थी। शहरवासियों ने उम्मीद जताई है कि इस नई व्यवस्था से ट्रैफिक जाम की समस्या में सुधार होगा, हालांकि इसे पूरी तरह प्रभावी बनाने के लिए व्यापक जागरूकता की जरूरत है।

एक सप्ताह के अंदर पुलिस को मिली दूसरी बड़ी सफलता

हाईटेंशन टॉवर काटते पांच अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। लातेहार पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने मंगलवार की देर रात कार्रवाई करते हुए एक संगठित अपराधिक गिरोह को हाईटेंशन टॉवर की कटिंग करते गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने मौके से पिकअप वाहन को भी जब्त किया है। पुलिस ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि चंदवा पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महुआ स्थान पर छापेमारी अभियान चलाकर हाईटेंशन टॉवर का कटिंग करते पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में राहुल ठाकुर (26) पिता मनोज ठाकुर ग्राम रुद थाना चन्दवा, समीर खान (19) पिता इजाबुल खान कुजरी थाना चन्दवा, मंगलदेव उरांव (38) पिता रति उरांव चितरपुर थाना बालूमाथ, फुलदेव उरांव (32) पिता स्व मंगरा उरांव चितरपुर थाना बालूमाथ, संगु भुइयां (37) पिता कुंजू भुइयां डेमटोली थाना चन्दवा सभी लातेहार जिला के निवासी हैं। पुलिस ने मौके से चार पिकअप को जब्त किया है। एक पर 1.5 टन टॉवर का एंगल लोहा लदा था, दूसरे पर 20 पीस ऑक्सीजन सिलेंडर,गैस कट्टर पाईप सहित 7 पीस लदा था। इसके अलावा दो पिकअप भी जब्त किया गया है। पुलिस ने सभी चोरी का मामला दर्ज कर सभी चोर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि एक संगठित गिरोह द्वारा लगातार क्षेत्र में हाईटेंशन टॉवर की कटिंग कर कबाड़ी दुकानों में हाल के कुछ दिनों से बेचा जा रहा था। सभी चोर स्क्रैप और टॉवर का लोहा बेचकर करोड़ों का धन अर्जित कर लिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये सभी चंदवा थाना क्षेत्र से चोरी का लोहा और टॉवर काटकर चंदवा-बालूमाथ-कुडू के कबाड़ खाने में खपाते हैं। बताते चले कि एक सप्ताह पूर्व भी पुलिस ने अभिजीत ग्रुप प्लांट के अंदर टॉवर कटिंग करते चार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। छापेमारी दल में पुअनि श्रवण कुमार सिंह,सअनि अरविन्द कुमार सिंह, सअनि अंजन कुमार राय समेत सैट 44 चंदवा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

शहरी क्षेत्र में ऑटो रोकने के विरोध में चालकों का मशाल जुलूस

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ की पलामू इकाई ने ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम के आदेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए बुधवार शाम मशाल जुलूस निकाला। महासंघ का कहना है कि शहरी क्षेत्र से बाहर ऑटो स्टैंड बनाने का निर्णय ऑटो चालकों के हितों के खिलाफ है। सैकड़ों ऑटो चालकों ने जीएलए कॉलेज से छह मुहान तक मशाल जुलूस निकाला, जो बाद में एक सभा में बदल गया। जुलूस के दौरान ऑटो चालक नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में ऑटो प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध को वापस लेने और पहले बस स्टैंड को शहर के बाहर शिफ्ट करने की मांग कर रहे थे। जुलूस के बीच पहुंचे ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ऑटो चालक नाराज हो गए। समाल अहमद ने बताया कि नगर निगम के पूर्व निर्णय में महासंघ की सहमति थी, और अब इसका विरोध करना समझ से परे है। सभा को संबोधित करते हुए महासंघ के केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश कुमार सिंह ने ट्रैफिक पुलिस पर अन्यायपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की असली वजह बीच शहर में स्थित बस स्टैंड और बढ़ती जनसंख्या है, लेकिन प्रशासन ऑटो चालकों को बलि का बकरा बना रहा है। संघ के जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे ने घोषणा की कि महासंघ के नेतृत्व में ऑटो चालक जिला समाहरणालय में धरना देंगे। इस अवसर पर जयप्रकाश शुक्ला, नागेंद्र गुप्ता, अनुज मिश्रा, संतोष शुक्ला, कुंदन उपाध्याय, गोल्डन खां, राजू अंसारी, लव तिवारी, गौतम पासवान, अजीत कुमार समेत सैकड़ों ऑटो चालक मौजूद थे।

नेतरहाट पार्क में पर्यटकों की नो एंट्री

लोअर घघरी, अपर घघरी भी नैना वॉटरफॉल तक पहुंच मार्ग बाधित, निराश लौट रहे पर्यटक

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। नेतरहाट राज्य और देश भर में अपने खूबसूरत प्राकृतिक वादियों के लिए प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नेतरहाट इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक घूमने आते हैं, जिनमें झारखंड के अलावा देश के विभिन्न राज्यों, विदेश तक के पर्यटक शामिल है, लेकिन जिस उत्साह के साथ पर्यटक यहां घूमने आ रहे हैं, कई जगहों पर प्रवेश वर्जित होने की वजह से पर्यटकों में निराशा देखी जा रही है। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर इन खूबसूरत प्राकृतिक वादियों को और भी संवारने का काम किया जा रहा है, जिसके लिए कई पार्क बनाए गए हैं। पर्यटकों के मनोरंजन के लिए बोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। डेढ़ वर्षों के बाद भी इनका टेंडर नहीं होने से सभी पार्क व बोटिंग सुविधा बंद है।

कोयल व्यू प्वाइंट समेत कई पार्कों में पर्यटकों की नो एंट्री

नेतरहाट में सूर्योदय व सूर्यास्त के मनमोहक नजारों के अलावा कोयल व्यू प्वाइंट पर प्राकृतिक अद्भुत नजारा भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बिंदु है। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर पार्क का निर्माण कराया गया है, जिससे इसे और भी खूबसूरत बनाता है, लेकिन इसके निर्माण पूर्ण हुए एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह बंद है। यहां पर्यटकों की नो एंट्री है। इस पार्क के निर्माण से पूर्व यह पर्यटकों की काफी भीड़ होती थी। दोनों ओर से चिड़ वनों से घिरे इस पॉइंट पर ऊंचाई से प्राकृतिक वादियों के नजरों का लुफ्त पर्यटक उठाते थे। खूबसूरत वादियों के बीच सफेद चांदी सा कोयल नदी ऐसा प्रतीत होता है, जैसे प्रकृति ने कोई सिंगार किया हो। पर्यटकों का कहना है कि यहां काफी खूबसूरत सेल्फी व फोटोशूट लिए जा सकते हैं, क्योंकि यहां लिए गए फोटो में बहुत ही सुंदर व आकर्षक व्यू मिलता है।

लेक व्यू नौका विहार पार्क पर मेन गेट बंद



लेक व्यू प्वाइंट पार्क के मेंन गेट पर पार्क बंद है का बोर्ड लगा दिया गया है। हालांकि तालाब में लेक व्यू नौका बिहार पर पैडल बोट के अलावा बैटरी मोटर से संचालित बोट लगाए गए हैं। जिनका भी संचालन बिना टेंडर के कराया जा रहा है। जिसमें स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड का रसीद काटते हुए एक बोट के लिए 300 से 500 रूपए पर्यटकों से लिया जा रहा है। इस संबंध में स्वावलंबी सहकारी समिति के अध्यक्ष अमन उरांव ने बताया कि यहां पर्यटकों को नौका विहार करने के लिए तीन लोगों को ट्रेनिंग देखकर नियुक्ति पत्र भी दिया गया था, लेकिन डेढ़ वर्षो से हम लोगों का वेतन नहीं मिला। इस कारण जीवकोपार्जन के लिए भी भारी मुसीबत हो रही थी। विभाग से बात करने पर मौखिक रूप से यहां बोटिंग कराने का आदेश मिला है। जिस पर एक दर निर्धारित करते हुए नौका विहार कराया जा रहा है, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को बैरंग वापस न लौटना पड़े और हमें भी इससे परिवार चलाने के लिए आर्थिक मदद मिल पा रही है। यहां जो भी आमदनी होती है उसमें से 1000 प्रतिमाह विभाग को भी दिया जाता है। पार्क बनाए जाने के बाद यहां बोट की व्यवस्था किए डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी जीटीडीसी द्वारा अभी तक टेंडर नहीं कराया गया। सूर्योदय पॉइंट के समीप बना पार्क जिसे इको विकास समिति को संचालन करने के लिए दिया गया था, वह भी बंद पड़ा है। विभागीय उदासीनता के कारण नेतरहाट में पर्यटन को बढ़ावा देने की सरकार की योजना पर सवाल खड़े हो रहे है। वहीं इन सभी पार्कों पर टेंडर नहीं होने से सरकार को भी नुकसान हो रहा है। नेतरहाट आने पर पर्यटक यहां की सुंदर झरनों और प्राकृतिक नजारों का लुफ्त उठाने लोअर घघरी अपर घघरी एवं नैना वॉटरफॉल जाना भी खूब पसंद करते हैं। लेकिन लोअर घघरी, अपर घघरी जाने वाले मार्ग पर वन विभाग द्वारा बैरियर लगाकर पर्यटकों की एंट्री बंद कर दी गई है। नैना वॉटरफॉल तक पहुंच मार्ग काफी जर्जर है, जहां तक पहुंचने में पर्यटकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस सड़क पर कई वाहन फंसे नजर आ सकते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि आने वाले समय में नेतरहाट में पर्यटकों की संख्या में काफी कमी आ सकती है।

पेज एक के शेष

जेपीएससी अध्यक्ष की...

एक बेहतर स्टेट होने के नाते झारखंड में जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरे जाने की उम्मीद की जा रही है। कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी के कैलेंडर के तहत अगस्त माह में साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी हो जानी थी। जेपीएससी के अध्यक्ष के पद रिक्त होने से कई अभ्यर्थियों को उम्र सीमा के नुकसान होने एवं उनके करियर पर असर पड़ने की भी संभावना है। झारखंड में नई सरकार का गठन हो चुका है। कैबिनेट की बैठक भी हो रही है और सदन की कार्रवाई भी चल रही है। इसके अलावा, संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। ऐसे में जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर क्यों अब तक नियुक्ति नहीं हो रही है? सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए उचित कार्रवाई कर रही है। ऐसे में जेपीएससी अध्यक्ष का रिक्त पद जैसे ही भरा जाएगा, नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई तत्काल शुरू हो जाएगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा।

ये लोग बच्चे हैं...

यह संगठन भारत की संसद को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी कोई विदेशी रिपोर्ट सामने आती है, तो कांग्रेस पार्टी और विपक्षी नेता तुरंत उसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा था कि ये लोग घृणा के शिकार हैं और प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विदेशी समर्थन से उसे अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं।

पांच हजार से अधिक आचार्यों ने किया सामूहिक पाठ

भोपाल में बना गीता पाठ का वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी

भोपाल । राजधानी भोपाल में बुधवार को गीता जयंती पर विश्व रिकॉर्ड बना। भोपाल के मोतीलाल स्टेडियम में 5 हजार आचार्यों और प्रतिभागियों द्वारा गीता का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव, राज्य के मंत्री, विधायक और अधिकारी भी मौजूद रहे। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में पहली बार 5 हजार से अधिक आचार्यों ने गीता के तीसरे अध्याय 'कर्म योग' का सस्वर पाठ किया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एजुकेटर विश्वनाथ ने विश्व रिकार्ड की घोषणा की, जिसके बाद मुख्यमंत्री यादव को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट सौंपा गया। पर्यटन केंद्रों पर श्रीमद्भगवद्गीता रखे जाने की भी घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में ही मुख्यमंत्री ने जनकल्याण पर्व का भी शुभारंभ किया।

वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के लिए ग्राउंड पर पाठ करने आए हर आचार्य और प्रतिभागी को हाथ में एक बैंड पहनाया गया था। इस बैंड में एक क्यूआर कोड है उसी क्यूआर से पाठ करने वाले प्रतिभागियों की काउंटिंग हुई। इस गीता पाठ में बड़ी संख्या में बच्चे और मुस्लिम महिलाएं भी शामिल हुई हैं। कार्यक्रम में गुना के श्री परशुराम संस्कृत वेद विद्या गुरुकुल कुंभराज से 40 बटुक शामिल हुए। इन बटुकों को गीता के 18वें अध्याय के 70 श्लोक कंठस्थ हैं। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म से लेकर मृत्यु तक अपनी लीलाओं और आदर्शों के माध्यम से समूचे समाज को प्रेरणा दी है। उनके जीवन और पवित्र धर्मग्रंथ गीता की शिक्षा से प्रदेशवासियों के जीवन को आलोकित करने और सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए गीता जयंती पर बड़े स्तर पर गीता पाठ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'जनकल्याण पर्व' और 'मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान' के शुभारंभ अवसर पर सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1.28 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपये की राशि ट्रांसफर की, साथ ही 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को भी 334 करोड़ भी अंतरण किए गए।

05 हजार से अधिक आचार्यों ने **'कर्म योग'** का सस्वर पाठ किया

इंद्र के दरबार का लघु रूप देख रहा हूं : मोहन यादव

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हमने इंद्र का दरबार नहीं देखा, लेकिन आज उसका लघु रूप यहां दिखाई दे रहा है। पांच हजार साल पहले जो रिकार्ड बना था, उस समय गिनीज बुक नहीं होगी, लेकिन उस समय भगवान के मुखारबिंद से निकले एक-एक शब्द लिपिबद्ध हुए थे। आज मध्य प्रदेश नहीं, दुनिया के अंदर भगवान के मुंह से निकले गीता के पाठ का रिकार्ड बना है। आने वाले समय में इससे बड़ा कार्यक्रम कोई ओर करे, तो हम आनंद में डूबेंगे।

जयपुर में मुख्यमंत्री के काफिले से भिड़ी कार कई पुलिसकर्मी घायल

- स्वयं अस्पताल लेकर पहुंचे सीएम भजन लाल

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के काफिले से एक कार टकरा गई। इस हादसे में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। मुख्यमंत्री घायलों को लेकर खुद अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि ये हादसा एनआरआई सर्किल के पास हुआ है। हालांकि, हादसा कैसे हुआ अभी इसकी प्रामाणिक जानकारी सामने नहीं आई है। सीएम भजन लाल शर्मा उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

ढाका में 17 जुलाई से खड़ी ट्रेन 'मिताली एक्सप्रेस' भारत लौटी

ढाका (हि.स.)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका और भारत के न्यू जलपाईगुड़ी को जोड़ने वाली मिताली एक्सप्रेस लगभग पांच महीने बाद भारत लौट गई। पश्चिम रेलवे के सूत्रों के अनुसार, कड़े सुरक्षा उपायों के बीच ट्रेन ने बुधवार सुबह चिल्हाटी-हल्दीबाड़ी सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश किया। इसे बांग्लादेश के रेल के इंजन की सहायता से भारत भेजा गया। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, यह ट्रेन (संख्या 13132/31) न्यू जलपाईगुड़ी से 17 जुलाई को ढाका पहुंची थी। बांग्लादेश में भेदभाव-विरोधी छात्र आंदोलन के कारण तब से ढाका में ही खड़ी रही।

अल्पकालिक मार्शल लॉ की जांच के सर्च वारंट में येओल 'मुख्य संदिग्ध'

सियोल (हि.स.)। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी के 18 अफसरों की जांच टीम आज सुबह राष्ट्रपति कार्यालय पहुंची। राष्ट्रपति कार्यालय के सुरक्षा अधिकारियों ने पुलिस टीम को रोकने की कोशिश की। राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी राष्ट्रपति यून सुक येओल के मार्शल लॉ लगाने की घोषणा के पीछे की पृष्ठभूमि को जानने की कोशिश कर रही है। दो कोरिया टाइम्स समाचार पत्र की वेबसाइट में यह जानकारी दी गई। खबर के अनुसार, राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी ने इस संबंध में साक्ष्य जुटाने की कोशिश की। एजेंसी के अधिकारी बाकायदा सर्च वारंट लेकर पहुंचे पर वहां के सुरक्षाकर्मियों ने उनका रास्ता रोकने की कोशिश की। सर्च वारंट में यून को मुख्य संदिग्ध और विद्रोही नेता के रूप में वर्णित किया गया।

यूरोपीय संघ ने सीरिया को दी चेतावनी

ब्रुसेल्स (हि.स.)। यूरोपीय संघ ने सीरिया के लोगों को चेतावनी दी है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास ने कहा कि अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन के पतन के बाद सीरिया को जबरदस्त चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अरबी न्यूज वेबसाइट '+963' के अनुसार, मंगलवार को यूरोपीय संघ की बैठक में सीरिया की बदली हुई परिस्थितियों पर चर्चा की गई। यह बैठक मुख्यालय (बलेर्मोट बिल्डिंग) में हुई। काजा कैलास ने कहा, हम सीरियाई लोगों से अपील करते हैं कि वे इराक, लीबिया और अफगानिस्तान में हुए भयानक परिदृश्यों को न दोहराएं। आज हम एक ऐतिहासिक घटना का सामना कर रहे हैं और हमें सीरियाई लोगों को शासन से मुक्ति के लिए बधाई देनी चाहिए, लेकिन यह परिवर्तन सीरिया और क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौतियों का भी प्रतिनिधित्व करता है। काजा ने अल्पसंख्यकों सहित सभी सीरियाई लोगों के अधिकारों की रक्षा करने और सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता को संरक्षित करने का आह्वान करते हुए कहा, यूरोपीय संघ की धार्मिक समूहों के बीच हिंसा, उग्रवाद की वापसी और राजनीतिक शून्यता पर चिंताएं वाजिब हैं।

पीएम ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से किया संवाद, बोले

युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद में कहा कि आज का भारत सबके प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवा इनोवेटर के पास 21वीं सदी के भारत को देखने का अलग नजरिया है, इसलिए आपके समाधान भी अलग होते हैं। ऐसे में जब आपको नई चुनौतियां मिलती हैं, तो उनके नए और अनोखे समाधान खोजकर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि वह पहले भी हैकथॉन में भाग ले चुके हैं और युवा इनोवेटर्स ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। उन्होंने मनोबल बढ़ाया है।

मोदी ने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए लगातार नए-नए समाधानों की जरूरत होती है। इनोवेटर्स की टीम के समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने साइबर सुरक्षा को लेकर कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है। हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है, ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, इसलिए जिस समाधान पर आप काम कर रहे हैं, ये भारत के फ्यूचर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि ड्रोन आजकल रिमोट एरिया में दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसके विपरीत देश के दुश्मन, भारत में हथियारों और ड्रग्स के तस्करी में ड्रोन का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि सभी युवा इनोवटर्स ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में स्टार्टअप की संख्या सैकड़ों में होती थी, वह आज डेढ़ लाख तक पहुंच गई है। यूनिकॉर्न हमारे देश में बन रहा है। देश के सभी केंद्र शासित प्रदेशों के 10 हजार से अधिक विद्यार्थी इस फिनाले में हिस्सा ले रहे हैं। हैकाथॉन में 51 केंद्रों से 1300 विद्यार्थियों की टीम हिस्सा ले रही हैं।

बोले प्रधानमंत्री

- हर बच्चा खास होता है, उसे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए
- भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है

पीएम ने कवि सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का किया विमोचन

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर महान तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन किया। उनके संपूर्ण कार्यों का 23 खंडों का संग्रह सीनी विश्वनाथन द्वारा संकलित और संपादित किया गया है और एलायंस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसमें सुब्रमण्य भारती के लेखन के संस्करणों, स्पष्टीकरणों, दस्तावेजों, पृष्ठभूमि की जानकारी और दार्शनिक प्रस्तुति आदि का विवरण शामिल है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती की रचनाओं के संकलन का विमोचन करते हुए वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत और प्रत्येक व्यक्ति के सशक्तीकरण के लिए सुब्रमण्य भारती का दृष्टिकोण पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संग्रह शोधार्थियों के लिए बहुत मददगार साबित होगा। सुब्रमण्य भारती की 'गीता' में गहरी आस्था थी। उन्हें 'गीता' की गहरी समझ थी। उन्होंने 'गीता' का तमिल भाषा में अनुवाद किया और इसे सरल तरीके से समझाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में शब्दों को केवल अभिव्यक्ति ही नहीं माना गया है। हम उस संस्कृति का हिस्सा हैं, जो 'शब्द ब्रह्म' की बात करती है, शब्द के असीम सामर्थ्य की बात करती है। उन्होंने कहा कि आज देश महाकवि सुब्रमण्य भारती की जयंती मना रहा है। आज भारत की संस्कृति और साहित्य के लिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों के लिए और तमिलनाडु के गौरव के लिए बहुत बड़ा अवसर है। महाकवि सुब्रमण्य भारती के कार्यों का, उनकी रचनाओं का प्रकाशन एक बहुत बड़ा सेवायज्ञ और बहुत बड़ी साधना है और आज उसकी पूणार्हुति हो रही है।

इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है : गडकरी

- केंद्रीय मंत्री ने कॉनएक्सपो इंडिया 2024 का किया उद्घाटन

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा (हि.स.)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को इंडिया एक्सपो सेंटर में निर्माण प्रदर्शनी बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गडकरी ने कहा कि आज इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत में कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में जिन मशीनों का निर्माण किया जा रहा है, उन्हें अमेरिका भी मंगवा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 39 एक्सप्रेस-वे के प्रोजेक्ट प्रॉसेस में हैं। मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने वाला है। केंद्र सरकार कश्मीर टू कन्याकुमारी तक एक्सप्रेस-वे की योजना पर काम कर रही है। बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया-2024 का आयोजन 11-14 दिसंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में किया जा रहा है। चार दिवसीय प्रदर्शनी में करीब 100 देशों के एक हजार से अधिक ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 75 हजार आगंतुकों के आने की संभावना है। प्रदर्शनी का विषय 'विकसित भारत' है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को इसका चेहरा बनाया गया है। प्रदर्शनी के आयोजक मेस्से मुएनचेन इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भूपिंदर सिंह ने कहा कि हमारा मकसद एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जो वैश्विक नवाचार को भारत की अद्वितीय क्षमताओं के साथ जोड़े तथा सहयोग एवं विकास को बढ़ावा दे।



सुखबीर बादल ने मुक्तसर साहिब में की सेवा, बर्तन किए साफ

चंडीगढ़ (हि.स.)। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह के आदेशों के बाद धार्मिक सजा भुगत रहे शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल बुधवार को मुक्तसर साहिब के गुरुद्वारा श्री टूटी गंढी साहिब पहुंचे। यहां वह दो दिन अपनी धार्मिक सजा भुगतेंगे। बुधवार को सुखबीर बादल नीले रंग का चोला पहनकर पहले गुरुद्वारा साहिब के मुख्य गेट पर चौकीदार बनकर बैठे। इसके बाद उन्होंने एक घंटे कीर्तन सुना और तत्पश्चात बर्तन साफ करने की सेवा निभाई।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगी एक्शन टेकन रिपोर्ट

मैनुअल सीवर सफाई खत्म करने का मामला

एजेंसी

नई दिल्ली (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह देश भर में मैनुअल सीवर सफाई पूरी तरह खत्म करने के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट दाखिल करे। जस्टिस सुधांशु धुलिया की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार से कहा कि वह सभी संबंधित पक्षों के साथ सेंट्रल मॉनीटरिंग कमेटी की दो हफ्ते के अंदर बैठक करे।

कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में तकनीक के विकास पर गौर करते हुए दिशा-निर्देश जारी किए थे। अब ये पूर्ण रूप से संभव है कि सीवर की मैनुअल सफाई पूरे तरीके से खत्म करके सीवर की सफाई में लगे मजदूरों का पुनर्वास किया जाए।

सुनवाई के दौरान कोर्ट की ओर से नियुक्त एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने कहा कि 2024 में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान 40 मौतें हुई हैं, लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर बनी अधिकतर कमेटियों का गठन नहीं हुआ है और इस प्रकार कानून का पालन ही नहीं हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट ने 20 अक्टूबर, 2023 को सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा था कि सीवर सफाई के दौरान मौत होने पर परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। इसके अलावा, सीवर सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये का भुगतान करना होगा। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र और राज्य सरकारें ये सुनिश्चित करें कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह से खत्म हो जाए। कोर्ट ने कहा था कि सरकारी एजेंसियों को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और हाईकोर्ट को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी से नहीं रोका जाए।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर यादव के विरुद्ध महाभियोग लाएगा विपक्ष

अलग-अलग पार्टियों के 36 सांसदों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं

ब्यूरो

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में जाकर वहां बहुसंख्यकों के हिसाब से देश चलने वाला भाषण देने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर कुमार यादव के विरुद्ध विपक्ष ने महाभियोग लाने की तैयारी शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर पहले ही स्वतः संज्ञान लिया है और उनके बारे में इलाहाबाद हाईकोर्ट से डिटेल मांगा है। अब संसद में विपक्ष ने महाभियोग प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस देने की मुहिम शुरू कर दी है। इसके लिए सांसदों के हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा कि शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। कई सांसदों ने तो इसके लिए मुहिम भी शुरू दी है। राज्यसभा सदस्य व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल द्वारा शुरू की गई याचिका पर अलग-अलग पार्टियों से 36 विपक्षी सांसदों ने पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं। विपक्ष कई और सांसदों के भी संपर्क में है। जिन लोगों ने अभी तक इस मुहिम में हस्ताक्षर किए हैं, उनमें कांग्रेस के दिग्विजय सिंह, जयराम रमेश व विवेक तन्खा, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले और सागरिका घोष, राजद के मनोज कुमार झा, समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान, सीपीआई (एम) के जॉन ब्रिटास शामिल हैं। वहीं, सीपीआई के संदोष कुमार भी शामिल हैं। नोटिस में संविधान के अनुच्छेद 124(4) और 124(5) के साथ न्यायाधीश (जांच) अधिनियम की धारा 3(1)(बी) के तहत न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है।

क्या है महाभियोग की प्रक्रिया

मालूम हो कि न्यायाधीश जांच अधिनियम, 1968 के अनुसार, यदि किसी न्यायाधीश के विरुद्ध शिकायत लोकसभा में पेश की जाती है, तो उसे कम से कम 100 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव के माध्यम से पेश किया जाना चाहिए। और, यदि राज्यसभा में पेश की जाती है, तो 50 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव के माध्यम से पेश किया जाना चाहिए। एक बार जब सांसद प्रस्ताव पेश करते हैं, तो सदन का पीठासीन अधिकारी इसे स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है। यदि स्वीकार किया जाता है, तो शिकायत की जांच करने और यह निर्धारित करने के लिए दो न्यायाधीशों और एक न्यायविद वाली तीन सदस्यीय समिति गठित की जाती है कि क्या यह महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने के लिए उपयुक्त मामला है। समिति में सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं। यदि शिकायत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के विरुद्ध है, या यदि शिकायत सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश के विरुद्ध है, तो सर्वोच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश शामिल होते हैं। संविधान के अनुच्छेद 124 (4) में कहा गया है कि महाभियोग के प्रस्ताव को उस सदन की कुल सदस्यता के बहुमत और सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई बहुमत द्वारा समर्थित होना चाहिए, लोकसभा और राज्यसभा दोनों में।

महाभियोग के बाद क्या होता है : किसी भी जज के विरुद्ध महाभियोग पास होने के बाद राष्ट्रपति की ओर से उस जज को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। यह प्रक्रिया संवैधानिक कार्रवाई होती है। इसके बाद कोई भी जज सरकारी सेवा नहीं ले सकता है। महाभियोग में कोई आपराधिक मामला भी शामिल होता है। हालांकि, इस प्रक्रिया के बाद भी आपराधिक मामले की जांच सामान्य रूप से चलती रहेगी। बता दें कि कोलकाता हाईकोर्ट के जज सौमित्र सेन के खिलाफ पैसों को लेकर ये प्रस्ताव आया, लेकिन उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया।

शेखर यादव ने क्या बयान दिया था : समान नागरिक संहिता पर आयोजित एक कार्यक्रम में जस्टिस शेखर यादव गए थे । उसमें उन्होंने कहा था कि भारत बहुसंख्यक आबादी की इच्छा के अनुसार काम करेगा। जस्टिस यादव ने कहा कि मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि यह हिंदुस्तान है और यह देश यहां रहने वाले बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार चलेगा।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में ग्रामीणों का सशक्तीकरण महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में सतत और समावेशी विकास के विषयों में उनके अनुकरणीय योगदान को मान्यता देते हुए विभिन्न श्रेणियों में चुने गए 45 पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की लगभग 64 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। इसलिए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों और ग्रामीणों का विकास और सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पिछले एक दशक में सरकार ने पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए गंभीर प्रयास किए हैं, जिसका उद्देश्य ठोस परिणाम प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और सक्षम स्थानीय निकायों के आधार पर ही विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। पंचायतों को अपने राजस्व के स्रोत विकसित करके आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। यह आत्मनिर्भरता ग्राम सभाओं को आत्मविश्वास और देश को ताकत देगी। राष्ट्रपति ने 'राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार' के सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उनके समर्पण और प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मान उन्हें और भी बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और अन्य ग्राम पंचायतों को भी गांव के विकास के लिए सार्थक प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बना रही हैं। यह खुशी की बात है कि महिला प्रतिनिधि जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने उनसे पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्भीकता और पूरी दक्षता के साथ निर्वहन करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महिला पंचायत प्रतिनिधियों के परिवार के सदस्यों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रवृत्ति अभी भी कुछ स्थानों पर मौजूद है। उन्होंने महिला प्रतिनिधियों से कहा कि वे ऐसी प्रथाओं को खत्म करें और खुद को स्वतंत्र नेता के रूप में स्थापित करें।

राष्ट्रपति ने कहा कि चुनाव जनप्रतिनिधियों को जनता के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि पंचायत चुनाव समय पर और निष्पक्ष तरीके से हों। उन्होंने चुनाव के दौरान और उसके बाद भी चुनावी हिंसा की घटनाओं की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया हमेशा सौहार्द्रपूर्ण माहौल में होनी चाहिए। यह याद रखना चाहिए कि गांव के लोग अपने बीच से ही अपने हित के लिए अपने प्रतिनिधि चुन रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जवाबदेह बनाना तथा प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने प्रतिनिधियों को बड़े विश्वास के साथ चुनते हैं। इसलिए निर्वाचित प्रतिनिधियों का यह कर्तव्य है कि वे अपने आचरण और कार्यों के माध्यम से इस विश्वास को बनाए रखें।

द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

डीआरआई ने मुंबई एयरपोर्ट पर 12.5 किलो सोना बरामद किया, 6 गिरफ्तार

- पिछले दो दिनों में मुंबई एयरपोर्ट पर 36 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया गया है।

एजेंसी

मुंबई (हि.स.)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार की रात तस्करी का 12.5 किलोग्राम सोना बरामद किया है। बरामद सोने की कीमत 9.95 करोड़ रुपये आंकी गई है। पिछले दो दिनों में मुंबई एयरपोर्ट पर 36 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया गया है।

साथ ही, छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन मामलों की गहन छानबीन जारी है। इस कार्रवाई में पता चला कि एयरपोर्ट के फूड कोर्ट में कार्यरत तीन कर्मचारी तस्करी के सोने को एयरपोर्ट से सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास कर रहे थे। डीआरआई की टीम ने इन तीन कर्मचारियों के साथ विदेश से आए दो यात्रियों को और एक रिसीवर को गिरफ्तार कर लिया है।